


वाराणसी, बुधवार, 15 फरवरी, 2023

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 12, अंक 10, पृष्ठ 16, मूल्यः 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - गफिराक गोरखपुरी होने के मायने

अन्दर : दूसरे टेस्ट से भी बाहर हुए श्रेयस अय्यर




# बीबीसी पर आईटी का छापा

## कार्रवाई को लेकर वार-पलटवार की सियासत शुरू

नई दिल्ली। बीबीसी के दिल्ली और मुंबई ऑफिस पर आयकर विभाग (आईटी) ने मंगलवार को छापा मारा है। एक्शन के दौरान स्टाफ के फोन बंद करा दिए गए हैं। साथ ही किसी को परिसर में आने-जाने से रोक दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि बीबीसी के दिल्ली स्थित दफ्तर में आयकर विभाग सर्वे कर रहा है। बीबीसी का दफ्तर केजी मार्ग पर है।

बीबीसी द्वारा दो-भाग वाले वृत्तचित्र इंडियाः द मोदी क्वेश्चन को प्रसारित करने के कुछ सप्ताह बाद यह औचक कार्रवाई हुई। बीबीसी ने 2002 में हुए गोधरा दंगों पर डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। डॉक्यूमेंट्री में दंगों के दौरान तत्कालीन गुजरात सरकार पर दंगों को रोकने के लिए सही समय पर अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया गया था।

वहीं यह पता चला है कि यह कार्रवाई मुंबई में आयकर विभाग के महानिदेशक द्वारा बीबीसी के तीन परिसरों में शुरू की गई थी।

अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों में आयकर अधिकारियों के पहुंचने के साथ ही सुबह 11 बजे अचानक से यह कार्रवाई शुरू हुई। उन्होंने कहा कि बीबीसी के कर्मचारियों को परिसर के अंदर एक विशेष स्थान पर अपने फोन रखने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि विभाग, लंदन मुख्यालय वाले सार्वजनिक प्रसारक और उसकी भारतीय शाखा के कारोबारी संचालन से जुड़े दस्तावेजों पर गौर कर रहा है। सूत्रों ने संकेत दिया कि जांच बीबीसी सहायक कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय कराधान के मुद्दों से जुड़ी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आईटी अधिकारी कर चोरी की जांच के सिलसिले में तलाशी ले रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के बिजनेस ऑपरेशन्स से जुड़े कागजातों की जांच की जा रही है। खबर फैलते ही मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित बीबीसी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में राहगीरों और मीडिया कर्मियों को देखा गया। मुंबई में बीबीसी का कार्यालय सांताक्रूज में है। सर्वे के तहत, आयकर विभाग केवल कंपनी के व्यावसायिक परिसर की ही जांच करता है और इसके प्रवर्तकों या निदेशकों के आवासों और अन्य स्थानों पर छापा नहीं मारता है।

वहीं बीबीसी के दफ्तरों पर आयकर विभाग (आईटी) के तलाशी के मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और बीबीसी पर हमलावर है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस को ये याद रखना चाहिए कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बीबीसी पर प्रतिबंध लगाया था। बीबीसी का प्रोपेगेंडा और कांग्रेस का एजेंडा साथ-साथ चलते हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि बीबीसी दुनिया का सबसे बकवास और भ्रष्ट कॉरपोरेशन है। बीबीसी पर उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि कुछ वर्ग विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद को पचा नहीं पा रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है और कुछ तबकों को यह रास नहीं आ रहा है। बीबीसी को भारत में पत्रकारिता करने का पूरा अधिकार है, लेकिन उन्हें देश के कानून का पालन करना होगा। गौरव भाटिया ने कहा कि आयकर विभाग ने कानून के तहत ही बीबीसी के दफ्तर पर तलाशी ली है।

आईटी विभाग अब पिंजरे का तोता नहीं है, जैसा सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस शासन के दौरान सरकारी संस्थानों के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से मेरा सवाल है कि जब तलाशी किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है तो वह किस आधार पर राष्ट्र-विरोधी ताकतों के साथ खड़े हैं? वे रिपोर्ट आने तक धैर्य के साथ इंतजार क्यों नहीं कर सकते? क्यों कांग्रेस हमेशा चीन, बीबीसी और यहां तक कि आतंकवादियों के साथ खड़ी रहती है? उधर, आईटी की कार्रवाई पर बीबीसी ने प्रतिक्रिया दी है। बीबीसी ने कहा कि वह भारत के आयकर अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा है। बीबीसी ने ट्वीट कर कहा कि हमें उम्मीद है कि स्थिति का जल्द समाधान हो जाएगा।

इससे पहले कांग्रेस ने आईटी की कार्रवाई को अघोषित आपातकाल कहा। कांग्रेस ने कहा कि पहले बीबीसी की डॉक्युमेंट्री आई, उसे बैन किया गया। अब बीबीसी पर आईटी का छापा पड़ गया है। दरअसल, हाल ही में बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री आई थी। यह डॉक्यूमेंट्री 2002 के गुजरात दंगों पर थी। केंद्र सरकार ने प्रोपेगेंडा बताते हुए इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी थी। यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है। ऐसे में विपक्ष आयकर विभाग की छापेमारी को बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री से जोड़ कर केंद्र पर निशाना साध रहा है। उधर, महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर बताया कि बीबीसी के दिल्ली दफ्तर में आयकर के छापेमारी की खबर है। बहुत खूब। अप्रत्याशित।

### ऐक्शन

**कर्मचारियों के फोन जब्त, बीबीसी बोला-भारत के आयकर अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे**

**कांग्रेस ने आईटी की कार्रवाई को अघोषित आपातकाल कहा, बोली- विनाशकाले विपरीत बुद्धि, बीजेपी बोली-बीबीसी दुनिया का सबसे बकवास और भ्रष्ट कॉरपोरेशन**



### एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने आलोचना की

बीबीसी के दिल्ली-मुंबई स्थित कार्यालयों पर इनकम टैक्स विभाग के कथित सर्वे की एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने आलोचना की है। गिल्ड ने कहा है कि यह मीडिया की आजादी पर हमला है। इसके पहले भी कई ऐसे मीडिया संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिन्होंने सरकार की आलोचना की है। माना जा रहा है कि बीबीसी पर आईटी की यह कार्रवाई उसकी उस डॉक्यूमेंट्री के कारण की गई है, जो उसने 2002 में हुए गोधरा दंगों पर बनाई थी। डॉक्यूमेंट्री में दंगों के दौरान तत्कालीन गुजरात सरकार पर दंगों को रोकने के लिए सही समय पर अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, इस डॉक्यूमेंट्री के प्रसारण के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था और सरकार समर्थकों ने इसे बीबीसी का भारत विरोधी एजेंडा करार दिया था।

# दिल्ली में फिर हुआ श्रद्धा जैसा हत्याकांड



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में दिल्ली के बाबा हरिदास नगर थाना क्षेत्र में श्रद्धा जैसा हत्याकांड सामने आया है यहां भी हत्यारे ने ना सिर्फ बेरहमी से लड़की की हत्या की बल्कि उसकी लाश के टुकड़े कर उसे एक ढाबे के फ्रिज में रखा था। साहिल गहलोत के रूप में पहचाने जाने वाले ढाबा मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि 25 वर्षीय एक महिला का शव दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में एक ढाबे के फ्रीजर के अंदर मिला। पुलिस ने कहा कि महिला की दो-तीन दिन पहले हत्या कर दी गई थी और उसके शव को ढाबे के फ्रीजर के अंदर रखा गया था। ढाबा मालिक साहिल गहलोत को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका आरोपी साहिल गहलोत की प्रेमिका थी। कुछ दिनों पहले ही साहिल गहलोत की शादी किसी और युवती से तय हुई थी। जब उसकी प्रेमिका को इसके बारे में पता चला, तो उसने इसका विरोध किया और उससे शादी करने को कहा। इससे गुस्साए गहलोत ने उसकी हत्या कर दी और शव को अपने ढाबे के फ्रीजर में छिपा दिया।

**बेरहमी से हत्या कर ढाबे के फ्रिज में छुपाई लड़की की लाश**

# कानपुर देहात में जिंदा जलीं मां-बेटी



**कानपुर।** कानपुर देहात में मैथा तहसील क्षेत्र के मड़ौली पंचायत के चालहा गांव में सोमवार को ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की टीम के सामने कब्जेदार की झोपड़ी में संदिग्ध हालत में आग लग गई। घटना के वक्त मां-बेटी झोपड़ी के अंदर थीं। दोनों को बचाने के प्रयास में गृहस्वामी व रुरा थाना प्रभारी झुलस गए। मां-बेटी व कई बकरियों की मौत हो गई। कानपुर देहात की इस घटना ने हर किसी को झकझोर दिया है। मंगलवार को उच्चाधिकारियों द्वारा परिजनों को समझाने का प्रयास चल रहा है। परिजन शव नहीं उठने दे रहे हैं। परिजन पांच करोड़, सरकारी नौकरी व दोनों बेटों के लिए आवास की मांग पर अड़े रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर हुई वार्ता के बाद परिजन शव उठाने को राजी हुए। बताया जा रहा है कि फॉरेंसिक टीम ने शव उठाए।

कानपुर देहात की घटना में एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद को निलंबित कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि मामले में लेखपाल अशोक सिंह को सस्पेंड किया गया है। मंडलायुक्त ने लेखपाल की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। मां-बेटी की मौत का मामला तूल पकड़ रहा है।

### कार्रवाई

**एसडीएम और लेखपाल हुए निलंबित, योगी सरकार पर विपक्ष हुआ हमलावर**

**मैथा तहसील में जमीन से कब्जा हटाने पहुंचा था पुलिस-प्रशासन**

**नौकरी और मकान मिलने के आश्वासन पर शव उठाने को राजी हुए परिजन**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने ट्वीट कर लिखा कि- कानपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासन के सामने ही मां-बेटी ने आग लगाकर जान दे दी और पुलिस तमाशा देखती रही। अतिक्रमण हटाने व बुलडोजर के जोश में प्रशासन आखिर अपना होश क्यों खो रहा है। क्या 'महिला सशक्तिकरण' व 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात केवल कागजी नीति है? मामले में पीड़ित के बेटे ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वार्ता की। इस दौरान उसने डीएम और एडीएम को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है।






# राज्यपाल 20 को पेश करेंगी अभिभाषण

### यूपी का बजट सत्र



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 20 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल सदस्यों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। प्रदेश कैबिनेट ने राज्यपाल के अभिभाषण के मसौदे को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राज्यपाल के अभिभाषण को पेश करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल अभिभाषण में प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां बताएंगी। वहीं, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की सराहना भी करेंगी। साथ ही यूपी में आयोजित जी-20 बैठकों का भी जिक्र अभिभाषण में करेंगी।

# चित्रकूट से कासगंज जेल शिफ्ट होगा अब्बास अंसारी

**लखनऊ।** चित्रकूट की रगौली जेल में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की अपनी पत्नी निकहत अंसारी से निजी मुलाकातों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इस बीच छापेमारी कर निकहत को जेल में ही हिरासत लेने वाली टीम को जहां प्रशंसा चिन्ह दिया गया। वहीं, अब मंगलवार को अब्बास को चित्रकूट से कासगंज जेल शिफ्ट किया जा रहा है। जेल सूत्रों का कहना है कि पूर्वांचल की जेलों में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का सिक्का चलता है इसलिए बाप बेटे को पूर्वांचल की जेलों से अलग बुंदेलखंड की जेलों में रखा गया। जेल सूत्रों के मुताबिक अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी बीते कई दिनों से लगातार उससे मिलने चित्रकूट जेल आ रही थी।

# 10वीं और 12वीं के लिए एडमिट कार्ड जारी

### यूपी बोर्ड

**16 फरवरी से शुरू हो रही हैं बोर्ड परीक्षाएं**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। जो छात्र इस साल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in है, जहां से छात्र अपना एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। दोनों कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षाएं फरवरी से शुरू हो रही हैं और मार्च तक चलेंगी।

राज्य में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। छात्रों के पास तैयारी के लिए अब थोड़ा ही समय बचा है। दोनों कक्षाओं की परिक्षाएं मार्च तक चलेंगी। 10वीं का आखिरी एग्जाम 3 मार्च को होगा, जबकि 12वीं कक्षा का आखिरी पेपर 4 मार्च को होगा। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जाएंगी। पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे शुरू होगी और 11.15 बजे तक परीक्षा चलेगी। इसके बाद दूसरी शिफ्ट में एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम को 5.15 बजे तक होगा। दोनों शिफ्ट में छात्रों को परीक्षा के लिए तीन-तीन घंटे का समय दिया जाएगा। इसके अलावा, बोर्ड की तरफ से विषयों के हिसाब से तैयारी के लिए प्रीपरेशन टिप्स भी जारी किए गए हैं।


### ऐसे प्राप्त करें अपना एडमिट कार्ड

**स्टेप 1-** सबसे पहले यूपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाएं।
**स्टेप 2-** अब होमपेज पर यूपी बोर्ड एडमिट कार्ड 2023 का लिंक नजर आएगा, इस पर क्लिक करें।
**स्टेप 3-** इसके बाद अपनी लॉग-इन डिटेल्स लिखकर सब्मिट बटन पर क्लिक करें।
**स्टेप 4-** अब आपका एडमिट कार्ड स्क्रीन पर ओपन हो जाएगा।
**स्टेप 5-** अपना एडमिट कार्ड चेक करके डाउननोड कर लें।
**स्टेप 6-** अब अपने एडमिट कार्ड का प्रिंट आउट निकाल लें।






# युवाओं व उद्यमियों को आर्थिक तरक्की की कहानी बताएं मंत्रीः सीएम योगी



**लखनऊ।** वैश्विक निवेशक सम्मेलन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा वह विधानसभा सत्र से पहले अपने प्रभार वाले जिलों में सम्मेलन की कामयाबी की चर्चा करते हुए युवाओं व उद्यमियों को यूपी की आर्थिक तरक्की की कहानी बताएं। वहीं मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठकों को लखनऊ के अलावा अन्य जिलों में भी आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में ये बातें कहीं। साथ ही सभी मंत्री अपने संबंधित विभागों को प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रस्तावों की तत्काल समीक्षा करें। अगले छह माह की अवधि में एक बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारते हुए शिलान्यास समारोह (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) का आयोजन करना है।

# वीएचपी नेता को मारी गोली

**मुरादाबाद।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बयान को लेकर हुए विवाद में विश्व हिंदू परिषद के महानगर सह मंत्री संतोष पांथरी (28) को शनिवार शाम दिल्ली रोड पर गोली मार दी। घायल संतोष को साईं हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कुछ दिन पहले मोहन भागवत के बयान को लेकर संतोष का भाजपा नेता से फेसबुक पर विवाद हो गया था। वहीं आरोपी भाजपा नेता ने तीन दिन पहले मोहन भागवत के बयान के खिलाफ सीओ को ज्ञापन दिया था। नया मुरादाबाद निवासी विहिप के सहमंत्री संतोष पांथरी शनिवार को कटघर में आयोजित संगठन के केंद्रीय महामंत्री की बैठक में शामिल होने के लिए गए थे। बैठक समाप्त होने के बाद वह ई-रिक्शा से संगठन के महामंत्री अविनाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष योगेश त्यागी के साथ दिल्ली रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने उतर गए। जहां तीनों आपस में बातचीत करने लगे।इस बीच बाइक से पहुंचे आरोपी ने संतोष से कहा, जो परशुराम का नहीं, वो मेरे काम का नहीं। इसके बाद उसने संतोष पर फायरिंग कर दी। गोली संतोष के पेट में लगी और वह गिर गया। हमले के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गया। आरोपी भाजपा नेता ब्राह्मण महासभा से भी जुड़ा है।

# 'कभी नहीं भूल सकते शहीदों का सर्वोच्च बलिदान'

### श्रद्धांजलि

**पुलवामा हमले में देश के 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे**



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की आज चौथी बरसी है। पूरा देश आज आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को याद कर रहा है। बता दें कि पुलवामा हमले में देश के 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे। इसके जवाब में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया था। पुलवामा हमले की बरसी पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, अपने वीर नायकों को याद करते हैं जिन्हें हमने इस दिन पुलवामा में खो दिया था। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका शौर्य और अदम्य साहस हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# टाटा एयर इंडिया की मेगा डील को मंजूरी

### गुड न्यूज

**एयरबस से 250 विमान खरीदने का फैसला, पीएम मोदी ने कहा- ऐतिहासिक घटना**

**नई दिल्ली ।** टाटा समूह दुनिया के सबसे बड़े विमानन सौदे में एयरबस से 250 विमान खरीदेगा। टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि एयर इंडिया, एयरबस से 40 बड़े आकार के विमानों सहित 250 विमान हासिल करेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन 40 वाइड-बॉडी ए350 प्लेन और 210 नैरो-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदेगी। वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल अधिक लंबी दूरी की हवाई यात्राओं के लिए किया जाएगा। एक कार्यक्रम में विमान के अधिग्रहण के लिए टाटा ने एयरबस के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी इस वर्चुअल कार्यक्रम का हिस्सा थे। टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रतन टाटा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ और अन्य नेताओं के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में एयरबस के मुख्य कार्यकारी गुइलौमे फाउरी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है।



इस वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भाग लिया। पीएम मोदी ने इसे एक ऐतिहासिक घटना कहा और कहा कि यह न केवल भारत और फ्रांस के गहरे संबंधों को दशार्ता है, बल्कि भारत के विमानन क्षेत्र की सफलता को भी दशार्ता है। उन्होंने निवेशकों से उड्डयन उद्योग में भारत द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 'भारत एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और संचालन) का केंद्र बन सकता है। आज, सभी वैश्विक विमानन कंपनियां भारत में मौजूद हैं, इसलिए मैं सभी से इस अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध करता हूं।' वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा और अन्य नेताओं ने भी इस डील पर अपने विचार व्यक्त किए।

# अडाणी पर बोले शाह- छिपाने जैसा कुछ नहीं

## कहा- बीजेपी को डरने की जरूरत नहीं, कांग्रेस ने लगाया था पक्ष लेने का आरोप

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग-अडाणी विवाद पर गृहमंत्री अमित शाह ने पहली बार बयान दिया है। उन्होंने मंगलवार को एएनआई पॉडकास्ट पर दिए इंटरव्यू में कहा कि इस पर कोई कमेंट करना सही नहीं होगा, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में है। लेकिन इतना जरूर कहा कि इसमें ? बीजेपी के लिए छिपाने जैसी कोई बात नहीं है और न ही डरने की जरूरत है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद राहुल गांधी समेत विपक्ष ने बीजेपी पर अडाणी का बचाव करने के आरोप लगाए हैं। इसे लेकर संसद से सड़क तक प्रदर्शन भी किया है।

वहीं अमित शाह ने इंटरव्यू के दौरान लोकसभा विधानसभा चुनाव, पीएफआई पर बैन, पूर्वोत्तर में चुनाव, देश की आंतरिक सुरक्षा, शहरों के नाम बदलने और जी-20 जैसे कई मुद्दों पर भी बात की। **विपक्ष सिर्फ शोर मचाता हैः** केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष के खिलाफ कर रही है, इन आरोपों पर अमित शाह ने कहा- वे (कांग्रेस) कोर्ट क्यों नहीं जाते? जब पेगासस का मुद्दा उठाया गया था तो मैंने कहा था कि सबूत के साथ कोर्ट जाओ, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वे 2002 से मोदी के पीछे हैं। हजारों साजिशों के बावजूद सच सामने आता है। हर बार, मोदी जी मजबूत और अधिक लोकप्रिय बनकर सामने आते हैं। **नॉर्थईस्ट में कम की मन की दूरीः** पीएम मोदी ने 8 साल में 51 बार पूर्वोत्तर का दौरा करके मन की दूरी को हटाया है। हमने 'चलो पलटाई' का नारा त्रिपुरा की स्थिति बदलने के लिए दिया था और आज हालात बदल दिए। कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी साथ आए हैं, वे मान चुके हैं कि अकेले बीजेपी को नहीं हरा सकते। मतगणना वाले दिन दोपहर 12 बजे से पहले बीजेपी को त्रिपुरा में पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी।



**बीजेपी का कोई मुकाबला नहींः** मेरा मानना है 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का कोई मुकाबला नहीं है। पीएम मोदी को जनता का पूरा समर्थन मिला है। देश एकतरफा मोदी के साथ आगे बढ़ रहा है। फैसला देश की जनता को तय करना है, अभी तक तो लोकसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी का लेबल जनता ने किसी को नहीं दिया है। **पीएफआई आतंकवादी तैयार कर रहा थाः** पीएफआई पर कई मामले खत्म करने का काम कांग्रेस ने किया। जिसे कोर्ट ने रोका। हमने पीएफआई को बैन किया। वह देश में धर्मांधता और कट्टरता बढ़ा रहा था। एक तरह से आतंकवादी तैयार कर रहे थे। 1950 से धारा 370 को हटाना हमारे एजेंडे में था। अब वहां जो विकास हो रहा है, आतंकी और आतंकी हमले कम हो रहे हैं, इससे साबित हो रहा है जम्मू-कश्मीर में भी हालात अच्छे हैं।

# भांजे की शादी में आये मामा को बस ने कुचला, मौत

## भाग रहे बस चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया

**दर्दनाक**

### नवी मुंबई, ठाणे का रहने वाला है बाइक सवार

**वाराणसी।** चितईपुर थाना अतंर्गत बारातियों से भरी बस की चपेट में आ जाने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सुंदरपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल के सामने बस वाला बाइक सवार को रौंदकर भागने लगा। चितईपुर पुलिस ने बस और उसके ड्राइवर को पकड़कर अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक के पास से पुलिस को केवल उसका आधार कार्ड मिला है। उसका नाम रामजी धनराज शर्मा (58) है। वह महाराष्ट्र के नवी मुंबई, ठाणे का रहने वाला है। वह अपने भांजे की शादी में बनारस आया था।



जानकारी के अनुसार रामजी धनराज शर्मा महराष्ट्र से बनारस अपने भांजे अनुज विश्वकर्मा के यहां पर आए थे। वह मंडुआडीह में रहता है। उसकी शादी थी। मंगलवार को किसी काम से लंका की तरफ निकले थे। लौटते वक्त सुंदरपुर में एक निजी अस्पताल के सामने बरातियों को लेकर आ रही एक बस ने कुचल दिया।

### गवाह को मारपीट कर किया घायल

**वाराणसी।** लालपुर के नई बस्ती निवासी एक मुकदमे में गवाह युवक को गवाही से रोकने के लिए मनबढों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के अनुसार नई बस्ती निवासी आशीष यादव का आरोप है कि एक अपराधिक मामले में चल रहे मुकदमे में वह गवाह है। शनिवार को वह एक निमंत्रण में गया था। जहां पहले से मौजूद धर्मवीर प्रजापति, चंद्र प्रकाश तिवारी तथा राजू यादव नामक मनबढ़ों ने गवाही वापस लेने के लिये धमकाया इनकार करने पर मारापीटा। तहरीर के आधार लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेसजनों ने पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने भारत माता मंदिर परिसर में पुलवामा हमले के शहीदों को मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि हमारे देश के वीर जवानों, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पण किया।

पुलवामा में शहीद हुए उन सभी जवानों को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए शत-शत नमन करता हूं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने पुलवामा शहीदों के परिजनों से कई वादे किये थे, लेकिन उस पर खरा नहीं उतरी। उन्होंने पुलवामा हमले की उच्चस्तरीय जांच कराने और शहीद के परिजनों को उनका हक देने की मांग की। इस अवसर पर राजेश्वर सिंह पटेल, राघवेन्द्र चौबे, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, देवेन्द्र सिंह, मनीष मोरोलिया, सैयद हसन, राकेश चन्द्र, राजेन्द्र गुप्ता, असलम खां, तुफैल अंसारी, सुफियान अहमद, ऋषभ पाण्डेय, प्रमोद वर्मा, अनुपम राय, सन्तोष मौर्य, कुंवर यादव, पीयूष श्रीवास्तव, श्रवण गुप्ता, किशन यादव, राज जयसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलवामा अटैकः शहीद के घर पहुंचे सीआरपीएफ के ग्रुप कमांडेंट

**चिरईगांव।** पुलवामा बरसी पर मंगलवार को शहीद रमेश यादव के पैतृक गांव तोफापुर में सीआरपीएफ चकिया चन्दौली के ग्रुप कमाण्डर धर्मेंद्र सिंह यादव पहुंचकर उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद रमेश यादव की पत्नी रीनू यादव,पुत्र आयुष,पिता श्यामनारायण और मां राजमति को ढांढस बंधाया।

उन्होंने कहा कि शहीद रमेश के त्याग और बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। शहीद परिवार को हर सम्भव मदद करने को सदैव तत्पर हैं।शहीद रमेश के बेटे आयुष को फल और टाफी देकर पढ़ाई में ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित करने बीडीओ चिरईगांव राजेश वर्मा, जिलापंचायत सदस्य रामधारी यादव,सपा महिला प्रकोषठ की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, सुजीत यादव लक्कड़ आदि लोग भी शामिल थे। वहीं दूसरी तरफ जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं ने पुलवामा में 40 शहीद हो चुके जवानों को याद किया और कचहरी परिसर में डीएम पोर्टिको के सामने दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान राजेश कुशवाहा सत्येंद्र श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, राजेश यादव,नीरज शुक्ला, पप्पू मिश्रा, अभिषेक रघुवंशी, राकेश सिंह अमित चौरसिया आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



तोहफापुर में शहीद रमेश यादव के गांव पहुंचे सीआरपीएफ के ग्रुप कमांडेंट

# जी-20 को लेकर सीपी और डीएम ने की बैठक

**वाराणसी।** जी- 20 और महाशिवरात्रि को लेकर जिलाधिकारी एस राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने मातहतों संग कैंप कार्यालय में बैठक कर तैयारियों के बाबत चर्चा की। अधिकारियों ने जी - 20 की होने वाली बैठकों के सम्बन्ध में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। त्वरित गति से की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा कर मातहतों को निर्देशित किया गया आपसी सामंजस्य स्थापित कर तीव्र गति से कार्यों का सकुशल निष्पादन किया जाय। आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि के दृष्टिगत सुरक्षा सम्बन्धी तैयारियों के सम्बन्ध में भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध संतोष कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं अपराध अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त काशी जोन रामसेवक गौतम, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन आरती सिंह, पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा एवं अभिसूचना सूर्यकान्त त्रिपाठी, वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, नगर आयुक्त प्रणय सिंह, अनूप सक्सेना अधीक्षण अभियन्ता विद्युत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।



# कैडमियम की बढ़ती मात्रा फसलों के पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव

**शोध**

### भारी धातु से प्रभावित प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के संबंध में बीएचयू के शोधकर्ताओं की खोज

**वाराणसी।** बढ़ती मानवीय गतिविधियां, तेज औद्योगिकीकरण व आधुनिक कृषि पद्धतियों, कीटनाशकों के उपयोग आदि के कारण विभिन्न परिस्थितिकीयों में भारी धातु जैसे कैडमियम की मात्रा में गुणात्मक वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों की राय में यह प्रकाशसंश्लेषी जीवों पर बड़ा खतरा है, क्योंकि प्रकाश संश्लेषण की संरचनात्मक एवं क्रियात्मक इकाई भारी धातु के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होती है। सरल शब्दों में कैडमियम की बढ़ती मात्रा फसलों के पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। विज्ञान संस्थान-बीएचयू के वनस्पति विभाग के शोधकर्ताओं ने इस संबंध में महत्वपूर्ण खोज की है।

सहायक आचार्य डॉ. योगेश मिश्रा के नेतृत्व में शोध दल के सदस्य आकांक्षा श्रीवास्तव व शुभांकर विश्वास ने यह समझने की कोशिश की कि सायनोबैक्टीरिया भारी धातु की उपस्थिति में किस प्रकार प्रकाश संश्लेषण को बनाये रखता है। प्रकाश संश्लेषण के दौरान इलेक्ट्रांन का प्रवाह दो तरह से होता है-रैखिक व चक्रीय। कैडमियम की सांद्रता बढ़ने से रैखिक इलेक्ट्रान प्रवाह प्रभावित होता है। शोध दल ने मॉडल सायनोबैक्टीरिया ऐनाबीना पीसीसी 7120 के अध्ययन में पाया कि भारी धातु की उपस्थिति में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया को बनाये रखने के लिए चक्रीय इलेक्ट्रान प्रवाह सक्रिय रहता है जबकि रैखिक इलेक्ट्रान प्रवाह प्रभावित करता है। शोध में पाया गया कि लेक्सए प्रोटीन प्रकाश संश्लेषण संबंधी प्रमुख जीनों को विनियमित करके इसके प्रतिक्रिया को नियंत्रित करता है। इस संबंध में यह अब तक की पहली ऐसी खोज है। अनुसंधान दल के अन्य सदस्यों में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के डॉ. हेमा राजाराम व डॉ. अरविन्द कुमार भी शामिल रहे।



शोधकर्ता टीम के सदस्य

# परिजनों ने दर्ज करायी गुमशुदगी उधर छात्रा ने कर ली शादी

**प्रेम प्रसंग**

### छात्रा को फेसबुक के जरिए एक लड़के से हो गया प्यार

**वाराणसी।** जैतपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक छात्रा को फेसबुक के जरिए एक लड़के से हुए प्यार हो गया और वह घर छोड़कर झारखंड चली गई। इस बीच छात्रा के मोबाइल की लोकेशन झारखंड के साहिबगंज में मिली तो जैतपुरा पुलिस टीम छात्रा के परिजनों के साथ साहिबगंज के ओपी थाने क्षेत्र में पहुंची तो वहां छात्रा अपने प्रेमी के साथ मिली। लेकिन दोनों ने कोर्ट मैरिज कर लिया था।

पुलिस की माने तो छात्रा बीते दस फरवरी को घर से मैदागिन स्थित कॉलेज जाने के लिए निकली थी। जिसके बाद घर नहीं लौटी। कुछ दिन तक खोजबीन करने के बाद परिजन थाने पहुंचे और उसकी गुमसुदगी दर्ज कराई। मामले की जांच के लिए थाने की महिला कांस्टेबल के साथ ही सर्विलांस टीम को लगाया गया। जांच कर रही पुलिस टीम को छात्रा के फोन की लोकेशन झारखंड के साहिबगंज में मिली। जिसपर छात्रा के परिजनों के साथ उसके परिजनों को झारखंड भेजा गया। साहिबगंज हाट परिसर निवासी 25 वर्षीय विजय कुमार दास नामक युवक को फेसबुक के जरिए 22 वर्षीय छात्रा से बातचीत शुरू हुई। कुछ दिन में ही दोनों के बीच प्यार हो गया और ये सिलसिला बीते चार साल से चल रहा था।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 105/न0पा0प0गो0/ दिनांक 13.02.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रत्नेश कुमार मिश्रा पुत्र तिलेश्वरनाथ मिश्रा ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 10.02.2023 द्वारा भवन संख्या-02 मोहल्ला सोनिया तालाब वार्ड नं0-07 में स्थित मकान पर अंकित श्रीमती गोमती देवी पत्नी माताभीख अग्रवाल का नाम दर्ज है। उषा देवी पत्नी जगदीश नारायण अग्रवाल के विक्रय पत्र दिनांक 01.03.2000 के आधार पर श्री रत्नेश कुमार मिश्रा पुत्र तिलेश्वरनाथ मिश्रा व मीरा देवी पत्नी स्व0 रमेश कुमार मिश्रा व अवनीश मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा व शिल्पी मिश्रा पत्नी स्व0 रजनीश मिश्रा का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत**

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-सावित्री महिला महाविद्यालय बरहपुर नंदगंज गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिंदी-2, समाजशास्त्र-2, शिक्षाशास्त्र-3, गृह विज्ञान-3, भूगोल-3, विषयों में अध्यापकों हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन, यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबन्धक, मो0 न0-9415863527**

**आवश्यकता है**-सरजू राय मेमोरियल डिग्री कॉलेज गांधीनगर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान-3, वनस्पति विज्ञान-2, प्राणी विज्ञान-2, भौतिक विज्ञान-2, गणित-2 विषयों में अध्यापकों हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन, यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबन्धक, मो0 न0-9455945555**

**आवश्यकता है**-रेशमी महिला महाविद्यालय अटरिया, धरम्मरपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर अतिरिक्त विषय उर्दू व मनोविज्ञान एवं परास्नातक स्तर पर हिन्दी, भूगोल, गृहविज्ञान व समाज शास्त्र, क्रमशः प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। जिसकी योग्यता व वेतनमान यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। योग्यता व योग्य अभ्यार्थी शैक्षिक प्रपत्रों के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें व दिनांक 12.03.2023 को महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवें।
**प्रबन्धक**
**मो0-9415887548, 9415452803**

**आवश्यकता है**

सुग्रीव साहू रामनेश गुप्त महाविद्यालय, महिउद्दीनपुर, कोन, सोनभद्र, सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-01, शिक्षाशास्त्र -01, गृह विज्ञान-01, राजनीतिशास्त्र-01, एवं प्राचीन इतिहास-01 विषयों में प्रवक्ताओं की, योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/उ0 प्र0 शासन के मानक के अनुसार योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर दो फोटो एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों के साथ आवेदन करें।
**प्रबंधक**
**मो0-9956585404, 9415617886**

**आवश्यकता है**-राजेश्वर महादेव डिग्री कॉलेज आराजी बुढ़ैला पांडेय का पूरा अमरूपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर अतिरिक्त विषय कला संकाय में मनोविज्ञान-1, राजनीति शास्त्र-1, कला -1 व स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान-3, वनस्पति विज्ञान-2, प्राणी विज्ञान-2, भौतिक विज्ञान-2,गणित-2 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिंदी-2, समाजशास्त्र-2, शिक्षाशास्त्र-3, गृह विज्ञान-3, भूगोल -3, विषयों में अध्यापकों हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन, यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबन्धक-मो0 न0-9451717416**

## संक्षेप

### नौकरी के नाम पर आठ लाख गबन करने वाले पर रपट दर्ज

**वाराणसी।** बीएचयू में पति-पत्नी को नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपए की ठगी के मामले में कोर्ट के निर्देश पर दो साल बाद मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित जौनपुर स्थित चंदवक निवासी संजय कुमार और उसकी पत्नी है। आरोप है कि इन्होंने जौनपुर के ही थाना नेवढ़िया निवासी अशोक कुमार दुबे ने बीएचयू में नौकरी लगाने के नाम पर आठ लाख लिया था। इस दौरान उसने फर्जी कॉल लेटर भी थमा दिया। कॉल लेटर लेकर जब वह बीएचयू पहुंचा तो पता चला कि यहां कोई नौकरी नहीं है और कॉल लेटर भी फर्जी है। इस बाबत जब पीड़ित ने पैसा मांगने का दबाव बनाया तो आरोपी ने समय मांगा और स्टांप पेपर पर लिखकर दिया। लेकिन पैसे नहीं लौटाया। इस मामले में जब लंका पुलिस ने तहरीर नहीं दर्ज कि तो उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

### जबरन बंद कर रहे थे रास्ता, विरोध किया तो की मारपीट

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के टकटकपुर में रास्ते को लेकर पिता पुत्र को पीटने वालों के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। शरत कुमार सिंह की माने तो मकान के दक्षिण न्यायालय के आदेश पर आने जाने के लिए तीन फीट का रास्ता है। इस रास्ते को लेकर सुनील सोनकर, रामबाबू , राधा देवी, सोनी सोनकर, मोती सोनकर, मनोज सोनकर बंद करे रहे थे। पीड़ित के बेटे ने इस कृत्य का विरोध किया और वीडियो बनाने लगा तो आरोपियों ने मिलकर उसे पीटा बचाव में आयी बेटी के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की। शरत की तहरीर के आधार दो महिलाओं सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### जमीन विवाद में जमकर मारपीट

**वाराणसी।** सेवापुरी कपसेठी थाना क्षेत्र के भीषमपुर गांव में मंगलवार को संजय सिंह और फोजदार सिंह के बीच जमीन विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में संजय सिंह, उनकी पत्नी ममता, मां दुर्गावती देवी और भाई चंद्रशेखर घायल हो गए। संजय सिंह की तहरीर पर पुलिस ने फौजदार, सुनील सिंह, संदीप सिंह, नंदलाल, जितेंद्र, कुलदीप और दिलीप पर केस दर्ज किया।

### समर्थ योजना से बंदी होंगे कौशल में पारंगत

**वाराणसी।** केन्द्रीय कारागार में मंगलवार को बंदियों को कौशल विकास में पारंगत करने के लिए कौशल प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। ये प्रशिक्षण समर्थ योजना के तहत दी जायेगी। जेल के कैदियों के लिए रेशम हथकरघा बुनाई और रंगाई के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा। मंगलवार को केंद्रीय जेल में रजित रंजन ओखंडियार, सदस्य सचिव केंद्रीय रेशम बोर्ड बेंगलोर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कपड़ा क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए देश भर में केंद्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह योजना लागू की जाती है।

### थानाध्यक्ष ने बैज लगाकर पदोन्नति की बधाई दी

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाने पर तैनात दिवान ओमकार नाथ को थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत व एसआई अतुल कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को थाना परिसर में दिवान से उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति होने के उपरान्त बैज लगाकर मिठाई खिलायी और बधाई दी। इस दौरान एसआई हरिकेश यादव, प्रवीण कुमार मिश्रा, राजेश कुमार मौर्या, बलराम पाठक,मुंसी पंकज यादव, कांस्टेबल वैभव त्रिपाठी, आशुतोष सिंह, प्रदीप मौर्या आदि मौजूद रहे।

### ज्ञानवापी प्रकरण में मंगलवार को हुई सुनवाई

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन/ फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र पांडेय की अदालत में ज्ञानवापी प्रकरण मे मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में अंजुमन की ओर से प्रति आपत्ति दाखिल करने के लिए कोई अन्य तिथि देने की गुहार लगाई। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए एक मार्च की तिथि नियत की है। अंजुमन इंतजामिया मसजिद की ओर से दाखिल अर्जी पर वादी ने आपत्ति दाखिल की है। इसपर इसकी प्रति आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगा।

### एसटीपी सीवेज जल रिसाव से सरसों के कई खेतों में पानी भरा

**चिरईगांव।** सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट दीनापुर 80 एमएलडी से निकलने वाले शोधित सीवेज जल का रिसाव कमौली गांव में पुलिया के पास विगत कई दिनों से हो रहा है। जिससे पास में स्थित अवधनारायण सिंह के एक बीघा खेत शोधित सीवेज जल से भर गया है। पास में ही धीरेन्द्र प्रताप की तैयार सरसों की फसल में भी सीवेज का पानी लगातार जा रहा है। इसकी शिकायत दोनों लोगों ने कई बार गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के अवर अभियंता से किया।लेकिन कोई सुनवाई नहीं हु। इस बावत गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई भगवानपुर के अधिशासी अभियंता शहरोज दोस्त का सीयूजी मोबाईल नम्बर मिलाया गया। लेकिन बात नहीं हो पायी। एसटीपी दीनापुर से 80 एमएलडी से शोधित सीवर जल भूमिगत पाइप से कमौली से होकर गंगा नदी तक गया है। इसी भूमिगत पाईप से कमौली गांव के किसान अवधनारायण सिंह, धीरेन्द्र प्रताप के खेत में रिसाव से शोधित सीवर का पानी भरा है।

### गालीबाज महिला का शांति भंग में चालान

**पिंडरा।** सिंधोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मां बेटी की हरकतों से परेशान दर्जन भर लोगों ने मोर्चा खोल दिया और सिंधोरा थाने पहुंच कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी मां और बेटी का 151 में चालान किया। जानकारी के अनुसार सिंधोरा बाजार निवासिनी महिला सीता देवी व उसकी पुत्री पूजा आये दिन आसपास के लोगों को छोटी छोटी बात पर गाली देती हैं और जब कोई विरोध करता है तो छेड़खानी आरोप लगा देती हैं। दोनों की हरकतों से तंग आकर आसपास के लोगों ने अपने घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरा भी लगवा लिया ताकि उसक कारगूजारी को उजागर किया जा सके। रविवार को दोनों नीलम नामक महिला को गाली देने लगी जो घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। शिकायत पर पुलिस ने महिला कांस्टेबल को भेजकर पूछताछ और जांच करायी इसके बाद दोनों को शांति भंग में चालान कर दिया।

### नेताओं की बयानबाजी पर आज आ सकता है आदेश

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पास वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर अखिलेश यादव, ओवैसी समेत कई के खिलाफ दाखिल वाद में मंगलवार को आदेश नही आ पाया। उम्मीद है कि बुधवार को आदेश आ जाए। संभवत एसीजेएम /एमपी-एमएलए उज्वल उपाध्याय की अदालत ने बहस सुनने के बाद आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित रखते हुए 14 फरवरी की तिथि नियत रख ली थी। मगर मंगलवार को कोई आदेश आया है। प्रकरण के अनुसार वादी हरिशंकर पांडेय और उनके अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह की तरफ से दलील दी गई अर्जी में कहा गया था कि एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बरामद शिवलिंग को लेकर हिंदुओं को भड़काने वाला बयान दिया था। ज्ञानवापी में काफी संख्या में एक विशेष वर्ग सैकड़ो कि संख्या में भीड़ जुटकर भड़काऊ नरेबाजी की।

### गैंगस्टर के तहत बाइक कुर्क

**सिंधोरा।** अपराध से अर्जित संपत्ति के खिलाफ सिंधोरा थाना पुलिस ने मंगलवार को जब्ती की कार्रवाई की। अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह उर्फ चन्दन सिंह निवासी ग्राम बबियांव थाना चोलापुर की बाइक को पुलिस ने आदेशानुसार कुर्क किया। बाइक की कीमत 45 हजार आंकी गयी।

# स्पीक एंड शाइन नामक वर्कशॉप का आयोजन



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के छात्र कल्याण संकाय द्वारा मंगलवार को कम्युनिकेशन स्किल विषय पर स्पीक एंड शाइन नामक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप अगले दो दिनों तक चलेगी। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. निशा सिंह ने अध्यक्षता की। कोलकाता के स्पीकोफाई संस्था से आए हुए अनिंद्य रॉय ने छात्र-छात्राओं को बेहतर कम्युनिकेशन, विशेष रूप से अंग्रेजी भाषा में किस प्रकार बेहतर ढंग से संवाद किया जा सकता है या किया जाना चाहिए विषय पर शिक्षित किया। कार्यक्रम समन्वयक और संचालिका प्रो. नंदिनी सिंह ने बताया कि इसमें अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को जोड़ने और उन्हें बेहतर रूप से प्रशिक्षित करने का प्रयास किया जाएगा। संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. केके सिंह ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और साथ ही बेहतर संवाद और अंग्रेजी के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी के लिए इसकी उपयोगिता के विषय में बताया। संचालन प्रो. नंदिनी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट डीन डॉ. नीरज धन, प्रो. अनुकूल राय, डॉ. अनिल, डॉ. सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेदौली, वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बेदौली, विकास खण्ड पटेहरा कलां, द्वारा वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 18.02.2023 को 2 बजे अपराह्न तक नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आपूर्ति हेतु सामग्री का दर आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा गठित समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ नियत तिथि को टेण्डर खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 100 रुपया मात्र में प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगा उसे जमा करना होगा। टेण्डर खोलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो वो रह सकते है। जिसका टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। कायार्देश के पश्चात 3 प्रतिशत जमानती धनराशि के रूप में एफ0डी/एन0एस0सी0 जमा करना होगा तथा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।बिल के साथ विभाग के रूप पत्र एम0 एम0 11 सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**कार्य 1** - बेदौली रैकरा रोड से बसहटीया रोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण।

**सामग्री** - पत्थर गिट्टी 40 एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, कोर सेन्ड, पोर्टलैण्ड सीमेन्ट, ईंट प्रथम श्रेणी, पत्थर गिट्टी 63 एम एम, पत्थर गिट्टी 50 एम एम, स्टोन चिपिंग 10/11.2 एम एम, स्टोन चिपिंग 4.75 एम एम, स्टोन चिपिंग 150 माइक्रॉन, इण्टरलाकिंग ईंट 80 एम एम, सेन्ड जोन, फाइन सेन्ड, साईन बोर्ड 1 नग।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**
**पुष्पराज सिंह** **चन्द्रावती देवी**

**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

अंचल कार्यालयः एस 19/33, इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर,वाराणसी। फोन 0542-2505443, ई-मेलः zovaranasi@indianbank.co.in

**अचल सम्पत्ति कब्जे की सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट-2002 के अन्तर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेन्ट) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए खाते के सामने उल्लिखित तिथि को डिमाण्ड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आने यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा राशि चुकता न करने पर एतद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन सम्पत्तियों का सौदा न करें। इन सम्पत्तियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिये इंडियन बैंक के प्रभार के अधीन होगा।

अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के तहत सुरक्षित अस्तियों के पुर्नहस्तान्तरण के लिये उपलब्ध समयावधि की ओर ऋणकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | खाते का नाम | नाम ऋणी/जमानतदार/सम्पत्ति के स्वामी | बंधक सम्पत्ति का विवरण | डिमाण्ड नोटिस/कब्जे की तिथि | शाखा/बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स जायसवाल ट्रेडिंग कम्पनी | 1. मेसर्स जायसवाल ट्रेडिंग कम्पनी प्रो0 श्री सुरेश चन्द जायसवाल पता - पूरे रजाई, गोपीगंज, संत रविदास नगर, गोपीगंज, उत्तर प्रदेश -221303 (ऋणी) 2. श्री सुरेश चन्द जायसवाल पुत्र श्री जगर नाथ जायसवाल निवासी - पूरे रजाई, गोपीगंज, संत रविदास नगर, गोपीगंज, उत्तर प्रदेश -221303 (ऋणी / प्रोपराइटर) 3.श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री सुरेश जायसवाल निवासी - पूरे रजाई, गोपीगंज, संत रविदास नगर, गोपीगंज, उत्तर प्रदेश -221303 (जमानतदार / बंधककर्ता) | सभी भाग सम्पत्ति, खतौनी सं0 64, गाटा सं0 145 (मी) क्षेत्रफल 125 वर्ग मीटर, स्थित मौजा - पूरे रजाई, तालुका - कोंध, तहसील- औराई, जिला - भदोही, जो कि श्रीमती आशा जायसवाल के नाम मे है। चौहद्दी- पूरब- कृषि भूमि रामाधार लाल, पश्चिम- रोड 15 फीट चौड़ा गोपीगंज - रामपुर घाट, उत्तर- रमेश चन्द की भूमि का शेष भाग, दक्षिण- शिवनाथ जायसवाल का मकान | 11.08.2022 18.01.2023 | गोपीगंज शाखा रु 2573595.23 + ब्याज + अन्य व्यय |

दिनांक - 24.01.2023
स्थान - वाराणसी

प्रकाशन में हुई किसी प्रकार की त्रुटि के लिये सम्बन्धित शाखा या अंचल कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन बैंक



# वाराणसी मारल



# आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ हो भौतिक सत्यापन भी

## मंडल के सभी जिलों में खोले जाएं अविलम्ब सुपर स्पेशलिटी ओपीडी : कौशलराज शर्मा



वाराणसी मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा

**समीक्षा बैठक**

**सीएचसी, पीएचसी व अस्पतालों में डॉक्टरों की उपलब्धता के लिए जारी हो हेल्पलाइन नंबर**

**किश्त देने के पूर्व बैंक खाते व केवाईसी के आधार पर हो किसान लाभार्थियों का सत्यापन**

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही इसके भौतिक सत्यापन पर जोर दिया। उन्होंने मंडल के सीएमओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों में सुपर स्पेशलिटी ओपीडी शुरू कराएं। विशेषकर ग्रामीणों के लिए डॉक्टरों को वर्गीकृत कर कंसल्टेशन कराया जाए। वह मंगलवार को मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। मंडलायुक्त ने सीएचसी, पीएचसी एवं अस्पतालों में डॉक्टरों की नियमित व समय से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने, रोजाना प्राप्त शिकायतों का सत्यापन करने एवं अनुपस्थित चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सकों से वार्ता कर आवश्यकतानुसार दवाओं की उपलब्धता जन औषधि केंद्रों पर सुनिश्चित कराने, मोतियाबिंद निवारण के लिए लाभार्थियों की स्क्रीनिंग कर डेटाबेस तैयार करने, टीबी सेंटरों का संचालन सुदृढ्ढ करने को भी निर्देश दिया। उन्होंने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम खोलकर समस्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। उन्होंने किसान सम्मान निधि वितरण के पूर्व बैंक खाते एवं केवाईसी के आधार पर लाभार्थियों का सत्यापन सुनिश्चित कराने करने को कहा। साथ ही गंगा ग्रामों को जैविक खेती से आच्छादित करने को आगामी दो माह में कार्य करने के लिए सभी सीडीओ को निर्देशित किया। उन्होंने फूलों की खेती को बढ़ावा देने की खातिर कार्य करने और की नर्सरियों को जोड़ने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए 25 मार्च से पूर्व समस्त लंबित प्रकरणों, प्रमाण-पत्रों, धनराशि उपयोग आदि का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कर लिया जाए। बैठक में मंडल जनपदों के ज़िलाधिकारी एस. राजलिंगम, ईशा दुहन, मनीष वर्मा, आर्यका अखौरी के अलावा समस्त सीडीओ तथा विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अधिकारियों का रोका वेतन

मंडलायुक्त ने मंडल में कृषि सिंचाई योजना की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वाराणसी के ज़िला उद्यान अधिकारी तथा उद्यान निरीक्षकों का वेतन रोकते हुए करण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

### भू-माफियाओं की सूची तैयार करने का निर्देश

मंडलायुक्त ने जिलों में भू-माफियाओं के विरुद्ध पुलिस विभाग के समन्वय से सूची तैयार कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इसमें नजूल, अर्बन सीलिंग, नगर निकायों और विभागों की सरकारी जमीन को खाली कराने साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के अवैद्य कब्जों के प्रकरण पर भूमि की उपयोगिता के आधार पर केवल वरिष्ठ अधिकारियों को ही निर्णय लेने का निर्देश दिया। गैंगस्टर, सीआरपीसी की धाराओं और आरसी वसूली में कुर्क सम्पतियों की कुर्की का सत्यापन और नीलामी की कार्यवाही कराने का भी निर्देश दिया।

### कमिश्नर ने दिये ये भी निर्देश

1. सभी जिलों में समस्त लाभार्थियों को 10 मार्च तक सोलर वाटर पम्प के वितरण हो जाएं।
2. आर्गेनिक फार्मिंग (जैविक खेती) को बढ़ावा देने की खातिर किसानों के लिए कैम्पों का आयोजन हो।
3. फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) की नियमित बैठक कराया जाए।
4. समस्त हैंडपंपों की री-बोरिंग का कार्य मार्च अंत तक पूरे कर लिये जाए।
5. मत्स्य पालन की खातिर तालाबों के पट्टे, आवंटन के लिए डीड तथा अनुबंध कार्य माह अंत तक कराने और डिफाल्टर तहसीलदारों पर सख्ती किया जाए।
6. गाजीपुर में ब्लॉकवार सामुदायिक पैक हाउस बनवाये जाने की खातिर प्रस्ताव तैयार करने को कहा।
7. जिलों में दुग्ध समिति के पुनर्विकास की खातिर अमूल और एनडीडीबी की डेयरी के लिए किसानों को जोड़ने को कहा।
8. चुनाव के लंबित कोर्ट केस एवं मुकदमों तथा सरकारी भूमि के लंबित कोर्ट केस और मुकदमों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया।
9. वोटर लिस्ट का ब्लॉक, बूथ एवं विधानसभा स्तर पर सत्यापन का कार्य अभियान चलाकर अप्रैल तक पूर्ण कराने और खाद्य विभाग की आधार लिंक सूची से भी क्रॉस चेक कराकर अपडेट करने का निर्देश दिया।
10. जनपदों के ग्राम पंचायत, जिला पंचायत भवनों तथा बूथों के पुनर्विकास कार्य ऑपरेशन कायाकल्प तहत कराने को कहा।

## नगर निगम ने अवैध कब्जे को कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा मंगलवार को अवैध कब्जा ध्वस्त करवाकर स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसमें पहड़िया पंचकोशी मार्ग स्थित ‘मान्यवर कांशीराम जी सिल्क एक्सचेंजर’ के बगल में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाए गए दुकानों को ध्वस्त करवा कर इलाका अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसके अलावा नदेसर रामलीला मैदान पर पूर्व में हटाए गये अतिक्रमण पर पुनः किये गये निर्माण को धवस्त कराया गया। घौसाबाद स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने लिंक रोड पर निगम राजस्व द्वारा चिन्हित अवैध कब्जा कर बनाए गए वर्कशॉप को ध्वस्त करवाया गया। रोडवेज बस स्टैंड के सामने कैंट स्थित सरकारी भूमि (तालाब) पर अवैध कब्जे को लेखपाल द्वारा चिन्हित कर ध्वस्त करवा कर भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया। साथ ही कुछ मार्ग में कुछ अतिक्रमणकर्ताओं को जुमार्ना भी लगया गया। जिसमें कुल जुमार्ना 6,500 रुपये वसूला गया।

# रेशम हथकरघा, बुनाई सीखेंगे सेंट्रल जेल के कैदी

**निखरेगी प्रतिभा**

**कौशल उन्नयन प्रशिक्षण आयोजित करने को देश भर में योजना लागू**



केंद्रीय जेल परिसर में कैदियों को जानकारी देते अधिकारी

**वाराणसी।** केंद्रीय जेल वाराणसी के 300 जेल कैदियों के लिए समर्थ योजना के तहत रेशम हथकरघा बुनाई और रंगाई योजना की शुरूआत की गई। इसके तहत कैदी जेल के अंदर अपने सजा की समय सीमा के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण सजा समाप्ति के बाद उनके जीवन को बेहतर बनाने में कारगर साबित होगा।

जेल परिसर में इस योजना के उद्घाटन के मौके पर रजित रंजन ओखंडियार, सदस्य सचिव, केंद्रीय रेशम बोर्ड, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि जेल के अंदर ऐसे कार्यक्रम शुरूआत का उद्देश्य सामाजिक सुधार की प्रक्रिया को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास के लिए सामाजिक सुधार एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थायी आजीविका के साथ गरिमापूर्ण जीवन के लिए आगे बढ़ने का मार्ग साबित होगा। वैज्ञानिक और नोडल अधिकारी समर्थ योजना डॉ. सिद्दीकी अहमद ने कहा कि कपड़ा क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए देश भर में केंद्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह योजना लागू की गई है। कार्यक्रम में डॉ. पी थेनारासू, निदेशक, आईआईएचटी, सूबेदार यादव, वरिष्ठ अधीक्षक, केंद्रीय जेल, वैभव कपूर, उपाध्यक्ष, रेशम व्यापार संघ सहित अन्य अधिकारी व हितकारक उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मेले में लाभान्वित हुए लोग

**हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर**

**143 सेंटर पर 3,575 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ**

**कैंसर व कृमि मुक्ति के लिए निकाली गई जागरूकता रैली**



स्वास्थ्य मेले में महिला की जांच करतीं डॉक्टर

**वाराणसी।** जनपद के सभी आयुष्मान भारत -हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मंगलवार को स्वास्थ्य मेला लगाया गया। इसमें करीब 3575 लोगों को लाभ मिला। इसके अलावा हेल्थ वेलनेस सेंटर से जन जागरूकता रैली निकाली गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को पेट के कीड़े (कृमि) निकालने के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

आदर्श ब्लॉक सेवापुरी के ठठरा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) प्रिया सिंह ने ओपीडी में 20 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की। 12 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई। कृमि मुक्ति और कैंसर जागरूकता पर रैली भी निकाली गई । ओपीडी में 30 वर्ष से अधिक 10 लोगों को मुंह के कैंसर, गर्भाशय कैंसर और स्तन कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव, उपचार आदि के बारे में जानकारी दी । इस दौरान तंबाकू गुटखा से होने वाले मुंह के कैंसर के लिए चार लोगों को परामर्श दिया गया । साथ ही उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस दौरान किसी भी व्यक्ति में कैंसर के कोई भी लक्षण नहीं पाये गए।

काशी विद्यापीठ ब्लॉक के कुरौता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी मेला में लोग लाभान्वित हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जनपद के सभी आयुष्मान भारतझ्रहेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुद्दढ़ीकरण किया जा रहा है।

## वीडीए ने 10 बीघा अवैध प्लाट किया ध्वस्त



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को सारनाथ वार्ड में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गई। सारनाथ वार्ड में अज्ञात कालोनाइजर द्वारा ग्राम खजुही अंतर्गत बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गई थी। जिसे प्रवर्तन टीम व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त करयाा गया। कार्यवाही के दौरान स्थानीय पुलिस के साथ वीडीए जोनल अधिकारी चंद्रभान दीक्षित और अवर अभियंता आरके सिंह मौजूद रहे।

## एसडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव स्पंदन समारोह



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बड़ागांव साधोगंज क्षेत्र स्थित एसडी पल्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव स्पंदन का आयोजन विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद त्यागी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। विद्यालय के संयोजक नागेन्द्र सिंह, प्रबंधक सर्वेन्द्र प्रसाद, प्रिंसिपल जयप्रकाश मिश्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर भारी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

# आज से बनेगा दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड


**गूगल मीट**

**सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को इस बाबत दिये दिशा-निर्देश**

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने मंगलवार को गूगल मीट के जरिए बैठक कर दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए 15 फरवरी से चार मार्च तक लगाये जाने वाले शिविर की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विकास खंड के न्याय पंचायतवार लगने शिविर के बाबत संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिया। बताया कि सभी ब्लॉकों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न चार बजे तक शिविर लगाये जायेंगे। सीडीओ ने कहा कि शिविर में ऐसे दिव्यांगों, जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बना है, उनका यूडीआईडी कार्ड बनाया जायेगा। जिन दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है। उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड दोनों बनाया जायेगा। जिन दिव्यांगों को दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रहा है। उनके दिव्यांग पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन भरवाया जाएगा। यह भी बताया कि जिन दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण (जैसे-कृत्रिम हाथ-पैर, ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, कैलीपर, स्मार्ट केन आदि) की आवश्यकता है। शिविर में उसके लिए भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। गूगल मीट में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) आदि उपस्थित रहे।

**यहां-यहां लगेंगे शिविर**

| ब्लॉक | कब से कब तक |
|---|---|
| आराजी लाइन | 15 फरवरी से चार मार्च तक |
| बड़ागांव | 15 फरवरी से दो मार्च तक |
| चिरईगांव | 15 फरवरी से एक मार्च तक |
| चोलापुर | 15 फरवरी से 28 फरवरी तक |
| पिण्डरा | 15 फरवरी से तीन मार्च तक |
| हरहुआ | 15 फरवरी से दो मार्च तक |
| सेवापुरी | 15 फरवरी से 28 फरवरी तक |
| काशी विद्यापीठ | 15 फरवरी से दो मार्च तक |



## राजधानी की बदली डेडलाइन, होली से होगा संचालन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर शुरू की जाने वाली राजधानी बस की डेड लाइन बदल गयी है, अब यह बस 15 फरवरी से नहीं बल्कि होली से संचालित करने की योजना है। चाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि राजधानी बस को 15 फरवरी से संचालित करनी थी लेकिन बस की तैयारी पूर्ण ना होने के चलते इसके संचालन को आगे बढ़ा दिया गया है। बताया कि मुख्यालय से ही सूचना जारी होने के बाद अब होली से राजधानी बसों के संचालन की तैयारी की जा रही है। शहर को राजधानी से जोड़ने के लिए परिवहन विभाग की ओर से राजधानी बस संचालन की योजना बनायी गयी है। जो पांच घंटे में वाराणसी से लखनऊ तक का सफर तय करेगी।

# अब डाकघर में भी आएगा सम्मान निधि

**पहल**

**पीएम किसान सम्मान निधि के लिए जल्द डाकघर में खुलवाएं खाता**

**आठ हजार से ज्यादा किसानों ने डाकघरों में खुलवाया खाता : केके यादव**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 13वीं किश्त का किसानों को बेसब्री से इंतजार है। इनमें तमाम किसान ऐसे हैं, जिनका बैंक खाता आधार और मोबाइल नंबर से लिंक नहीं है। ऐसे किसानों की सरकार ने राशि रोक रखी है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अब इन किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डाकघर के माध्यम से इनके आधार और मोबाइल लिंक्ड नए खाते खोलने की पहल की है। वाराणसी परिक्षेत्र में इसके तहत हाल ही में साढ़े 8 हजार से ज्यादा किसानों का खाता खोला जा चुका है। बताया कि डाकघरों में खुलने वाले बचत खातों और इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से खुलने वाले खातों के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लिया जा सकता है। आईपीपीबी खाते अपने इलाके के डाकिया के माध्यम से भी खोले जा सकते हैं। मात्र आधार कार्ड नंबर और मोबाइल नंबर के माध्यम से आवेदक का आईपीपीबी खाता चंद मिनटों में ही खोला जाता है। इसके लिए डाक विभाग के कर्मचारी भी किसानों को जागरूक करते हुए गांव-गांव शिविर लगाकर नए खाते खोल रहे हैं। जिससे किसानों को आगामी किस्त से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। यही नहीं, खातों में किश्त प्राप्त होने के बाद किसान घर बैठे ही डाकिया के माध्यम से अपने खाते से राशि निकाल सकते हैं।



पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह
जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
•मेडिसिन विभाग •सर्जरी विभाग •बाल रोग विभाग •स्त्री रोग विभाग
•यांत्रिक विभाग •आर्थोसर्जरी विभाग •यूरोलॉजी विभाग •हृदय रोग विभाग
24 आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494 9622125887

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
मोबाइल 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

## राजस्व की कमी पर सीधे एआरएम पर कार्रवाई


**निर्देश**

**निगम के एमडी ने वर्चुअली मीटिंग कर सभी आरएम को दिया निर्देश**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने अपनी आय बढ़ाने को लेकर अब सख्त हो गया, निगम के एमडी (प्रबंधक निदेशक) संजय कुमार ने प्रदेश के सभी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ वर्चुअली मीटिंग कर आय बढ़ाने के लिए सख्त निर्देश दिए। मीटिंग में एमडी संजय कुमार ने साफ तौर पर कहा कि रीजन की ओर से डिपोवार समीक्षा की जाए, जिस डिपो के राजस्व में कमी आए उस डिपो के एआरएम (सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक) को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की जाए। वाराणसी परिक्षेत्र के सभी आठ डिपो के एआरएम को इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा की ओर से निर्देश जारी कर दिया गया है कि जल्द से जल्द अपने डिपो के राजस्व में बढ़ोत्तरी करें। गौरव वर्मा ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र के तहत आने वाले सभी आठो डिपो के राजस्व में आने वाले समय में इजाफा होगा। इसके लिए पूरी तरह से ले आउट बनाया जा रहा है। इसके लिए बसों की मिनट टू मिनट मॉनीटरिंग की जायेगी।



# लापरवाह आशाओं व पंचायत सहायकों के निलंबन का आदेश



**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने लापरवाह आशाओं व पंचायत सहायकों को निलंबित करने का निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की मंगलवार को समीक्षा करते हुए सीडीओ ने बड़ागांव, हरहुआ, आराजी लाइन व सेवापुरी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक को चेतावनी दी। उन्होंने प्रत्येक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को रोजाना 70 गोल्डन कार्ड और ग्रामीण ब्लॉकों को 100 गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया। चेतावनी दी कि जिस दिन जो अधिकारी लक्ष्य पूरा नहीं करता है, उस अधिकारी का उस दिन का वेतन रोक दिया जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में सीएमओ, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीसीपीएम आदि उपस्थित थे।

जनसंदेश टाइम्स
मिनी डिस्प्ले

एलीगेंट अप्लायेंसेज
OKAYA
टी वी0, फ्रीज, वाशिंग मशीन बिल्कुल मुफ्त

कुंडली विशेषज्ञ,
हस्तरेखा,
फेस रीडिंग,
कुंडली मिलान,
रत्न रुद्राक्ष
वास्तु एवं विवाह
विशेषज्ञ
डा. अनूप कुमार जायसवाल

# अवैध ऑटो संचालन से सड़कों पर चलना हो रहा मुश्किल

**समस्या**

## परिवहन विभाग के अधिकारियों के मौन साधने से नहीं हो रही कार्रवाई

## जांच अभियान नहीं चलने से ग्रामीण परमिट पर शहरों में दौड़ रहे वाहन



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** परिवहन विभाग की ओर से कागजों पर चल रही कार्रवाई का नतीजा सड़कों पर जाम का पाव खूब फैल रहा है। अवैध रुप से ऑटो संचालन के चलते ना सिर्फ पैदल चलना मुश्किलों भरा है बल्कि घंटों जाम का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन विभाग की उदासिनता के चलते ग्रामीण परमिट वाले ऑटो भी शहर की सड़कों पर बेधड़क फर्राटा भर रहे हैं।

कैंट स्टेशन के सामने से लेकर रोडवेज बस स्टैंड व इंग्लिशिया लाइन चौराहे तक अवैध ऑटो संचालन का हब बन गया है। यहां बड़ी संख्या में ऐसे ऑटो संचालित हैं जो ना सिर्फ ग्रामीण परमिट की हैं बल्कि दूसरे शहर के भी नंबर प्लेट लगाये हैं, परिवहन विभाग की ओर से अभियान ना चलने के कारण इनकी मनमानी बढ़ती जा रही है। वाराणसी शहर अब अवैध ऑटो संचालन का हब बन गया है। मैदागिन चौराहे से करीब आधा दर्जन मार्गों पर गैर-जनपदों के ऑटो धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। रोजाना हो रहे वीआईपी मूवमेंट के बावजूद वसूली की आड़ में जिम्मेदार इन पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके चलते अवैध ऑटो संचालकों के हौसले बुलंद हैं। जिम्मेदार विभागों द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने से इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इससे सड़कों पर वाहनों का बोझ तो बढ़ ही रहा है, साथ ही सड़कों पर पैदल भी चलना मुश्किल भरा है। अवैध ऑटो के संचालन पर अंकुश लगाने की बजाय जिम्मेदार अफसर सिर्फ उगाही पर ध्यान लगाए हुए हैं।

### ऑटो डीलर, स्टैंड माफिया चलवा रहे ऑटो

इंग्लिशिया लाइन चौराहा, मैदागिन चौराहा, बेनियाबाग चौराहा, भोजूबीर चौराहा सहित रोडवेज के समीप से गैर-जनपदों के ऑटो संचालन में सबसे अहम रोल ऑटो डीलर व स्टैंड माफिया अदा कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो स्थानीय पुलिस, ट्रैफिक पुलिस व आरटीओ प्रवर्तन अफसरों से सांठ-गांठ कर अवैध ऑटो का संचालन बेधड़क कराया जा रहा है। ऑटो डीलर और स्टैंड माफिया को वसूली के चलते स्थानीय पुलिस, टैजफिक और प्रवर्तन अफसरों का संरक्षण प्राप्त है। इसके चलते ही गैर-जनपदों के ऑटो की धरपकड़ की कार्रवाई ठप है।

> वर्तमान समय में प्रवर्तन अफसरों को वीआईपी प्रोटोकॉल के कार्य संपादित करने पड़ रहे हैं। इसके चलते प्रवर्तन कार्य प्रभावित हुआ है अगले सप्ताह से इसे अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी।
>
> सर्वेश चतुर्वेदी, एआरटीओ प्रशासन

# विश्व क्षय रोग दिवस की तैयारी में जुटी टीम



**वाराणसी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत सेंट्रल व स्टेट टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (सीटीएसयू व एसटीएसयू) टीम ने जनपद में आयोजित होने वाले विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए दो दिवसीय भ्रमण में तैयारियों का निरीक्षण किया।

टीम ने हर माह की 15 तारीख को मनाए जाने वाले एकीकृत निक्षय दिवस, सरकारी व निजी क्षेत्र में नोटिफिकेशन बढ़ाने, अधिक से अधिक निक्षय मित्रों को जोड़ते हुये सभी टीबी रोगियों को गोद लेने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी के नेतृत्व में उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अमित सिंह ने भ्रमण से पहले टीम के साथ प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और विश्व क्षय रोग दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

जनपद में बुधवार को एकीकृत निक्षय दिवस समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय में मनाया जाएगा। इसमें वाह्य मरीज विभाग (ओपीडी) में आने वाले मरीजों के 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम की जांच की जाएगी। इसके साथ ही क्षय रोगियों को जांच व इलाज की सुविधा के साथ ही पोषण पोटली वितरित की जाएगी।

## संक्षेप

### घर-घर हुई कुंडे की फातिहा, लोगों ने रोजी रोटी के लिए की दुआएं

**वाराणसी।** रोजी-रोटी में बरकत के लिए रब की रहमत के लिए देश और दुनिया में सलामती के लिए इस फातिहा का आयोजन किया गया। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हजरत अली समिति के सचिव सैयद फरमान हैदर ने बनाया जानशीन मोहम्मद छठे इमाम इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम ने अपने चाहने वालों को बताया कि किस प्रकार रोजी-रोटी में बरकत के लिए दुआ की गई। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में मदनपुरा, नईसड़क दालमंडी, भेलूपुरा, अर्दली बाजार, प्रहलादघाट नक्की घाट, लल्लापुरा दरगाह फातमान काली महल रामनगर लाठ सरैया इलाके में सुबह से शाम तक कुंडे की फातिहा हुई। इस सिलसिले से कई स्थानों पर लोगों ने घरों में इमामबारगाहओं में इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम की फातिहा दिलाई।

### चंडी महायज्ञ में डाली गई आहुतियां

**वाराणसी।** आदिशक्ति मां कुष्मांडा, दुर्गाकुंड दरबार में चल रहे चंडी महायज्ञ में मंगलवार को यज्ञशाला में यज्ञाचार्य पं रमेश महाराज,आचार्यों एवं वैदिक विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रों से पूजन कर यज्ञकुंड में अग्नि देव को आहुतियां दी। इस अवसर पर क्षेत्रपालेश्वर व सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। सायं में राम कथा में पं कपिल देव मिश्रा ने विचार व्यक्त करते हुए मनुष्य को रामायण द्वारा बताए गए मार्गों पर चलने की प्रेरणा दी। मौके पर नीरज उपाध्याय, संजय अग्रहरी, रिशु गिरी संजय, अरविंद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं की गोद भराई के साथ दी गई जानकारी

**पिंडरा।** जनमित्र न्यास व मानवाधिकार जन निगरानी समिति के तत्वावधान में मंगलवार को पिंडरा ब्लॉक के मीराशाह स्थित फकीर बस्ती में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई की रस्म हुई। मीराशाह फकीर बस्ती में आंगनवाड़ी कार्यकर्ती द्वारा गर्भवती महिला सोनी, जैनब, सबीना, रानी का रीति रिवाजों तथा गीत व गाजा बाजा के साथ गोद भराई की गई। जनमित्र न्यास से संजय राजभर, विनोद कुमार, गीता मौर्या व आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मीना कुमारी, अनिता देवी, विजयलक्ष्मी, इंद्रावती गुप्ता, राजकुमारी सहित अनेक महिलाएं रही।

### रोहनिया में महाशिवरात्रि पर मेले की तैयारियां जोरों पर

**रोहनिया।** स्थानीय क्षेत्र के केसरीपुर स्थित भास्कर तालाब पर मेले की तैयारी जोरों पर चल रही है। यहां बहुत ही भव्य तरीके से मेले का आयोजन होता है। मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं वहीं मेले में झूले के साथ-साथ अन्य मनोरंजन के साधन का दूरदराज से आए लोग बहुत ही मजे से आनंद लेते हैं। शिवरात्रि पर शिव विवाह के लिए शिव बारात के रूप में बहुत ही मनमोहक झांकियां निकलती है। भास्कर तालाब पर स्थित शिव मंदिर पर बारात के पहुंचने पर भारतीयों का बहुत ही भव्य स्वागत किया जाता है। इसकी स्थापना भैयाजी, खदेरन, सीताराम व महादेव प्रसाद ने 1998 में किया था लेकिन वर्तमान में अध्यक्ष विजय, महामंत्री राजेश कुमार व गोविंद द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### शिक्षा कभी भी बेकार नहीं जाती : बद्री प्रसाद वर्मा

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के बेलवरिया पंचायत भवन पर मंगलवार को बोर्ड की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं शुभकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को परीक्षा से संबंधित सामग्री मुहैया कराई गई। साथ ही बच्चों को माला पहनाकर उत्साह वर्धन किया गया।मुख्य अतिथि ज्वाइंट खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा ने बच्चों को सामग्री देते हुए कहा कि शिक्षा वह आधार है जिससे जीवन पर्यंत सुखी रहेंगे। शिक्षा कभी भी बेकार नहीं जाती। परीक्षा निडर होकर दे। पूर्व ग्राम प्रधान प्यारे लाल पटेल ने कहा कि आप लोग सिर्फ पास होने के लिए वल्कि चैंपियन बनने के लिए परिश्रम करे। ग्राम प्रधान अशोक पटेल ने कहा कि शिक्षा में किसी को कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी। मौके पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जीत नारायण, राजनारायण सिंह, बद्री प्रसाद वर्मा, लेखपाल सुग्रीम, संतोष राणा, बच्चेलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### घाट किनारे की साफ-सफाई, सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को स्वयंसेविकाओं द्वारा घाट किनारे सफा-सफाई की गई। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। पांचवें दिवस शिविर के प्रथम सत्र में छोटी-छोटी टुकड़ों में विभक्त होकर छात्राएं अस्सी घाट की तरफ प्रस्थान की। घाट की साफ सफाई के उपरांत स्वयं सेविकाओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया। वहीं भोजन अवकाश के बाद द्वितीय सत्र वैचारिकी व उद्बोधन का रहा जिसमें मुख्य अतिथि सुनीता सिंह, योग प्रशिक्षक, योग प्राण विद्या सिस्टम ने छात्राओं को तनाव से मुक्त होने के लिए ध्यान योग व प्राणायाम आदि की विस्तृत जानकारी दी। स्वागत व विषय प्रवर्तन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुरेखा ने किया।

### कॉपलेट्स रिटोल्ड पुस्तक का हुआ विमोचन



**वाराणसी।** प्रसिद्ध क्विज मास्टर व लेखक निर्मल जोशी एवं बी.आयुषी लिखित पुस्तक कॉपलेट्स रिटोल्ड-दोहों का नव-आलोकन के विमोचन का कार्यक्रम स्थानीय सनबीम स्कूल-वरुणा के सभागार में मंगलवार को किया गया। वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार विमल मिश्र, सनबीम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. दीपक मधोक, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. सुभाष यादव, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र व रामगोपाल मोहले ने दोहों को एक अलग ही दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करने वाली उक्त पुस्तक का विमोचन किया। विमल मिश्र ने कहा कि दोहों को इस प्रकार और इस दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुतीकरण एक प्रकार से एकदम नवीन व अनोखा प्रयास है। डॉ. दीपक मधोक ने पुस्तक में भारतीय ऋषि-मुनियों के दोहों के सापेक्ष विश्व के चर्चित व महान व्यक्तियों के उद्धरणों की प्रस्तुति को एक अति-विशिष्ट प्रयास बताया। डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने पुस्तक में वर्णित चुनिन्दा प्रचलित दोहों की व्याख्या के पश्चात अंत में दी गई सरल भाषा की कविता के माध्यम से छात्र छात्राओं को दोहों के मर्म को बताने के तरीके को अत्यंत ही विशेष और बुद्धिमतापूर्ण प्रयास बताया। प्रधानाचार्या डॉ. अनुपमा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### 15 साल पुराने सरकारी वाहन होंगे डम्प

**वाराणसी।** शहर की आबो हवा को शुद्ध रखने के लिए सरकार की ओर से रोजाना नये नियम बनाये जा रहें हैं इसी कड़ी में ट्रांसपोर्ट कमिश्नर की ओर से आदेश आया है कि सरकारी कार्यालयों में इस्तेमाल हो रहीं 15 साल पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप में शामिल किया जाए। वर्चुअली मीटिंग के माध्यम से ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने सभी संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वाराणसी शहर के सभी सरकारी कार्यालयों में इस्तेमाल हो रहीं 15 साल पुराने वाहनों को 31 मार्च तक स्क्रैप में शामिल कर नष्ट किया जाए इतना ही नहीं इसकी सूचना भी मुख्यालय जल्द से जल्द दी जाए। **कुल 501 गाड़ियों की सूची :** वाराणसी में स्थित सरकारी कार्यालयों में 15 साल पुरानी अब तक कुल 501 गाड़ियां पंजीकृत हैं जिसे स्क्रैप में शामिल किये जाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से जल्द पत्राचार किया जायेगा। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि 31 मार्च तक शहर में स्क्रैप सेंटर खोलकर सभी गाड़ियों को डम्प कर दिया जायेगा।

## कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति का चुनाव सम्पन्न

**वाराणसी।** बीएचयू कर्मचारी वेतन भोगी सहकारी समिति लि. के प्रबंध समिति के नौ सदस्यों, सभापति व उपसभापति का चुनाव निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पांडेय की देखरेख में सम्पन्न हुआ। मंगलवार को हुए सभापति व उपसभापति के चुनाव में क्रमशः बेचन सिंह (पांच) ने संतर पाल (चार) और हरिशंकर (पांच) ने प्रीति रघुवंशी (चार) को एक-एक मत से पराजित किया। इसके पूर्व प्रबंध समिति सदस्यों के चुनाव में इसमें रवि शंकर (147) ने मोहन लाल (63) को 84 मतों से पराजित किया। इसी प्रकार, अजीत कुमार मौर्या (143) ने रमेश कुमार यादव (81) को 62, प्रतिमा वर्मा (104) ने हीरा देवी (95) को नौ, प्रीति रघुवंशी (167) ने नेहा गुप्ता (86) को 81, मिथ्लिेश कुमार सिंह (83) ने राजेश कुमार यादव (72) को 11, रामा पांडेय (82) ने पवन कुमार (39) को 43, संतर पाल (66) ने राजेश कुमार यादव (49) को 17, हरिशंकर (107) ने सुरेंद्र प्रताप यादव (90) को 17 तथा बेचन सिंह (175) ने राम किशुन राम (129) को 46 मतों से हराया।

# जल समस्या पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता



**जनसंदेश न्यूज**

**प्रशिक्षण**

## वर्तमान समय में सब्जी क्रांति की जरुरत : डॉ. अनिल त्रिपाठी

**वाराणसी।** विज्ञान संकाय-बीएचयू के निदेशक डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आने वाले समय में जल की समस्या पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वह भारतीय सब्जी अनुसन्धान संस्थान की तरफ से 15 दिवसीय सर्टिफाइड फार्म सलाहकार मॉड्यूल-सेकेंड के तहत आजीविका और पोषण सुरक्षा के लिए उन्नत सब्जी उत्पादन प्रौद्योगिकी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंगलवार को मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि किसान फसलों का चयन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि बाजार में किसकी डिमांड अधिक है। ऐसा करके वे नुकसान को कम कर सकते हैं। बताया कि जिस तरह दूध में सफेद क्रान्ति से किसानों को फायदा पहुंचा है। उसी तर्ज पर किसानों की मदद के लिये सब्जी क्रान्ति की भी जरुरत है।

उन्होंने विज्ञान संकाय में एनएबीएल एकृडीटेड लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने का भी कार्य किया जाना है। आंगतुकों का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. टीके बेहेरा ने शोध गतिविधियों से अवगत कराया।

प्रशिक्षण में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु एवं केरल राज्य सरकार के कृषि अधिकारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, बागवानी अधिकारी और सह निदेशक कृषि आदि भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण में सब्जी उत्पादन के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें नर्सरी उगाना, उन्नत किस्मों का चयन, इष्टतम उत्पादन पद्धतियां, रोग एवं कीट प्रबंधन, कटाई उपरान्त प्रबंधन, प्रसंस्करण तकनीक आदि शामिल है। धन्यवाद वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शुभदीप राय ने दिया।

# जरूरतमंद बच्चों के लिए काउंसलिंग एक महत्वपूर्ण आयाम : अशोक



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन परियोजना में जिले के शेल्टर होम संचालकों, चाइल्ड लाइन, रेलवे चाइल्ड लाइन के काउंसलरों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समिति कक्ष में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन ई. अशोक यादव सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ व प्रो. अशोक कुमार मिश्रा निदेशक गांधी अध्ययन पीठ द्वारा किया गया। ई. अशोक यादव ने कहा कि देखरेख और जरूरतमंद बच्चों के लिए काउंसलिंग एक महत्वपूर्ण आयाम है और अगर सही काउंसलिंग किया जाए तो बच्चों को वापस उनके परिजनों तक पहुंचाना आसान हो जाता है। प्रो. अशोक कुमार मिश्र ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बच्चों के लिए कार्य कर रही चाइल्ड लाइन एवं अन्य संस्थाओं का समय-समय पर क्षमता गोवर्धन कार्यक्रम होते रहते हैं और उसी क्रम में यह काउंसलिंग पर प्रशिक्षण किया जा रहा है। डॉ. दुर्गेश उपाध्याय असिस्टेंट प्रो. मनोविज्ञान विभाग ने बाल मनोविज्ञान और काउंसलिंग के तरीकों एवं रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

मुख्य अतिथि सुधाकर पांडे जिला प्रोबेशन अधिकारी ने संस्थाओं को यह बताया कि किस प्रकार कार्य क्षेत्र में अपने व्यक्तित्व का विकास करके हम काउंसलिंग कर बच्चों को वापस उनके घर पर भेजने में सहायक हो सकते हैं, अगर हमारे द्वारा काउंसलिंग सही तरीके से किया जाए और उसकी रिपोर्टिंग किया जाए तो बच्चों को वापस उनके घर भेजने में काफी मदद मिल सकती है।

स्नेहा उपाध्याय अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी प्रतिभागियों से कहा कि बच्चों की स्थिति के अनुसार कार्य करना चाहिए। संचालन शिशिर श्रीवास्तव जिला परियोजना समन्वयक और धन्यवाद ज्ञापन निरुपमा सिंह बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया गया।

### जी-20 पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के शिक्षा शास्त्र विभाग में मंगलवार को जी-20 सम्मेलन के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा जी-20 की थीम पर आधारित विभिन्न रंगोली का निर्माण किया गया। शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के समक्ष जी-20 के लक्ष्यों को स्पष्ट किया। प्रो. वर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन की अध्यक्षता का अवसर भारत के लिए एक अभूतपूर्व अवसर है, जिसका भरपूर उपयोग हर भारतीय को करना चाहिए।

## महर्षि दयानन्द सरस्वती जन्म शताब्दी पर निकलेगी आज शोभायात्रा

**वाराणसी।** महर्षि दयानंद सरस्वती की द्वितीय जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत 15 फरवरी को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा वाराणसी-चंदौली के नेतृत्व में शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा पूर्वाह्न 11 बजे आजाद पार्क लहुराबीर से प्रारंभ होगी। जिसे राजेश कुमार पांडेय अपर नगर पुलिस आयुक्त काशी जोन कमिश्नरेट हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। जिसका नेतृत्व जिला आर्य प्रतिनिधि सभा वाराणसी-चंदौली और सार्वदेशिक आर्य वीर दल के गणमान्य पदाधिकारी गण करेंगे। शोभायात्रा में विभिन्न वाहनों पर महर्षि दयानंद और आर्य समाज से संबंधित झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। जिले के आर्य समाज और आर्य वीर दल के कार्यकर्ता शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। यह शोभायात्रा लहुराबीर, मैदागिन, चौक, गोदौलिया, लक्सा, गुरूबाग, कमच्छा, रविंद्रपुरी होते हुए दुर्गाकुंड स्थित आनंदबाग तक जाएगी। शोभायात्रा के उपरांत अपराह्न 1बजे से आनंद बाग में जनसभा प्रारंभ होगी। जिसकी मुख्य अतिथि पाणिनि कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नंदिता और अध्यक्षता विद्यापीठ के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो श्रद्धानंद करेंगे।

## प्रधानाध्यापक सहित सात अध्यापक छुट्टी पर पठन-पाठन रहा बाधित

**काशी विद्यापीठ।** पुर्व माध्यमिक कम्पोजिट विद्यालय भरथरा की एक शिक्षिका कृतिका शर्मा की शादी समारोह में भाग लेने के लिये प्रधानाध्यापक समेत सात अध्यापकों ने अवकाश ले लिया। इसके चलते मंगलवार को सिर्फ एक अध्यापक के चलते स्कूल खुला। महज एक अध्यापक होने से पठन-पाठन पर प्रभाव पड़ा और कई विषयो की पढाई से बच्चे वंचित रह गये। बताया जाता है कि प्रधानाध्यापक विश्वबंधु सिंह आर्य, सहायक अध्यापक अशोक कुमार, विनीता वर्मा, सुधा पांडे, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, कृतिका शर्मा, अनुदेशक सुषमा मौर्य ने एक साथ अवकाश ले लिया था। अतुल तिवारी को छोड़कर सभी अध्यापक 14 और 15 फरवरी के लिए सीएल/आकस्मिक अवकाश ले लिये। बेसिक शिक्षा नियमावली के मुताबिक, किसी विद्यालय में किसी भी दशा में दो तिहाई से अधिक शिक्षक सी एल/आकस्मिक अवकाश पर नहीं रह सकते हैं। इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप मिश्रा से बात करने की कोशिश की गई तो उनका दोनों मोबाइल स्विच आफ था।

# जीएसटी से मिली व्यापारियों को बड़ी राहत : बृजेश



**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग व इन्सिट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउण्टेंट ऑफ इंडिया की ओर से मंगलवार को जीएसटी एवं इनकम टैक्स पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ करते हुए वाराणसी शाखा के अध्यक्ष सीए एसडी. रघु ने कहा कि टैक्स और जीएसटी पूर्ण रूप से प्रायोगिक विषय है, इसके लिए विद्यार्थियों को पूर्ण प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, यह कार्यशाला विद्यार्थियों को इन विषयों की तकनीक से अवगत कराने में सार्थक साबित होगा।

मुख्य वक्ता सीए बृजेश जायसवाल ने कहा कि जीएसटी टैक्स प्रारूप को सरल करने की मंशा से सरकार द्वारा शुरू किया गया, जिसमें सरकार काफी सफल रही। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता वरिष्ठ सीए सुदेशना बसु ने ट्रस्ट एवं कर प्रावधान पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि कोई ट्रस्ट सेक्शन 12 ए के अन्तर्गत बनाया गया है तो उसको दिया गया उपहार एवं संपत्ति कर मुक्त होगी। अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सत्यगोपाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को सिर्फ किताबी ज्ञान उपलब्ध कराना नही है, हम उन्हें तकनीकी दक्षता के साथ भविष्य के लिए तैयार कर रहे है। स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. विजय नाथ दूबे, संचालन डॉ. तरू सिंह, विषय स्थापना डॉ. रश्मि त्रिपाठी व धन्यवाद ज्ञापन सीए अनिल अग्रवाल ने दिया। इस अवसर पर डॉ. राहुल, डॉ. संजय कुमार शाह, डॉ. आनंद सिंह, साक्षी चैधरी, डॉ. ऋचा गुप्ता, डॉ. श्रुति अग्रवाल, डॉ. प्रियंका बहल, डॉ. सत्यार्थ, डॉ. शांतनु सौरभ, मितिन आहूजा, डॉ. सोनम कपूर आदि सहित 150 से अधिक प्रतिभागी शामिल रहे।

### जनसुनवाई में पहुंचे फरियादी, मिली 16 शिकायतें

**वाराणसी।** सिगरा स्थित नगर निगम कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित संभव जनसुनवाई में फरियादियों ने अधिकारियों से फरियाद की। जिसमें निगम अधिकारियों को कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों में भोजूबीर के दीपक कुमार पटेल ने इलाके में पाइप लाइन फटने से जलजमाव की समस्या बताई, चंदुआ छित्तूपुर के दीन दयाल सिंह ने घर के सामने की सड़क ऊंची करने के संबंध में शितायत की, इसके अलावा सरायनंदन खोजवां में निगम की जमीन पर कब्जा कर किराया वसूलने, आवास विकास पांडेयपुर में पटिया उखाड़कर अतिक्रमण करने के साथ अन्य कुल 16 शिकायतें दर्ज की गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को मामलों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

## संक्षेप

### कुलपति ने दिव्यांग विद्यार्थियों को दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन मंगलवार को दिव्यांग विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनके पक्ष को विस्तार से सुना। कुलपति आवास पर हुई इस बैठक में पीड़ित छात्रा समेत छह दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित थे। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनका हित व सुरक्षा विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। दिव्यांग विद्यार्थियों की जरूरतों व समस्याओं के प्रति विश्वविद्यालय अत्यंत गंभीर है ताकि उनके निराकरण की दिशा में एक स्थायी समिति भी गठित की गई है। उनकी समस्याओं का समाधान अवश्य किया जाएगा। बैठक में कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा, स्थायी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### दिव्यांग लाभार्थियों को मिलेंगे आवश्यक उपकरण



**वाराणसी।** नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सौजन्य से धर्मसंघ परिसर दुर्गाकुंड में आयोजित दिव्यांग शिविर में 155 लाभार्थी उपस्थित हुए। परीक्षण के पश्चात 87 लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ-पैर, 48 लाभार्थियों को कैलिपर्स प्रदान किये जायेंगे। सभी को उपकरण 19 मार्च को वितरित किये जायेंगे। जबकि 15 लाभार्थियों का ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर का संयोजन नारायण रेकी सत्संग परिवार की शाखा प्रमुख अनिता भालोटिया, मारवाड़ी युवा मंच वरुणा शाखा अध्यक्ष रीता अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर धर्मसंघ के महामंत्री पं. जगजीवन पांडेय, रमेश लालवानी, शिविर प्रभारी अखिलेश अग्निहोत्री, अरविंद अग्रवाल, अनिल जाजोदिया, दीपक माहेश्वरी, राजेश मोहन शाह आदि उपस्थित रहे।

### तुलसीघाट पर ध्रुपद मेला 15 से

**वाराणसी।** महाराज बनारस विद्या मंदिर न्यास की ओर से आयोजित 49वां अन्तर्राष्ट्रीय ध्रुपद मेला इस वर्ष 15 से 18 फरवरी तक तुलसीघाट पर आयोजित है। यह मेला प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से आयोजित है। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय ध्रुपद मेले में देश के सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक, पखावज वादक, वीणावादक आदि कलाकार भाग लेंगे। ध्रुपद मेले का शुभारंभ 15 फरवरी को सायंकाल सात बजे काशीनरेश डा. अनंतनारायण करेंगे। मौके पर संयोजक व प्रो. विश्वम्भरनाथ भी मौजूद रहेंगे।

### जी-20 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा मंगलवार को जी-20 के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार मिश्र ने की कार्यक्रम के संबंध में डॉ. अमरीश राय ने सभी का स्वागत और धन्यवाद किया। संचालन उप समन्वयक विनय कुमार ने किया। इसके अतिरिक्त विभाग के अन्य शोध छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता की। सभी ने अपने विचार व्यक्त किए।दर्शनशास्त्र विभाग की प्रोफेसर शशि देवी सिंह ,प्रोफेसर नंदिनी सिंह, प्रो. पीतांबर दास ,डॉ. शिवपूजन यादव, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### जूनियर राज्य कुश्ती चैंपियनशिप का ट्रायल संपन्न



**वाराणसी।** बागपत में 18 से 20 फरवरी तक बालक व बालिका जूनियर राज्य कुश्ती चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। जिसके लिए वाराणसी कुश्ती संघ के टीम का चयन ट्रायल सिगरा स्टेडियम में मंगलवार को हुआ। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय पहलवान पूर्व उत्तर प्रदेश केसरी मनोहर पहलवान, दूधनाथ पहलवान, कुंवर पहलवान, राधेश्याम पहलवान आदि लोग उपस्थित रहे। चयन में निर्णय अशोक यादव, उमेश कुमार, सुरेंद्र यादव, अजय कुमार पटेल, अपेक्षा सिंह, आदि लोगों ने किया।

### राष्ट्रीय खेल में काशी विद्यापीठ के दो प्रोफेसरों ने जीता गोल्ड



**वाराणसी।** 5वें मास्टर राष्ट्रीय खेल 11 से 14 फरवरी तक आईआईटी बीएचयू में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधवित्व करते हुए शूटिंग खेल में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में काशी विद्यापीठ के प्रो. सुशील कुमार गौतम संकायाध्यक्ष शिक्षा संकाय एवं प्रो. रेखा विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग ने व्यक्तिगत एवं युगल टीम, दोनों प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उत्तर प्रदेश के साथ-साथ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को भी गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर मास्टर शूटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जगदीप सिंह मधोक एवं सचिव पंकज श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, कुलसचिव हरीशचंद, वित्तअधिकारी एसके शर्मा, विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।


### स्वामी प्रसाद मौर्य पर स्याही फेंकना निंदनीय

**वाराणसी।** अखिल भारतीय कोइरी महासभा के अध्यक्ष राजेन्द्र गांधी कुशवाहा व महामंत्री राजेश कुमार कुशवाहा ने एक वक्तव्य में कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य की कार पर स्याही फेंकना निंदनीय है। इस घटना की जितनी भी निंदी की जाय वह कम ही है। महासभा इस कृत्य की भर्त्सना करता है।

### संजय भट्टाचार्य प्रांतीय सचिव नियुक्त

**वाराणसी।** आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक की संभल में हुई राज्य सम्मेलन में वाराणसी के संजय भट्टाचार्य एडवोकेट को प्रांतीय सचिव मंडल सदस्य नियुक्त किया गया। इसमें प्रदेश के नौ जिलों से प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उ.प्र. राज्य कमेटी का गठन भी किया गया।

### मोबाइल चोर को जीआरपी ने पकड़ा



**वाराणसी।** जीआरपी कैंट ने मंगलवार को एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि जीआरपी वाराणसी उपाधीक्षक सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में कैंट स्टेशन पर चल रहे जां च अभियान के तहत मिली सूचना के आधार पर एक युवक को सर्कुलेटिंग एरिया से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान शमशीर अब्बास (27)पुत्र काजिम हुसैन दालमण्डी वाराणसी निवासी के रुप में की गयी है। बताया कि उसके पास से एक चोरी का मोबाइल व पांच सौ नकद बरामद किया गया।

### फोन कर दी जान से मारने की धमकी

**वाराणसी।** अर्दली बाजार निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर अज्ञात ने फोन कर के गाली दी और जान से मारने की धमकी। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पंचमुखी अपार्टमेंट विंध्य वासीनी नगर कालोनी निवासी राजेश कुमार सिंह के अनुसार सोमवार से एक मोबाइल फोन से बार बार कॉल कर गाली और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### मनुष्य में दिव्य चेतना को विकसित करना ही कवि का उद्देश्य : प्रो. गोपबंधु

**वाराणसी।** विद्याश्री न्यास, श्रद्धानिधि न्यास एवं श्रमण विद्या संकाय, संपूर्णानंद संस्कृत विवि के संयुक्त तत्वावधान में पं. विद्यानिवास मिश्र की पुण्यतिथि पर मंगलवार को योग साधना केंद्र, सं.सं. विवि में संस्कृत कवि सम्मान, पं. क्षेत्रेश चंद्र चट्टोपाध्याय स्मृति व्याख्यान एवं संस्कृत कवि-गोष्ठी सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। कहा कि विगत अठारह वर्षों से नियत तिथि को अनवरुद्ध चल रही यह संस्कृत काव्य-गोष्ठी अपने ढंग की अकेली व अनूठी भी है। मुख्य अतिथि सोमनाथ संस्कृत विवि के पूर्व कुलपति प्रो. गोपबंधु मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के पूर्व संकाय प्रमुख प्रो. विंध्येश्वरी प्रसाद रहे। विद्याश्री न्यास व श्रद्धानिधि न्यास के सचिव डा. दयानिधि मिश्र का स्वागत-भाषण से हुआ।

### दो दिवसीय युवा महोत्सव अभ्युदय का आज से आगाज



**वाराणसी।** आर्य महिला पीजी कॉलेज में दो दिवसीय युवा महोत्सव अभ्युदय का आगाज बुधवार से होगा। मंगलवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से इसकी जानकारी देते हुए प्रचार्या प्रो.रचना दूबे ने बताया कि दो दिवसीय युवा महोत्सव में नृत्य गायन वादन के साथ ही अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। महोत्सव का शुभारम्भ बीएचयू के डीन ऑफ स्टूडेंट प्रो.अनुपम नेमा की ओर से किया जायेगा। बताया कि मुख्य अतिथि के रुप में बनारस घराने के सितार वादक पं.शिवनाथ मिश्र होंगे। महोत्सव में कुल 44 प्रतियोगिताओं का समावेश होगा। 16 फरवरी गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# कंट्रोल रूम से होगी 168 परीक्षा केन्द्रों की निगरानी


जिविनि कार्यालय पर परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरा के लिए बना कंट्रोल रूम

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा की शुरूआत 16 फरवरी से होने जा रही है। पहले दिन हाईस्कूल के सुबह की पाली में हिंदी प्रारंभिक हिंदी एवं इंटरमीडिएट के सैन्य विज्ञान तथा दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी सामान्य हिंदी की परीक्षा होगी। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि बलिया में बोर्ड परीक्षा अति संवेदनशील की श्रेणी में रखी गई है। इसको लेकर 168 परीक्षा केन्द्रों पर सीटीवी कैमरा लगा दिया गया है।

इसकी मानिटरिंग जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के कंट्रोल रूम से की जायेगी। यहां दो पालियों में आईटी से जुड़े आपरेटर तैनात रहेंगे। श्री सिंह ने सख्त हिदायत दिया है कि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दौरान कोई गड़बड़ी

**तैयारी**

### परीक्षा के दौरान गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : जिविनि

पायी गई तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों को यह निर्देश दिया गया है कि परीक्षा केन्द्रों पर इंर्वटर, जनरेटर एवं सीसीटीवी कैमरा को ठीक ठाक रखे। सभी चालू व्यवस्था में रहना चाहिए। इसकी निगरानी के लिए टीम गठित की गई है। इस बार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में कुल एक लाख 59 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसको लेकर विभाग ने 168 परीक्षा केन्द्रों को सात जोन और 23 सेक्टरों में बांटा है। इस वर्ष भी नकल रोकने के सख्त इंतजाम किये जा रहे है। 168 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये जायेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी के लिए जिला विद्यायल निरीक्षक कार्यालय में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। कन्ट्रोल रूम में एक डिप्टी कलेक्टर, एक प्रधानाचार्य और 20 आपरेटर मौजूद रहेंगे। यह कन्ट्रोल रूम राज्य कन्ट्रोल रूम लखनऊ से भी जुड़ा रहेगा। परीक्षा केन्द्रों की हर गतिविधियों को कन्ट्रोल रूम से लाइव देखा जा सकेगा।

### 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात होंगे



**बलिया।** जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में नकल पर पूरी तरह नकेल कसने की तैयारी है। हर केन्द्र पर दो व्यवस्थापक रहेंगे। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की गाइड लाइन से अवगत करा दिया गया है। कन्ट्रोम रूम से परीक्षा केन्द्र की हर गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। सचल दस्ता हर पारियों में परीक्षा का निरीक्षण करेगा। कक्ष निरीक्षकों की सूची तैयार हो चुकी है। हर केन्द्रों पर 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षकों की तैनाती होगी।

### परीक्षा केन्द्रों पर बनने लगे बेंच एवं डेस्क

**बैरिया।** इस बार की बोर्ड परीक्षा किसी अग्नि परीक्षा से कम नही है। परीक्षा में शामिल होने वाले से लेकर परीक्षा कराने वाले तक परीक्षा की सूचिता के लिए जिम्मेदार होंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में अगर किसी भी केंद्र पर परीक्षार्थियों को फर्श या टाट-पट्टी पर बैठाकर परीक्षा दिलवाया गया तो संबंधित केंद्र व्यवस्थापक को जेल भेजा जाएगा। इस आशय का आदेश शासन द्वारा समस्त प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। इसके बाद आनन-फानन में क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों में परीक्षार्थियों के बैठने के लिए बेंच और डेस्क बनवाने का सिलसिला शुरू हुआ है। बता दे कि क्षेत्र के कई विद्यालय अपने तरीके से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संचालित करते रहे हैं, किंतु इस साल शासन के सख्त तेवर से वह परेशान दिख रहे हैं। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि परीक्षार्थियों को ना तो फर्श पर बैठाना है और ना ही टाट-पट्टी पर। टीन शेड में बैठाकर भी परीक्षा नहीं दिलवाना है। परीक्षार्थियों के लिए पक्का कमरा, बैठने के लिए फर्नीचर व रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा एवं वाइस रिकार्डर 24 घंटे चालू रहना चाहिए। इसकी जांच परीक्षा अवधि बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी कर सकते हैं। इसलिए परीक्षा से सम्बन्धित कोई भी फुटेज डिलिट नही करना होगा।

### पेपर लीक मामले में पांच पर गैंगस्टर, एक गिरफ्तार

**बलिया।** यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरु होने से ठीक पहले नगरा पुलिस ने पिछले वर्ष-2022 यूपी बोर्ड परीक्षा में अनियमितता के पांच नामजद नकल माफियाओं के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की है। पेपर लीक कांड के एक आरोपी अविनाश गौतम को सोमवार को रसड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद आरोपित का चालान कर दिया गया। पिछले वर्ष 30 मार्च को इंटर अंग्रेजी का पर्चा आउट हो गया था। इसके चलते माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जनपद के अलावा करीब एक दर्जन अन्य जिलों की परीक्षा को निरस्त कर दिया। इसकी छानबीन शुरु हुई तथा पुलिस ने तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश मिश्र के साथ ही तीन दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अलग-अलग थानों में केस दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ नगरा ब्रजेश सिंह ने बताया कि पर्चा आउट मामले के मुख्य आरोपित महरजिया देवी इंका क्रिड़िहरापुर के प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह, रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छिब्बी निवासी अविनाश गौतम, नगरा थाना क्षेत्र के पांडेयपुर निवासी अवधराज पांडे, भीमपुरा निवासी आनंद उर्फ मुलायम तथा मऊजनपद के सराय लखंसी थाना क्षेत्र के चांदमारी इमिलिया निवासी राजू उर्फ राजीव प्रजापति के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की गयी है।

# अरहर की फसल का फली छेदक इल्ली से करें बचाव

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** इस समय अरहर की फसल में फूल आना शुरू हो गया है। कुछ में फली भी बनने लगी हैं। अगर इस समय अरहर की फसल को फली छेदक इल्ली व फल मक्खी से ना बचाया गया तो फसल को नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि फली छेदक इल्ली के अलावा अरहर की फसल में नीली तितली, धब्बेदार फली छेदक फसल को फूल से फली बनने की अवस्था में अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। फली छेदक इल्ली कीट का अधिक प्रभाव आम तौर पर गुच्छेदार किस्मों में अधिक होता है। फली छेदक कीट की सूड़ी फली में छेद करके अंदर प्रवेश कर जाती है, जो विकासशील दानो को खाकर नुकसान पहुंचाती है।

अरहर की फल मक्खी छोटे आकार की मक्खी होती है। मक्खी का रंग गहरा हरा एवं चमकदार होता है। यह कीट अरहर का सबसे ज्यादा नुकसान करने वाला कीट होता है। इस कीट की मैंगेट अवस्था ही सबसे हानिकारक होती है। अंडों से निकलने के बाद मैंगेट बीजों के अंदर घुस कर दानों को खाते हैं। इस प्रकार अंदर ही अंदर पूरी फली खाली हो जाती है, जबकि बाहर से फली स्वस्थ दिखाई देती है। कुछ समय बाद मैंगेट प्रौण बनकर फली से छेद कर बाहर निकल आता है। यह कीट दानों में तिरछी सुरंग बनाता है, जिसको किसान भाई तिरछी कहते हैं। फसल वैज्ञानिक डॉ. सोमेंद्र नाथ का कहना है कि इसके नियंत्रण हेतु किसान भाई खेत में पंछियों के बैठने के लिए टी आकार की 50 लकड़ी प्रति हेक्टेयर लगाएं। फसल चक्र अपनाएं। जिस खेत में अरहर की फसल लेनी हो, उसकी गर्मी में दो-तीन बार जुताई करें। फेरोमेन प्रपंच 5 से 6 प्रति हेक्टेयर लगाएं। इसके साथ ही दवा का छिड़काव करें। इसके 15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करें।

## इलाज के दौरान घायल चिकित्सक की मौत

**बलिया।** नगरा-बल्थरारोड मार्ग पर खेमपुर मोड़ के पास शनिवार को सड़क हादसे में घायल चिकित्सक की सोमवार की देर रात वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। चिकित्सक के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि शनिवार को नगरा-बेल्थरारोड मार्ग पर खेमपुर मोड़ के पास एक ब्रेजा कार असंतुलित होकर सड़क के किनारे स्थित विद्युत पोल से टकरा गई थी। इससे कार में बैठ चिकित्सक श्रीकांत यादव (50) निवासी चटाईपार, थाना मधुवन गंभीर रूप से घायल हो गये थे। आनन-फानन में उनको पीएचसी नगरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनको जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया था। परिजन उनको ट्रामा सेंटर वाराणसी लेकर चले गये थे। यहां उनके ब्रेज का आपरेशन किया गया। उपचार के दौरान सोमवार की रात उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# एग्जिट इंटरव्यू में बच्चों ने साझा किये विचार

**वर्कशॉप**

### सनबीम स्कूल के बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा ने विद्यार्थियों के लिए अध्ययन के अतिरिक्त बेहतर भविष्य के निमित्त बिना पल गंवाये सदैव प्रेरणा देने का कार्य किया है। अवसर था कक्षा बारहवीं के सभी वर्गों के इस सत्र में अंतिम रूप से वर्कशाप 'एग्जिट इंटरव्यू' में शामिल होने का।

विद्यालय के संकल्प हाल में प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने बच्चों से समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, विद्यालय व कोचिंग में अंतर, जूनियर विद्यार्थियों को संदेश, योग का महत्व, पुस्तकालय की प्रासंगिकता, आधुनिक तकनीक, शिक्षक की भूमिका, प्रबल जिज्ञासा, संशोधित पाठ्यक्रम, शिक्षा पद्धति में परिवर्तन, बड़े शहरों की भांति इंफ्रास्ट्रक्चर, सुविधाएं आदि महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक बिंदु पर उनके विचारों को जानना चाहा।


सनबीम स्कूल अगरसंडा में आयोजित एग्जिट इंटरव्यू कार्यक्रम में शामिल बच्चे

बच्चे भी उत्साहित होकर बड़े सटीक ढंग से प्रत्युत्तर दिए। उन्होंने टेस्ट शीट में संबंधित प्रश्नों पर अपना लिखित फीडबैक भी दिया। विद्यालय के चेयरमैन संजय पांडेय व सचिव अरुण सिंह ने अपने संदेश में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरूण सिंह ने कहा कि बच्चें जीवन में उचित निर्णय व प्रेरणा ले। खुली आंखों से देखे गए स्वप्न जीवंत होकर अपने मंजिल तक अवश्य पहुंचते हैं। शिक्षकों व माता-पिता का शिरोधार्य संदेश आपके प्रगति के मार्ग का संबल बनता है।

कोआर्डिनेटर पंकज सिंह ने प्रधानाचार्या को पुष्पगुच्छ देकर उन्हें ससम्मान आसन ग्रहण कराया। इस अवसर पर शिक्षक नवचंद्र तिवारी, बीएन तिवारी, दीपेश शुक्ला, हरिप्रकाश, मुर्शीद खान, एलीजा निदा, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आज से शुरू होगी गौरी भइया फुटबॉल प्रतियोगिता

**खेल कूद**

### पूर्व मंत्री ने स्टेडियम में पहुंचकर लिया तैयारियों का जायजा

**बलिया।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित स्व. गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेने पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी मंगलवार की सुबह वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने प्रतियोगिता के निमित्त खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ ही खेल मैदान का निरीक्षण किया।

श्री तिवारी ने मौके पर उपस्थित जिला खेल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। विदित हो कि स्व. गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 फरवरी तक वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाना है। प्रतियोगिता के निमित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।


वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैयारियों का जायजा लेते पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी

प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 फरवरी को पूर्व मंत्री स्व. गौरी भईया की धर्मपत्नी ममता सिंह द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए स्पोर्ट्स हास्टल वाराणसी, अयोध्या एवं बरेली, स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ एवं सैफई के अलावा प्रयागराज, गोरखपुर व मऊकी टीमें मंगलवार देर शाम तक बलिया पहुंच गई। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार सिंह, जिला वालीबाल एसोसिएशन से नीरज राय, मोहम्मद जावेद आदि तैयारियों को अंतिम रूप देते दिखे।

### बलिया पहुंचे निर्णायक

**बलिया।** प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के निर्णायक भी मुंगलवार की देर रात तक बलिया पहुंचे। जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर से राशिद एवं प्रदीप मिश्रा, लखनऊ से निताई सरदार, देवरिया से उपेंद्र शुक्ला, लखीमपुर से मनोज तिवारी, गाजीपुर से मेहरुद्दीन खान, इफ्तिखार खान व मोहम्मद रजाउल्लाह, वाराणसी से जयराम यादव व बलिया से अमल कुंवर निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। वहीं, मैच कमिश्नर मोहम्मद आरिफ नजमी होंगे।

# आभूषण चोरी के मामले की जांच में जुटी जीएसटी टीम

**बलिया।** बांसडीह रोड बाजार में स्थित आभूषण की दो दुकानों से करोड़ों की चोरी की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। इस जांच में अब पुलिस के साथ जीएसटी की टीम भी जुट गयी है। जीएसटी की टीम आभूषणों की खरीद-बिक्री का रिकार्ड खंगाल रही है। सर्राफा के दो दुकानों में हुए इस भीषण चोरी से इलाके में दहशत व्याप्त है। इस मामले में पुलिस अभी तक कुछ खास पता नहीं लगा पायी है।

ज्ञात हो कि बांसडीह नगर पंचायत के रहने वाले ताराचंद सोनी व उनके भतीजा लालबाबू सोनी की बांसडीह रोड बाजार में आभूषण की अलग-अलग दो दुकानें है। गत शुक्रवार की रात चोर रोशनदान को तोड़कर नगदी समेत करोड़ों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण समेट ले गये। दुकानदारों को अगले सुबह इसकी जानकारी हुई। इस मामले में पुलिस ने दुकानदारों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित दुकानदार लालबाबू सोनी ने बताया है कि दुकान से करीब एक किलो 900 ग्राम सोना तथा लगभग 54 किलो चांदी के आभूषण व दो लाख रुपये नगद चोरी गया है। दूसरे दुकानदार ताराचंद सोनी के अनुसार उनकी दुकान से 950 ग्राम सोना, 30 किलो चांदी व एक लाख रुपये नगद की चोरी हुई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस अफसरों ने पुलिस की पांच टीमों का गठन किया है। इनमें स्थानीय थाने की दो तथा बांसडीह कोतवाली, मनियर व सहतवार थाने की एक-एक टीम शामिल है। साथ ही इस मामले में जीएसटी टीम भी अपने स्तर से जांच करने में जुटी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि पुलिस मामले की तहकीकात व चोरों की खोजबीन में जुटी है। दोनों व्यापारियों ने करीब दो करोड़ रुपये के आभूषण चोरी होने का दावा किया है। ऐसे में जीएसटी की टीम इसकी जांच कर रही है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। वही, इस चोरी की घटना से इलाके के लोगों में दहशत व्याप्त है।

# मंत्री के प्रयास से मिला प्रोफेसरों को वेतन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में नवनियुक्त सहायक आचार्यों के जांच के नाम पर लंबे समय से रूके वेतन के भुगतान का आदेश जारी हो गया है। नगर विधायक व प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से शासन ने सभी सहायक आचार्यों के वेतन के भुगतान का आदेश जारी कर दिया है। इसे लेकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने पत्र के माध्यम से मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि जननायक चंद्रशेखर विवि में पिछले वर्ष हुई सहायक आचार्यों की नियुक्ति में अनियमितता बरते जाने की शिकायत की गई थी। मामले में शासन से निदेशक उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई थी। इसमें गृह अनुभाग से एसआइटी जांच का भी आदेश हुआ था, जिसे निरस्त कर दिया गया है। पूरे

**राहत**

### जननायक चंद्रशेखर विवि के सहायक आचार्यों का लटका था मामला

प्रकरण में जांच समिति ने पाया है कि शिकायतकर्ताओं की शिकायत निराधार है। ऐसे में विशेष सचिव उप्र शासन ने तत्काल सभी सहायक आचार्यों के लंबित वेतन व अन्य देयकों के भुगतान का आदेश जारी कर दिया है।

आदेश का तत्काल अनुपालन करते हुए कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने सभी के वेतन जारी कर दिया है। साथ ही कुलपति ने मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र जारी कर कहा है कि आपके सहयोग के कारण ही वेतन भुगतान का कार्य संभव हो सका है। ऐसे में वेतन भुगतान हो जाने से सभी सहायक आचार्यों में खुशी की लहर है।

## धूमधाम से मनी संत राम बीए की जयंती

**बलिया।** उत्तर प्रदेशीय प्रजापति महासभा बलिया के तत्वावधान में मंगलवार को अंबेडकर संस्थान में जननायक संत राम वीए की 137वीं जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनायी गई।

आचार्य हरिहर प्रसाद ने उनके जीवन, आदर्श एवं संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सपा के जिला महासचिव राजन कन्नौजिया एवं डा. रामगोविन्द प्रजापति ने अपने विचारों को समाज को सचेत किया। इस अवसरपर रामप्रवेश प्रजापति, डा. हरेराम प्रजापति, अनिल कुमार, एडवोकेट रामचंद्र, डा. अवध वर्मा, गनेश यादव, शिवशंकर प्रजापति, जन्मेजय प्रजापति, डा. सत्यप्रकाश, शिवशंकर, अनिल, दुर्गेश भारत एडवोकेट, गुलाब प्रजापति, धनजी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता श्यामदेव प्रजापति तथा संचालन कृपाशंकर प्रजापति एडवोकेट ने किया।

# हत्या के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**कामयाबी**

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता

**रतसर।** गड़वार थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर पंचायत स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट और हत्या के मामले में मंगलवार को पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। वहीं, अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार रतसर कला-पचखोरा मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप सत्य नारायण और अशोक सिंह के बीच कई दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। पंचायत और पैमाइश के बाद दोनों पक्ष निर्माण करवा रहे थे। रविवार की सुबह में सत्य नारायण सिंह का ट्रक से बालू आया था। बालू देखने के लिए सत्य नारायण बगल के अजय यादव को बुलाकर लाए। दोनों बालू गिरवा रहे थे, उसी बीच दूसरे पक्ष के लोग पहुंच कर रोकने लगे। देखते ही देखते


गड़वार थाना में पकड़े गये आरोपी

दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। मारपीट में अजय यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल अजय को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अभय यादव की तहरीर पर पुलिस ने घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध धारा 147, 148, 323, 506, 302 के तहत नामजद मुकदमा पंजीत किया था।

घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर भाग निकले थे। मंगलवार को गड़वार पुलिस को सूचना मिली कि हत्या में शामिल कुछ लोग रतसर तिराहे के पास खड़े है और कहीं भागने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी अशोक सिंह, आशीष कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह, आयुष कुमार पाण्डेय उर्फ गोलू पाण्डेय, शशिजीत सिंह उर्फ बाघ सिंह एवं शुभम सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षेप

### मुकदमा दर्ज, स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल समाप्त



**बांसडीह।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विगत् दिनों इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक फार्मासिस्ट को मारपीट कर घायल कर दिया था। इस मामले में चार दिन बाद पुलिस ने सीएचसी के अधीक्षक डा. वेंकटेश मौआर की तहरीर पर आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दिया। हालांकि फार्मासिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष मलाई कुमार पाण्डेय ने पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए बुधवार तक का समय दिया है। अगर तय समय में गिरफ्तारी नहीं होती तो अगले कार्य दिवस में जिले में कार्य बहिष्कार किया जायेगा। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस मामले में रामनवमी रजक एवं दीपक रजक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### भाभी का यौन शोषण करने वाला देवर गिरफ्तार

**बैरिया।** काफी दिनों से शादी का झांसा देकर अपनी भाभी का यौन शोषण करने वाले देवर को पुलिस ने जेल भेज दिया। मामला स्थानीय नगर पंचायत के एक मुहल्ले का है। देवर अपनी भाभी को शादी का झांसा देकर एक साल से यौन शोषण करता रहा। अब शादी से इनकार करने पर मामला थाने में पहुंचा। बैरिया पुलिस ने मंगलवार को आरोपी देवर पर बलात्कार, यौन शोषण एवं धमकी देने का मामला दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता ने सोमवार को थाने में तहरीर दिया था। जिस पर मुकदमा दर्ज करने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया है। महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 17 को होगा श्रीहरि नाम संकीर्तन

**मझौवां।** मधुबनी-दयाछपरा मार्ग पर स्थित जालंधर बाबा शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 17 फरवरी, दिन शुक्रवार को सुबह की नौ बजे से श्रीहरि नाम संकीर्तन अष्टयाम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष हरेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार से श्रीहरि नाम संकीर्तन तथा 18 फरवरी, शनिवार को भगवान भोलेनाथ का दुग्ध अभिषेक व हवन के बाद भूत भावन भगवान भोलेनाथ की गाजे-बाजे के साथ बरात की झांकी निकाली जाएगी। यह पूरे ग्राम सभा का भ्रमण करते हुए संध्या को मंदिर प्रांगण में वापस आकर संपन्न होगी। इसके बाद रात्रि जागरण की भी व्यवस्था किया गया है।

### श्रद्धांजलि सभा कल

**बलिया।** लोकतंत्र सेनानी, समाजवादी विचारक एवं क्रांतिकारी स्मारक समिति के संरक्षक सीबी सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर 16 फरवरी को रसड़ा स्थित गांधी पार्क में श्रद्धांजिल सभा का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि सभा को पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह एवं किसान फ्रंट के नेता जनार्दन सिंह संबोधित करेंगे। यह जानकारी विनय सिंह एवं संतोष सिंह ने संयुक्त रूप से दिया है।

### एसपी से मिला प्रतिनिधि मंडल

**बांसडीह।** जिला सर्राफा एवं बांसडीह व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को विगत दिनों बांसडीह रोड में दो सर्राफा दुकानों में हुए करोड़ों की चोरी को लेकर एसपी से मिला और ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर विगत दिनों हुए चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए आभूषणों की बरामदगी करने की मांग किया। प्रतिनिधि मंडल में सुनील सर्राफ, विजय कुमार गुल्लर, मुकेश सोनी, लालबाबु सोनी, विनय सोनी, ताराचंद सोनी, शम्भू सोनी इत्यादि शामिल रहे।

### आग से दो परिवारों का सामान राख

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत भैसहा गांव में छोटेलाल के डेरा पर मंगलवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में दो लोगों के सीमेंटेड शेड में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। नगर पंचायत रेवती निवासी कांति सिंह व शहजादी बानो का डेरा भैंसहां गांव में स्थित है। मंगलवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसकी वजह से सीमेंटेड शेड में रखा गया सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**बलिया।** हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा शहर के कुंवर सिंह चौराहा स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला पर पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों की चौथी बरसी मनाया गया। पंकज सिंह ने कहा कि 14 फरवरी भारत के हर नागरिक के लिए काफी दुख भरा दिन है। आज के दिन ही चार साल पहले जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। मनीष सिंह उज्जैन ने कहा कि जहां ये भारत के लिए दुखपूर्ण दिन है, वही आज हमारे देश के कुछ भटके हुए युवा वैलेंटाइन जैसा असभ्य त्योहार को खुशी-खुशी मनाने में लगे है। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि हम अपने वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। इस अवसर पर सत्येन्द्र सिंह, राजू सिंह चन्देल, राजीव गुप्ता, सागर शेखर श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, अभिषेक गिरी, राणा सिंह, सुनील पाल, मास्टर साहब, कुश यादव, प्रज्जवल श्रीवास्तव, कृष्णा वर्मा, अमित तिवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मनीष सिंह उज्जैन तथा संचालन सागर शेखर श्रीवास्तव ने किया।

### चार को वाराणसी में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बलिया।** जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया है कि सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वास, सशक्तिकरण तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत् प्रयासरत है। विभाग दिव्यांगजनों के अन्दर छिपी दिव्य प्रतिभा और कौशल को समाज के समक्ष उजागर करते हुए प्रोत्साहित कर रहा है। दिव्यांगजनों हेतु एक सांस्कृतिक कार्यक्रम दिव्यांग कला शक्ति कार्यक्रम वाराणसी का आयोजन 04 मार्च को रूद्राक्ष कन्वेंशन सेन्टर वाराणसी में किया जा रहा है। कार्यक्रम के रिहर्सल हेतु 02 एवं 03 मार्च की तिथि निर्धारित है। कार्यक्रम के प्रतिभागियों की यात्रा, ठहरने, भोजन, जलपान आदि की व्यवस्था नोडल एजेंसी द्वारा की जायेगी।

### समय-समय पर शरीर की करायें जांच : डॉ. कृष्णा सिंह



**बलिया।** कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट बलिया के तत्वावधान में पुलिस लाइन के आरडी त्रिपाठी हाल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं फाइलेरिया रोग नियंत्रण हेतु दवा सेवन तथा वेक्टर जनित रोग जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन मोहम्मद फहीम, क्षेत्राधिकारी सदर अशोक कुमार मिश्र एवं जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पुलिस लाइन के प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक सारनाथ प्रसाद ने स्वास्थ्य शिविर में आयें सभी अधिकारियों, डाक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया। डा. कृष्णा सिंह ने सभी पुलिस आरक्षी एवं सब इंस्पेक्टर को निरोग रहने के साथ सूगर, ब्लड प्रेशर, तनाव, फाइलेरिया के उपचार, बचाव, लक्षण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि समय-समय पर शरीर की जांच कराना आवश्यक है। टहलना लाभदायक होता है। इस दौरान 150 लोगों ने फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा का सेवन किया। इस अवसर पर डा. धर्मपाल, रंजना श्रीवास्तव, रक्षा पाण्डेय, सबिता, कंचन यादव, सुशील यादव, नित्यानंद पाठक, ओमप्रकाश, रियाजुदीन अन्सारी आदि मौजूद रहे। संचालन संतोष तिवारी ने किया।

# फरार तीन आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम

**नंदलाल आत्महत्या प्रकरण**

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** असलहा व्यवसायी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या मामले में घटना के 14 दिन बाद भी फरार चल रहे तीन आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। इस मामले में पुलिस अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन अभी तक तीन आरोपी अखिलेश प्रताप सिंह निवासी दुबहड़, राहुल चौबे और रोहित चौबे निवासी पिपरपाती पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश दी जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद ने कहा कि इनाम राशि की घोषणा करने के बावजूद आरोपियों के हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि एक फरवरी को स्टेशन मालगोदाम रोड स्थित बलिया आर्म्स कारपोरेशन के मालिक नंदलाल गुप्त ने फेसबुक पर लाइव आकर अपने आपको गोली मार ली थी, जिससे गन व्यवसायी की मौत हो गयी थी। वीडियो में नंदलाल ने सूदखोरों द्वारा प्रताड़ना की बात बतायी थी। घटना की जगह पर सुसाइड नोट भी मिला था। मृतक की पत्नी मोनी गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने 13 नामजद सूदखोरों पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की थी। घटना के छह दिन बाद से मुख्य आरोपी सहित 10 गिरफ्तार हुए। व्यापारी आत्महत्या मामले को लेकर प्रशासन सूदखोरों की कमर तोड़ने की कवायद में जुट गया है। सूत्रों के अनुसार नंदलाल की प्रताड़ना करने वाले मुख्य आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

### एसपी से मिला व्यापार मंडल एवं स्वर्णकार संघ



**बलिया।** व्यापार मंडल एवं स्वर्णकार संघ के सदस्य नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण एवं बांसडीह रोड में आभूषण की दुकान में हुई भीषण चोरी के मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर से मिले। इस दौरान स्वर्णकार संघ ने पुलिस से फरार सूदखोरों को जल्द गिरफ्तार करने और आभूषण चोरी के मामले का जल्द खुलासे की मांग की। वहीं, विरोध स्वरूप 15 फरवरी को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करेंगे। साथ ही मांगों से संबंधित पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सुनील सराफ ने बताया कि सभी साथी चौक शहीद पार्क से दिन में 11 बजे जुलूस के रूप में पैदल चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचेंगे और वहां सभा होगी। साथ ही अधिकारी द्वय को पत्रक दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमिताभ ठाकुर पूर्व आईपीएस अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### व्यापार मंडल की बैठक कर लिया जायेगा निर्णय



**बलिया।** संयुक्त व्यापार मंडल की बैठक पीडब्ल्यूडी डाक बंगला में सोमवार को हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने व्यापारियों को बताया कि गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में जो भी मांग है, उसे मुख्यमंत्री को बता दिया गया है। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा कर दिया जाए। व्यापारी नेताओं ने कहा कि शासन और प्रशासन से सभी मांगों को पूरा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है, जो 15 तारीख तक समाप्त हो रहा है। उसके बाद व्यापार मंडल बैठेगा और निर्णय लेगा। उसके बाद संयुक्त व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल ने नरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश से मिलकर अपनी बातों को रखा। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इस पर हम मुख्यमंत्री से बात करेंगे। जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही होगा। बैठक के अंत में बांसडीह रोड में लालबाबू सोनी और ताराचंद सोनी की दुकान में हुई चोरी का अविलंब पर्दाफाश करने की मांग की गई। इस अवसर पर व्यापारी नेता अरविंद गांधी, प्रदीप गुप्ता एडवोकेट, विजय शंकर गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राहुल कुमार गुप्ता, श्याम जी रौनियार, मनीष कुमार गुप्ता मोनू, आशीष गुप्ता बागी, प्रेरक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शराबी ने एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल बोगी में किया हंगामा

**बलिया।** एक शराबी यात्री से परेशान यात्रियों ने पुलिस से मांगी सहायता। देखा जाता कि जनरल बोगी में अक्सर नशे में धुत कुछ यात्री जनरल बोगी में सफर करते है और उनके गलत हरकत से यात्री परेशान रहते है, लेकिन यात्रियों के सामने एक गंभीर समस्या यह होती है कि ऐसे लोगों से तत्काल कैसे निजात मिले मंगलवार को आजमगढ़ से चलकर कोलकाता को जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल बोगी में दो महिला एक बच्चा और दो पुरुष के साथ एक शराबी ने उनके साथ गलत व्यवहार और अश्लील हरकत करने लगा यह घटना रसड़ा से फेफना के बीच हुई। एक यात्री ने बलिया में अपने भतीजे को घटना कि जानकारी दी। उसके बाद भतीजे ने स्टेशन पहुंचकर ट्रेन आने से 10 मिनट पहले आरपीएफ और जीआरपी थाने को सूचना दी, जैसे ही करीब 11 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नं. 2 पर पहुंची जीआरपी पुलिस जनरल बोगी में पहुंचकर शराबी यात्री को नीचे उतारने का प्रयास करती रही, लेकिन ट्रेन खुलने के कारण शराबी यात्री को पुलिस नहीं उतार पाई उसके बाद पुलिस ने सुरेमनपुर स्टेशन के जीआरपी को जानकारी दी। वहां भी उस यात्री को नहीं उतार पाए उसके बाद ट्रेन बिहार की तरफ बढ़ गयी। यात्रियों की सुरक्षा और उसके सम्मान के लिए पुलिस को पूरी तरह से एक्शन में रहने कि जरूरत है, ताकि यात्रियों को किसी तरह कि समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### हेल्थ व वेलनेस सेंटर बेलहरी पर हुई परिवार नियोजन की बात



**बलिया।** जनपद के बेलहरी ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवानी के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेलहरी पर मंगलवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें सीमित परिवार की अहमियत बताई गई तथा नव दंपति को शगुन किट प्रदान की गई। साथ ही आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवानी के अधीक्षक डॉ. मुकर्रम अहमद ने इस अवसर पर बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सास-बेटा-बहू के बीच समन्वय और संवाद के जरिए परिवार नियोजन को लेकर एक अच्छा माहौल तैयार करना है, ताकि प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति पुरानी सोच में बदलाव लाया जा सके। पहले व दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर हो या दो बच्चे के बाद दंपति में से किसी एक ने नसबंदी करा ली हो। ऐसे दंपति को मुख्य रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

### हीरो की बहुचर्चित स्कूटर जूम 110 सीसी हुई लांच



**बलिया।** जीबी हीरो एवं गोपाल जी हीरो के संयुक्त तत्वावधान में हीरो की बहुचर्चित स्कूटर जूम 110 सीसी का सफल लॉन्चिंग मंगलवार को हुआ। इस अवसर पर खोरीपाकड़ और जीरा बस्ती एजेंसी पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएनबी बैंक के मुख्य प्रबंधक राहुल सिंह एवं आईसीआईसीआई बैंक प्रबंधक प्रशांत कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी स्टाफ मिलकर केक काटकर एक दूसरे को बधाई भी दी। वहाँ उपस्थित जनों को जूम की खूबसूरती और खूबियों के बारे में यह जानकारी दी गई कि यह स्कूटर शक्तिशाली बीएस-6 अनुकूल इंजन के साथ आई 3 एस टेक्नोलॉजी (आइडल स्टॉप सिस्टम) का फीचर नया डिजिटल स्पीडोमीटर ब्लुटूथ कनेक्टिविटी के साथ और साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ स्कूटर की टेक्निकल प्रोफाइल में नए आयाम के साथ ये स्कूटर वैरिएट्स-सीट ड्रम, कास्ट ड्रम और कास्ट डिस्क के रूम में पेश किया गया। स्कूटर टर्न लेते हैं तो कार्नर वेंडिंग लाइट, बड़े और चैड़े टायर बेजोड़ चमक से अंधेरे में भी राइटर को साफ रोशनी से छोटे छोटे गड्ढे भी स्पष्ट रुप से दिखाई देते हैं, जिसमें राइटर को काफी सहूलियत और सुरक्षित महसूस करते हैं, जिसकी एक्स शोरूम कीमत एलएक्स सीट ड्रम का 68599-वीएक्स कास्ट ड्रम का-71799, जेड एक्स -कास्ट ड्रम का 76699 रू रखा गया है। कार्यकम के अंत में प्रदीप श्रीवास्तव व अनिल श्रीवास्तव ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

# वाहनों पर लगवायें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**बैरिया।** अब शासन के रडार पर वाहन स्वामी है। यदि आपके वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं है तो तत्काल इसे लगवा लें। शासन के निर्देश के बाद संभागीय परिवहन विभाग इसको लेकर सख्त हो गया है। नंबर प्लेट लगवाने के लिए चेतावनी जारी किया गया है। संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसका उल्लंघन करने पर भारी-भरकम जुर्माना भी वसूला जाएगा।

संभागीय परिवहन विभाग के राजस्व निरीक्षक राजभूषण यादव ने बताया कि वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबरों को लेकर सक्रियता बढ़ा दी गई है। इसको लेकर प्रतिदिन शासन द्वारा नए-नए फरमान जारी हो रहे हैं। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर संभागीय परिवहन विभाग कोई शिथिलता नहीं बरतेगा और ना ही किसी को इसके लिए रियायत दी जाएगी। यहां तक कि अगर ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाना है तो परीक्षा पास करनी पड़ेगी। इससे पहले उस वाहन के नंबर प्लेट की जांच होगी। इसका नंबर आनलाइन आवेदन में दिखाएगा। ऐसे वाहनों का ही ड्राइविंग लाइसेंस बनेगा। संभागीय परिवहन विभाग के राजस्व निरीक्षक ने बताया कि शासन की ओर से अभी 15 साल पुराने निजी वाहनों को हटाने का गाइडलाइन नहीं प्राप्त हुआ है। इसलिए उनके संचालन पर अभी कहीं कोई रोक नहीं है। ऐसे वाहनों के लिए भी यही नियम है। उन्हें भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाकर ही वाहन चलाना चाहिए।

**चलाया जा रहा जागरूकता अभियान : बैरिया।** संभागीय परिवहन विभाग के राजस्व निरीक्षक राजभूषण यादव ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के प्रति शासन गंभीर है। विभाग ऐसे वाहन स्वामियों को चेतावनी दे रहा है। जांच पड़ताल में यदि ऐसे वाहन पकड़े जाते हैं तो उन पर पांच से दस हजार जुर्माना भी लगेगा। उनका पंजीकरण भी निलंबित किया जाएगा। बताया कि अब सभी वाहनों पर नंबर प्लेट आवश्यक कर दिया गया है।

## न्यायालय में स्थानीय अतिरिक्त अवकाश घोषित

**बलिया।** उच्च न्यायालय द्वारा अवकाश घोषित किये जाने हेतु दिये गये निर्देशानुसार जजशिप में वर्ष 2023 में पांच स्थानीय अवकाश घोषित किया जाना है। यदि द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को कोई राष्ट्रीय अथवा अन्य पर्व हेतु अवकाश पड़ता है तो उसके स्थान पर जनपद न्यायाधीश अन्य अतिरिक्त दिवस को अवकाश घोषित कर सकते हैं। स्थानीय अवकाश वर्ष 2023 में 12 नवम्बर, रविवार को पड़ने वाले दीपावली पर्व के स्थान पर अतिरिक्त अवकाश घोषित किये जाने हेतु जिलाधिकारी से प्राप्त पत्र तथा उपरोक्त सन्दर्भ में दी सिविल बार एसोसिएशन तथा क्रिमिनल एवं रेवेन्यू बार एसोसिएशन द्वारा प्रेषित संयुक्त पत्र तथा प्रभारी प्रशासन की आख्या को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2023 में स्थानीय/अतिरिक्त अवकाश घोषित किया जाता है, जिसमें स्थानीय अवकाश रक्षाबंधन 31 अगस्त, बरावफात 28 सितंबर, नवमी 23 अक्टूबर, भैया दूज 15 नवंबर, कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर तथा अतिरिक्त अवकाश होली 06 मार्च को अवकाश घोषित किया गया है।

# होली क्रॉस स्कूल में खिलाई गई फाइलेरिया की दवा



**बलिया।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सर्वजन दवा वितरण (एमडीए) अभियान के अंतर्गत सोमवार और मंगलवार को जनपद के प्रतिष्ठित होली क्रॉस स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की दवा खिलाई गई। जिला महिला अस्पताल स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र पर तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ मणि दुबे के नेतृत्व में मलेरिया एवं फाइलेरिया नियंत्रण टीमों द्वारा होली क्रॉस स्कूल के 2600 से अधिक बच्चों को फाइलेरिया निरोधी दवा खिलाई गई।

डा. दूबे ने बताया कि 2 दिनों में होली क्रॉस स्कूल के समस्त विद्यार्थियों को दवा खिला दी गई है। स्कूल परिसर में अभियान की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर मैरी जॉन ने खुद फाइलेरिया निरोधी दवाई खाकर की, जिसके उपरांत समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी फाइलेरिया निरोधी दवाएं खाई। इस बीमारी से हाथ, पैर, स्तन और अंडकोष में सूजन पैदा हो जाती है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर 1 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित खुराक में दवाई खिलाएंगी। वेक्टर जनित रोगों के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि इस अभियान में 1 वर्ष से अधिक आयु के समस्त व्यक्तियों को दवा खिलानी है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण लक्ष्य 30, 25, 109 के सापेक्ष अभियान के दूसरे दिन तक जनपद में कुल 5,87,246 लोगों को दवा खिलाई गई है।

### वेतन न मिलने से सफाई कर्मचारियों ने किया हड़ताल

**रसड़ा।** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों में वेतन नहीं मिलने के कारण 7 दिनों से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं जिससे कस्बा के 25 नं. वार्ड में गंदगी के अंबार लगा हुआ है। रसड़ा नपाप के सफाई कर्मचारियों ने 4 महीना से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवारों में भुखमरी के करार पर पहुंच गया कई दिनों से वेतन न मिलने के कारण अल्टीमेटम देते रहे लेकिन जिला प्रशासन के कानों पर जूं तक नजर नहीं आ रहा था। नगर के चारों तरफ चैराहे पर कूड़े का अंबार लग चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन इनके मांगों पर अमल नहीं कर रहा है। आने वाले दिनों में अगर इसी तरह कुछ दिन और हड़ताल रह जाएगा तो कोई नगर में भयानक बीमारी फैलने की संभावना बन रही है इधर समाजसेवी विनय शंकर ने बलिया डीएम से मिलकर सफाई कर्मचारियों की बात डीएम नहीं मिली लेकिन डीएम के स्टोन ओर से मिलकर सफाई कर्मचारियों की बातों को गंभीर से रखा।

## संक्षेप

### भाजपा ने शुरू की निकाय चुनाव की तैयारी बैठक



**बलिया।** निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा ने फिर से निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को पूर्वांचल विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद बलिया के निकाय चुनाव प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने नारायणी सिनेमा हाल में बूथ प्रभारियों के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि नगर पालिका बलिया क्षेत्र में जितने भी बूथ है उन सभी बूथ अध्यक्षों को साथ मिलकर मतदाताओं से सम्पर्क बनाये रखें। उनकी जो भी समस्याएं है उसे भी देखते रहे। चुनाव अप्रैल-मई माह में होने की सम्भावन है, उसको देखते हुए आप लोग तैयारी में लग जाये। बैठक में जय प्रकाश साहू जिलाध्यक्ष, प्रभारी विजय बहादुर सिंह, नकुल चैबे, संजीव कुमार डम्पू, देवव्रत दुबे, सुनील तिवारी, नीतू पाण्डेय, संध्या पाण्डेय, राजेश गुप्ता, संजय चैबे, श्याम बाबू आदि शामिल रहे।

### जौ तुम्हरे मन अति संदेहू तौ किन जाई परीक्षा लेहू

**कोपागंज, मऊ।** ब्लॉक के चक भदसा में देवंती देवी पत्नी स्व राम प्रसाद प्रजापति के निज आवास पर चल रहे शिव महा पुराण के सप्त दिवसीय कथा के तीसरे दिन बृंदावन से चल कर आए कथा वाचक आचार्य पंडित शिवम मिश्र ने राजा दक्ष व सती विवाह पर चर्चा करते हुए कहा कि जब भगवान शिव माता सती से विवाहोपरांत दण्ड कारण वन में विचरण कर रहे थे कि तभी भगवान भोले ने वन में पत्नी वियोग से व्याकुल राम चन्द्र को माता सीता को खोजते हुए देख कर उनको को प्रणाम किया। तब माता सती ने कहा कि प्रभु आप एक साधारण दिंखने वाले तपस्वी को को क्यों प्रणाम कर रहे मुझे समझ में नहीं आया तब भोले नाथ ने कहा हे सती यह साधारण से दिखने वाले कोई सामान्य तपशवी नहीं बल्कि साक्षात नारायण है अगर आपको संदेह हो आप वहां जाकर उनकी परीक्षा लेकर आइए। कथा में आस पास दर्जनों गांवों से लोग आकर कथा का रसापन कर तृप्त हो रहे हैं। इस अवसर पर मंगरू आचार्य, नागर, दुखंती, राजेन्द्र राहुल, विष्णु, नरेन्द्र सहित बहुत से लोग मौजूद रहे।

### त्योहार से पूर्व सभी समस्याओं का करा लें समाधान : एडीएम



**मऊ।** महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने महाशिवरात्रि पर्व की अग्रिम बधाई देते हुए शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्यायो का आगामी त्योहार के पूर्व ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्हाने कहा कि समस्त एसडीएम, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी त्योहार के पूर्व ही जुलूस वालें रास्तों का रूट मार्च करें एवं जो भी समस्याएं है उसका दो दिन में समाधान करें। एडीएम ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को जुलूस वालें रास्तो में बिजली के लटके तारों को ठीक कराने एवं जुलूस के रास्तो की साफ-सफाई कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नपा को दिये। उन्होने कहा कि जुलूस के प्रायोजकगण डीजे को निर्धारित मानक के अनुरूप ही बजवायें एवं डीजे में धार्मिक आयोजन के अनुसार की गाने बजाये किसी भी प्रकार के अभद्र गाने न बजवायें अन्यथा की स्थिति में संबंधित डीजे वालो के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी। इस दौरान एडीएम ने शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं को सभी संबंधित अधिकारियों को त्योहारों से पूर्व ही ठीक कराने के निर्देश दिए, साथ ही समस्याओं के समाधान में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। एएसपी ने महाशिवरात्रि के जुलूस को परम्परागत रूट से ले जाने एवं जुलूस को समय से प्रस्थान कराने तथा उसका समापन कराने को कहा। उन्होने जुलूस को चार भागो में बाटकर प्रत्येक भाग का प्रभारी बनाने एवं उनकी सूची उपलब्ध करानें को भी कहा। जिससे जुलूस का शांतिपूर्वक समापन कराया जा सके। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट, नगर क्षेत्राधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी एवं समस्त क्षेत्राधिकारी तथा एसएचओ सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# पुराने गैंगस्टरों की संपत्तियों की पहचान कर करें कार्रवाई

**बोले डीएम**

### कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अवैध शराब, मादक पदार्थों के उत्पादन एवं तस्करी से संबंधित गतिविधियों पर हुई कार्यवाहियों की समीक्षा के दौरान थाना चिरैयाकोट के अंतर्गत 8.5 किलोग्राम गांजा बरामदगी पर जिलाधिकारी ने संबंधित मामले के पूरे स्रोत की जांच करने के साथ ही संबंधित अपराधी के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पिछले 3 वर्षों में गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्यवाही में संबंधित अपराधियों की संपत्तियों की पहचान कर कुर्क की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गुंडा एक्ट के तहत की गई कार्यवाहीयों की समीक्षा के दौरान जिला बदर किए गए अपराधियों को समय से नोटिस तामिला कराने के साथ ही जिला बदर अपराधियों को पुलिस द्वारा स्वयं जनपद की सीमा से भेजने के निर्देश दिए, जिससे अपराधियों को लेकर समाज में एक संदेश जाए। सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर मानकों का उल्लंघन करने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को इस पर विशेष नजर रखने के साथ ही मानकों का उल्लंघन करने वाले लोगों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

अन्यथा की स्थिति में संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए ऐसे लोगों का चिन्हीकरण कर बड़ी मात्रा में कार्यवाही करने को कहा। आईपीसी की धारा 133 एवं 145 के अंतर्गत वादों के निस्तारण में सभी तहसीलों की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने इसमें तेजी लाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों को दिए। कानून व्यवस्था की बैठक के दौरान ही आगामी त्योहारों, महाशिवरात्रि एवं होली के दृष्टिगत उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने से संबंधित सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समय से सारी तैयारियां पूर्ण करने को कहा। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को गोंड जाति के प्रमाणपत्रों हेतु प्राप्त आवेदनों का गुण दोष के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए।

अभियोजन शाखा की कार्यवाहियों की समीक्षा के दौरान वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ने बताया कि गत माह लोअर कोर्ट में 7 मामले निर्णित हुए जिनमें 5 में सजा एवं दो में रिहाई, सेशन कोर्ट से आठ मामले निर्णित हुए जिनमें 2 में सजा एवं 6 में रिहाई हुई।इसके अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत नौ मामलो में निर्णय आया जिनमें 3 में सजा एवं 6 में रिहाई का आदेश पारित हुआ। गैंगस्टर एक्ट के तहत गत माह कोई भी संतोषजनक कार्यवाही ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अभियोजन पक्ष को सक्रियता दिखाते हुए अपराधियों को सजा दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी, अपर डीएम, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अभियोजन शाखा के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

### साई कालेज आफॅ फार्मेसी में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**मऊ।** साई कालेज आफॅ फार्मेसी मऊ में मंगलवार को पुलवामा आतंकी हमले में षहीद वीर जवानो के चौथी बरसी पर श्रध्दांजलि दी गई। इसमे इन्दु प्रकाश फार्मेसी कालेज व साई कालेज के प्रबन्धक अखिलेष राय ने सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हे याद किया व कहा कि आज जम्मू कश्मीर में हुए पुलवामा हमले की चौथी बरसी है। 14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ के काफिले पर हुए घातक हमले में सीआरपीएफ के 40 बहादुर जवान शहीद हो गए। धमाका इतना जबरदस्त था कि कुछ देर तक सब कुछ धुआं-धुआं हो गया। जैसे ही धुआं हटा, वहां का दृश्य इतना भयावह था कि इसे देख पूरा देश रो पड़ा। घटना के बाद पूरे देश में हाहाकार मच गया। इस दौरान प्रधानाचार्य ब्रिजेश दुबे, अशजद कमाल, अश्वनी सिंह, अविनाश पाण्डेय, फातिमा फिरदौस, शिवम, सुशील, सुनील राव, विनीत, साधना चौरसिया, निदा फातिमा, रिया, अंजलि भी उपस्थित थे।

# डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं बाल संरक्षण सेवाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत जिला संचालन समिति के समक्ष जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कुल 21 मामले प्रस्तुत किए गए। जिला संचालन समिति द्वारा प्रस्तुत मामलों का गहन परीक्षण के उपरांत 4 मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई। 9 मामलों में एफ.एस.एल. रिपोर्ट अभी तक नहीं लगने पर उन्हें पेंडिंग रखा गया। शेष 8 मामलों को अस्वीकृत कर दिया गया। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के अंतर्गत जनपद में अब तक कुल 206 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 166 आवेदन पात्र थे। उपलब्ध बजट के अनुसार पात्र आवेदनों के सापेक्ष 120 लोगों के खातों में पैसा भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत कुल 290 पात्र आवेदन पत्रों के सापेक्ष उपलब्ध बजट के अनुसार कुल 147 बच्चों को धनराशि उनके खातों में प्रेषित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु निदेशालय को कुल 5037 आवेदन पत्र अग्रसारित किए गए थे। इस वर्ष अब तक 3494 लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित की जा चुकी है। इस वित्तीय वर्ष में अभी 307 आवेदन पत्र विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराते हुए लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। वन स्टॉप सेंटर की चर्चा के दौरान सेंटर मैनेजर ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 306 प्रकरण आए हैं, जिनमें से 302 प्रकरण निस्तारित किए जा चुके हैं। शेष चार प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी समर बहादुर सरोज, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### चोरी के सामान संग तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**रेवती।** स्थानीय पुलिस ने चोरी के सामान, तमंचा एवं कारतूस के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने तीनों शातिर चोरों को सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रेवती हरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र दत्त, कांस्टेबल तरुण मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, संदीप सोनकर, संतराज यादव, विपिन सिंह क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने छेड़ी पुलिया के पास घेराबंदी करके तीन शातिर चोरों क्रमशः राजकुमार चौहान उर्फ टिंकू पुत्र आशीष चौहान निवासी गायघाट, थाना रेवती, सनी साहनी पुत्र कामेक्षा साहनी निवासी बहादुरपुर, दतहां, थाना रेवती तथा अजय साह पुत्र राजकुमार साह निवासी भिसियां, थाना रेवती को चोरी के सामान एलईडी टीवी, पंखा, मिक्सर ग्राइंडर, होम थिएटर, साउंड बाक्स, इलेक्ट्रानिक केतली के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अभियुक्तों की तलाशी लिए जाने पर राजकुमार चौहान के पास से एक अदद तमंचा, जिंदा कारतूस, पंद्रह सौ रूपये नगद, सनी साहनी के पास से नाजायज चाकू, 15 सौ रुपए नगद एवं अजय साह के पास से नाजायज चाकू, संबल एवं एक हजार रुपये नगद बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया।

# बदलते मौसम में बरतें सावधानी

**बैरिया।** करीब दो माह तक कड़ाके की सर्दी का सितम सहने के बाद अब लोगों को सर्दी से राहत मिलने लगी है। अब सुबह-शाम ही ज्यादा सर्दी लग रही है। बर्फीली हवाओं से ठिठुरन के बाद सूरज अब दिन चढ़ते-चढ़ते अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सूर्य के गर्म मिजाज से अब सर्दी कमजोर पड़ने लगी है। सुबह ठंडी एवं दोपहर में गर्मी महसूस हो रहा है। ऐसे में गर्म कपड़े पहन कर निकलने वालो को दोपहर में परेशानी होने लगी है।

आने वाले दिनों में मौसम कुछ इसी तरह का रहेगा। दिन के तापमान में वृद्धि होने के आसार हैं। सोमवार की सुबह लोग धूप का आनंद लेते देखे गए। मौसम विभाग के जानकारों ने संभावना जताई है कि अब दिन का तापमान बढ़ेगा। सुबह-शाम सर्दी रहेगी। इसका नतीजा होगा कि गर्म कपड़े पहन कर दिनचर्या में निकलने वाले लोगों को गर्मी बेचैन करेगी। मौसम बदलने के साथ बहुत सारी बीमारियां भी साथ लेकर आई है।

खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। पौष्टिक आहार लेना चाहिए, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए। मौसमी सब्जी व विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू ज्यादा लेना चाहिए।

**सलाह**

### खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

### लापरवाही पड़ सकती है भारी : डॉ. एनके सिंह

**बैरिया।** वरिष्ठ चिकित्सक डा. एनके सिंह का कहना है कि अगर कोई भी परेशानी हो तो सीधे सरकारी अस्पताल में जाना चाहिए। झोलाछाप डाक्टरों से भी दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में लापरवाही से सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, डायरिया, उल्टी, दस्त, पाचन क्रिया, ब्लड प्रेशर, हृदय व अन्य बीमारियों के बढ़ने का खतरा अधिक रहता है। थोड़ा लापरवाही भी जीवन पर भारी पड़ सकता है। इसलिए सर्दी, खांसी, बुखार, अस्थमा के रोगियों को सुबह-शाम ठंड से जरूर बचना चाहिए। सेहत के प्रति सावधानी बरतें। अन्यथा यह मौसम आप पर भारी पड़ जाएगा। प्रातः या रात में घर से निकलने पर गर्म कपड़े पहन कर ही निकले। बदलते मौसम में वायरल बुखार का भी प्रसार बढ़ रहा है। बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में आ रहे हैं। सावधानी के अलावा इससे बचने का कोई उपाय नहीं है।

# काजल पांडेय हत्याकाण्ड का हुआ खुलासा

**कार्रवाई**

### हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्त गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**गाजीपुर।** काजल पांडेय हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। तीस लाख बीमा की राशि पाने के लिए उसी के गांव के दो युवकों ने हत्या की थी। हत्या के बाद अभियुक्तों ने इसीलिए दुर्घटना का रूप देने के लिए उसे लार्ड कार्नवालिस के मकबरे के पास फेक दिया था। हत्या के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने टीम बनाकर घटना का तत्काल खुलासा करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद कोतवाली पुलिस,स्वाट टीम और सर्विलांस प्रभारी ने मंगलवार को घटना की छानबीन कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस और मोटर साइकिल बरामद किया।

गहमर थाना क्षेत्र के सेवराई गांव निवासी काजल पांडेय 25 पुत्री केशव पांडेय कोतवाली क्षेत्र के भुतहिआटाड़ मुगलानी चक पर अपने निजी आवास पढ़ाई करतीं थी। बीते रविवार पांच फरवरी को काजल का लार्ड कार्नवालिस पार्क के पास उसका शव मिला था। मृतक के भाई अमरीश पांडेय ने करंडा थाना क्षेत्र के आशुतोष दुबे पर हत्या करने का आरोप लगाया था। बताया था कि वह मेरी बहन की प्रापर्टी पर नजर रखता था। कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी आशुतोष दुबे की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



कार्यालय में काजल पांडेय की हत्या का खुलासा करते एसपी ओमवीर सिंह।

**गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने फेका था जाल**

प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह व स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय और सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार तिवारी काजल हत्याकांड में शामिल अभियुक्त करंडा थाना के सलारपुर गांव निवासी प्रिंस सिंह उर्फ लड्डू पुत्र रमेश सिंह ,राकेश कुमार केसरी पुत्र सियाराम केसरी को कोतवाली क्षेत्र के राणाप्रताप क्षत्रिय संघ संस्थान के सामने महराजगंज रेलवे क्रासिंग तिराहा के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के ऊपर जिले के विभिन्न थानों में कई मुकदमें दर्ज है। फरार हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने बड़ा नेटवर्क बनाया था। जिसके बाद यह कामयाबी मिली।

**तीस लाख बीमा पर थी अपराधियों की नजर**

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हमलोगों के गांव के ही रहने वाले आशुतोष दुबे जिसकी प्रेमिका थी। विगत पांच फरवरी की शाम दोस्त की प्रेमिका काजल पांडेय को सम्राट ढाबा के आगे बुलाया गया। वह अपनी स्कूटी से तुरंत आ गई। इसके बाद अपनी काले रंग की स्कार्पियो पर बैठा लिया गया। तीनों लोगों ने मिल कर गला दबाकर हत्या कर दी। लार्डकार्नवालिस पार्क के आगे युवती की हत्या करके उसकी लाश और स्कूटी को दुर्घटना का रुप देने के लिए फेंक दिया था। अभियुक्तों ने बताया कि मृतिका का 30 लाख का बीमा था। जिस कारण हत्या को दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया गया। ताकि बीमा की धन राशि का लाभ उठाया जा सके।

# पुलिस ने बिहार जा रही 130 बोरी खाद पकड़ा

जनसंदेशन्यूज

**कसा शिकंजा**

### कागजात नहीं दिखाने पर हिरासत में ट्रैक्टर सहित चालक

**बारा।** पुलिस ने यूपी-बिहार को जोड़ने वाले देवल कर्मनाशा पुल के पास शनिवार की रात को ट्रैक्टर से बिहार भेजी जा रही 130 बोरी खाद पकड़ी। यूरिया खाद से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर को गहमर कोतवाली में जब्त कर लिया गया।

पुलिस ने मामले की जांच करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को बुलाया। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच में गड़बड़ी मिलने पर दुकानदार सहित दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। गेहूं की सिंचाई के वक्त यूरिया खाद की मांग बढ़ने के साथ ही जिले में इसकी काफी किल्लत होने लगी है। वहीं अवैध तरीके से यूपी से खाद की आपूर्ति बिहार में की जा रही है। क्षेत्र के किसानों को खाद दिए जाने के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता की गई है।

इसके बावजूद नियम को ताक पर रखकर दुकानदार मोटी कमाई के चक्कर में फर्जी आधार कार्ड पर खाद की कालाबाजारी धड़ल्ले से कर रहे हैं। शनिवार की रात उप निरीक्षक संदीप दुबे ने यूपी-बिहार को जोड़ने वाले देवल कर्मनाशा पुल के पास एक ट्रैक्टर पर लदी 130 बोरी यूरिया खाद पकड़ लिया।

इसके बाद खाद समेत वाहन को थाने लाए और जिला कृषि अधिकारी को इसकी सूचना दी। जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह द्वारा जांच-पड़ताल किए जाने के बाद चंदौली के अहिकौरा स्थित मयंक खाद भंडार सहित चंदौली के भटका गांव निवासी अनिल यादव पुत्र राम अवध यादव व दिलदारनगर थाना के शाहपुर गांव निवासी चालक चंदन यादव पुत्र रमेश यादव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि खाद की कालाबाजारी के मामले में ट्रैक्टर चालक सहित दो व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है।

**संक्षेप**

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का समापन



**गाजीपुर।** जिला कारागार अधीक्षक हरिओम शर्मा के निर्देश पर कारागार में निरुद्ध बंदियों का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन कराया गया। जिसमें 75 बंदियों ने प्रतिभाग किया। इस परीक्षा का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों के बीच शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा उनके अन्दर समसामयिक घटनाओं एवं सामान्य जानकारियों के प्रति जागरूक करना है। जिला कारागार अधीक्षक के निर्देश पर समय-समय पर निरुद्ध बंदियों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे खेल, योगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, निबन्ध लेखन कार्यक्रमों के माध्यम से उनके अन्दर छिपे प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस अवसर पर कारागार के अधीक्षक हरिओम शर्मा, प्रभारी कारापाल रविन्द्र सिंह यादव, डिप्टी जेलर कमलचन्द, शिक्षाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

### पुलिस की कार्रवाई से व्यापारियों में रोष

**मरदह।** स्थानीय बाजार के प्रतिष्ठित व्यवसायी के पुत्र को मऊ जनपद की सराया लखंसी थाना की पुलिस द्वारा घर से गिरफ्तार कर फर्जी मुकदमे में फंसाने को लेकर स्थानीय बाजार के व्यापारियों में काफी रोष व्याप्त है। स्थानीय बाजार के व्यापारियों का कहना है कि अन्य जनपद की पुलिस किसी को भी घर से भी गिरफ्तार कर और ले जाकर फर्जी मुकदमे में जेल भेजे यह उचित नही है। यह व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। इस फर्जी कार्यवाही की घटना की जांच कर इस फर्जी कार्यवाही में शामिल अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की ही अन्यथा कि स्थिति में आन्दोलन की चेतावनी दी है।

### हवा ने पकड़ी रफ्तार, गिरा तापमान

**गाजीपुर।** मौसम एक बार फिर बदल गया है। अब हवा ने रफ्तार पकड़ ली है। इससे तीन डिग्री तापमान में गिरावट आ गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दो से तीन दिन तक हवा चलेगी और फिर तापमान में बढ़ त शुरू हो जाएगी। आगामी चार से पांच दिन बाद एक बार फिर से अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। इस बार फरवरी माह में ही मार्च जैसा मौसम होने लगा है। लगातार तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। ऐसे में जहां ठंड से राहत मिल रही है तो वहीं, सबसे अधिक गेहूं उत्पादक किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को पछुआ हवा ने रफ्तार पकड़ ली तो अधिकतम तापमान कम होकर 26 तो न्यूनतम 12 डिग्री पर पहुंच गया। हवा की गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रही और आर्द्रता 26 फीसदी पर पहुंच गई। जबकि रविवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि यह हवा अभी गेहूं की फसल को नुकसान नहीं पहुंचाएगी। फिर भी किसान फसल की कम हवा होने पर ही सिंचाई करें। इस पछुआ हवा आगामी दो से तीन दिन तक चलने की संभावना है। दूसरी ओर केवीके के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि हवा चलने के बाद भी गर्माहट का अहसास जारी है। संभावना बन रही है कि आगामी चार से पांच दिन बाद अधिकतम तापमान 30 डिग्री को पार कर जाएगा। हवा की गति 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

### रिटेल व्यापार के लिए खतरा बन रही ऑनलाइन शॉपिंग

**गाजीपुर।** आनलाइन शापिंग को देश के रिटेल व्यापार के लिए खतरा बताते हुए अधिक कर लगाने की मांग की गई। व्यापारियों का कहना है कि देश में तेजी से पैर पसार रहा आनलाइन शापिंग व्यापार देश के खुदरा व्यापारियों के लिए रोजी रोटी का संकट पैदा कर देगा। व्यापारी इनसे मुकाबले को अपने आपको तैयार करें, तकनीक का प्रयोग करें और उच्च क्वालिटी का माल ही बेचे। त्योहारों के अवसर पर आनलाइन शापिंग कंपनियां जो भारी छूट का प्रचार कर रही है। पहले उसकी सत्यता जांचना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आनलाइन शापिंग की खरीदारी से धोखाधड़ी के अनेकों मामले भी सुनने में आते रहे हैं। स्टेशन रोड के वस्त्र कारोबारी शिव कुमार, अवधेश और लाल दरवाजा के लक्ष्मण केसरी, प्यारे मोहन आदि ने कहा कि आनलाइन शापिंग को देश के असंगठित खुदरा व्यापार के लिए बड़ा खतरा है।

### यहां पालन कराने वाले खुद तोड़ रहे नियम

**गाजीपुर।** यातायात नियमों का पालन करने वाले पुलिसकर्मी खुद सड़क पर नियम तोड़ते नजर आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के आदेश को दरकिनार कर दारोगा व सिपाही बिना हेलमेट सड़क पर फर्राटा भर रहे हैं।एसपी के डर से कई पुलिसकर्मियों ने हेलमेट खरीद लिया लेकिन उसे लगाते नहीं। बाइक पर टांग कर चलते है। कुछ ऐसा ही नजारा पुलिस आफिस के बाहर देखने को मिल रहा है। एसपी कार्यालय में ड्यूटी करने के बाद दोपहर ढाई बजे एक पुलिसकर्मी बिना हेलमेट लगाए बाइक से जा रहा था। पुलिसकर्मी की बाइक में हेलमेट लटक रहा था। वहीं कोतवाली के बाहर मुख्य सड़क पर दारोगा बिना हेलमेट के बाइक से फर्राटा भर रहे थे। बिना हेलमेट बाइक पर दारोगा को देखकर अन्य बाइक सवार भी बेफिक्र हो कर चलने लगे। यह नजारा आए दिन सड़क पर दिख जाएगा। हेलमेट को लेकर शासन की सख्ती व एसपी का फरमान ऐसे पुलिसवालों के कानों तक नहीं पहुंच रहा है।

### अनियंत्रित बाइक गिरी, युवक घायल

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के बडेसर गांव स्थित एक निजी आईटीआई के पास मंगलवार की दोपहर खरीदारी कर वापस जा रहा युवक का बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। जिसमें उसके सिर में गंभीर चोट आई। जिसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बड़ेसर गांव निवासी सुनील कुमार राम (40) तहसील के पास से खरीदारी कर वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान बड़ेसर के पास स्थित एक निजी आईटीआई के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गया। जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने उसे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. रविरंजन ने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोट लगी है और उसे लगातार उल्टी हो रहा है। जिस कारण से तत्काल ट्रामा सेंटर के लिये रेफर किया गया है।


### पुलवामा आतंकी हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के मार्टिन चिल्ड्रेन एकेडमी में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानाचार्य विनय राय ने कहा कि अमर शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों को हमेशा सम्मान देना चाहिए और उनके बताए गए रास्तों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ युवा पश्चिम की संस्कृति को अपना रहे हैं। वेलेंटाइन डे मनाने की बजाय अपने माता-पिता की सेवा करना चाहिए। देश के लिए मर मिटने का जज्बा होना चाहिए। युवाओं को देश को मजबूत करने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। पुलवामा हमला भारतीय इतिहास का काला दिन था। जो देश और समाज में आतंकवादी गतिविधियां विकास में बाधा उत्पन्न करता है। इस मौके पर प्रबंधक अवधेश पांडेय, उप प्रधानाचार्य मनोज प्रजापति, भगवंत यादव, मृत्युंजय यादव, हेमंत कुमार, राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जब-जब धरा पर अत्याचार बढ़ता, तब प्रभु का अवतार : पवनदेव

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र शेरपुरकला गांव के व्यामशाला प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा आयोजन हुआ। कथा वाचक पवनदेव महाराज श्रीधाम वृंदावन ने कहा कि मथुरा के राजा उग्रसेन का लड़का कंस जब अपने ही पिता को राजगद्दी से हटाकर स्वयं मथुरा का राजा बन गया, देवताओं के ऊपर अत्याचार बढ़ गया। तब देवताओं और पृथ्वी के प्रार्थना पर स्वयं परमपिता परमात्मा शरीर धारण करके पृथ्वी के कष्टों को दूर करने के लिए अवतार लेते हैं। इस मौके पर यज्ञाधीश कन्हैया दास महाराज, संजय महाराज ,आचार्य रोहित संस्कृतियां, मुख्य यजमान ओम प्रकाश राय, चौकी इंचार्ज मनोज मिश्रा, सीमा राय, पवन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# रेल पटरी चटकने से अधिकारियों में हड़कंप



दिलदारनगर के पास चटकी रेल पटरी।

**दिलदारनगर।** स्थानीय स्टेशन लिमिट में किलोमीटर 697/07-09 के बीच रेल फाटक के पूरब में मंगलवार की भोर 3:18 में अप लाइन में 15547 रक्सौल लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के गुजरते के कुछ देर बाद रेल पटरी चटकी गई। इसके बाद पैनल रूम में अप लाइन का सर्किट अचानक लाल हो गया। सर्किट लाल होते ही स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात उप स्टेशन मास्टर दीपक कुमार गुप्ता ने तत्काल पोर्टर जय प्रकाश को मौके पर भेज कर स्थिति की जानकारी लिया।इसके बाद स्टेशन मास्टर ने दानापुर नियंत्रण कक्ष और रेल पथ विभाग को इसकी सूचना दिया।मौके पर पहुंचे रेल पथ के कर्मियों ने भोर में 4 बजे चटकी रेल पटरी पर क्लेम्प बाँधकर रेल पटरी दुरुस्त किया गया। परिचालन पर इसका कोई असर नही पड़ा।इस संबंध में दिलदार नगर के रेल पथ निरीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि चटकी रेल पटरी पर क्लेम्प बांधक दुरुस्त कर दिया गया है और अप लाइन की ट्रेनें को 30 किमी काशन के जरिये चलाया जा रहा है।

## पारा चढ़ते ही परेशान करने लगे मच्छर

**गाजीपुर।** मौसम बदलते ही मच्छरों की संख्या बढ़ने लगी है। रात ही नहीं, दिन में भी मच्छर सताने लगे हैं। नींद खराब होने के अलावा बीमारियों का खतरा अभी से सताने लगा है। प्रदीप कुमार, मनोहर लाल, प्रेमसिंह, जयवीर सिंह, रामनाथ सिंह आदि ने कहा कि मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव कराया जाए। जिससे लोगों को राहत मिल सके।ठंड की विदाई के साथ शहर में मच्छरों की फौज हमले के लिए तैयार होने लगी है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस साल जनवरी के बाद बदला मौसम मच्छरों की वंशवृद्धि के अनुकूल रहा है। जलभराव और गंदगी से मच्छरों के पनपने में मदद मिलेगी। इस बार भीषण गर्मी होने तक मच्छर ज्यादा सताएंगे। गर्मी बढ़ते ही मच्छर और मक्खियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। लोग परेशान हो रहे हैं। रात में लोग मच्छर मारनेवाली अगरबत्ती और लिक्विडेटर की जरूरत पड़ रही है। इसके बावजूद अब तक नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों की ओर से फॉगिंग की व्यवस्था शुरू नहीं की है। इससे लोग काफी परेशान हो रहे हैं।

# बिजली चोरी कर चार्ज कर रहे ई-रिक्शा

**सरकार को पलीता**

### एक ई-रिक्शा पर प्रतिदिन आठ से नौ यूनिट खर्च होती है बिजली

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** ई-रिक्शा संचालक प्रति वर्ष पावर कारपोरेशन को लगभग 10 करोड़ रुपये का चूना लगा रहे हैं। शहर में हजारों ई-रिक्शा के बैट्री की चार्जिंग के लिए जिले में अब तक प्रशासनिक या निजी स्तर से कोई व्यवस्था नहीं की जा सकी है। प्रतिवर्ष बढ़ रही इनकी संख्या पर लगाम लगाना तो दूर, निष्क्रिय होने वाली इनकी बैट्री से शहर में ई कचरा भी फैलता जा रहा है। अवैध तरीके से ई-रिक्शों की हो रही चार्जिंग के विरुद्ध पावर कारपोरेशन अभियान चलाने में भी असफल रहा है। यही कारण है कि व्यवसायिक प्रयोग में आने वाले ई-रिक्शा के संचालक घरेलू कनेक्शन से या फिर चोरी की बिजली से बेखौफ अपने वाहन की बैट्री चार्ज करते हैं।

दरअसल, पर्यावरण के लिए अनुकूल माने जाने वाले ई-रिक्शा की चार्जिंग के लिए जिले स्तर से अब तक कोई पहल की ही नहीं गई। यह कार्य जिला प्रशासन या फिर बिजली विभाग के स्तर से किया जाना था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेना उचित नहीं समझा। इसका परिणाम अब सामने दिख रहा है। ई-रिक्शा व इलेक्ट्रानिक वाहनों की चार्जिंग के लिए पावर कारपोरेशन ने जो नियमावली का निर्धारण कर रखा है। उसके मुताबिक घरेलू बिजली से वाहन की चार्जिंग को दंडनीय अपराध माना गया है। घरेलू बिजली से अपने इलेक्ट्रिक वाहन की चार्जिंग के लिए उपभोक्ता को पावर कारपोरेशन से निर्धारित टैरिफ प्लान को अपनाना होगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो जांच में पकड़े जाने पर जुर्माना व मुकदमा दर्ज कराने का प्रविधान है। पावर कारपोरेशन ने इलेक्ट्रानिक वाहन के लिए निजी चार्जिंग व सार्वजनिक चार्जिंग के लिए अलग-अलग टैरिफ का प्लान कर रखा है।



टेढ़ीबाजार मुहल्ले में अवैध रूप से ई-रिक्सा चार्ज करते चालक।

# मोहम्मद अयान ने वॉलीबॉल में जीता कांस्य पदक

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** ब्लाक अन्तर्गत ताड़ीघाट खेल मैदान के होनहार एवं यूपी के उदयीमान बालीवाल के सब जूनियर कांउटर अटैकर राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद अयान ने दिल्ली में आयोजित 44 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बालीवाल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अपने प्रतिभा का परचम लहराते हुए जिले एवं प्रदेश का नाम रौशन किया है। इसकी जानकारी कोच सहित क्षेत्रीय खेल प्रेमियों एवं परिजनों को होते ही लोगों में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया।

लोगों एक दूसरे को मिठाई खिला इस खुशी का इजहार किया। मालूम हो कि दिल्ली में आयोजित 44 सब जूनियर राष्ट्रीय बालीवाल चैंपियनशिप आयोजित थी,जिसमें सेमीफाइनल मुकाबले में यूपी की टीम गुजरात से पराजित हो गई। जिसके बाद कांस्य पदक के लिए उसका मुकाबला उत्तराखण्ड से हुआ जिसमें काउंटर अटैकर की भूमिका में यूपी की तरह से खेल रहे ताड़ीघाट खेल मैदान के होनहार खिलाड़ी ने अपने प्रतिभा का जलवा बिखेरते हुए अपने दम पर उत्तराखण्ड को पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में पहला दो सेट यूपी ने 25 -22,25-21 जबकि तीसरा व चौथा सेट उत्तराखण्ड ने 25-20,25-22 से जीता वहीं अंतिम एवं निर्णायक पांचवा सेट यूपी ने 15-8 से जीत कांस्य पदक पर कब्जा जमा लिया। मालूम हो कि इस होनहार खिलाड़ी की आरम्भिक शिक्षा शहर स्थित एमजेअग्रणी स्कूल में उसके बाद उसका दाखिला देवरियां के अंतर आदर्श इंटरकालेज में हो गया। उसके खेल को देखते हुए उसका चयन स्पोर्ट्स हास्टल देवरियां में ही हो गया।



44 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉलीवॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता मोहम्मद अयान।

बालीवाल खिलाड़ी अयान के पिता पशुचिकित्सक है।

मोहम्मद अयान ने बताया कि उसका बालीवाल की तरफ शुरू से ही रूझान रहा है,उसने अपनी सफलता का श्रेय कोच अखिलेश सिंह टुन्ना सहित माता पिता के आशिर्वाद एवं दोस्तों के सहयोग को दिया।उसने बताया कि उसकी इच्छा सीनियर भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करना है।

## महाहर धाम पहुंचे एसपी तैयारियों का लिया जायजा

**मरदह।** धर्म और आस्था के पावन स्थल भगवान भोले नाथ की स्थली महाहर धाम में महाशिवरात्रि के पवित्र अवसर पर दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को एसपी ओमवीर सिंह महाहर धाम पहुंचे। कहान ने सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों का बारिकी से निरीक्षण किया। एसपी ने बताया महाहर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया जा चुका है। सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता जगह-जगह रहेगी। बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था,जल व्यवस्था, प्रकाश, बैरियर, फायर ब्रिगेड, पुलिस, पीएसी भी मौजूद रहेगी। महाशिवरात्रि के अवसर पर चार दिनों तक महाहरधाम में मेले का आयोजन होता है। मौके पर एसपीआरए अभिषेक भारती, क्षेत्राधिकारी बलिराम, थाना प्रभारी राजेश, चौकी प्रभारी कौशलेंद्र सिंह, उप निरीक्षक नंदलाल, विवेक, मंदिर समिति के प्रवीण पटवा, इन्द्रासन सिंह, रामप्रवेश, प्रमोद, रामप्यारे, रामबचन सिंह, वीरेन्द्र सिंह, शिवलाल यादव, मौजनाथ, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, कन्हैया आदि लोग मौजूद रहे।

# जनसेवा केंद्र से पचास हजार की जालसाजी

जनसंदेश न्यूज

**गुहार**

### पीड़ित ने बैंक अधिकारी सहित कोतवाली में दी तहरीर

**मुहम्मदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के मुर्की गांव निवासी जनसेवा केंद्र से पैसा निकालने के दौरान जालसाजी का शिकार हो गया। जालसाजी की सूचना जब पुत्र एटीएम से धनराशि निकालने गया तब गायब रूपयों की जानकारी पिता को दिया। आनन-फानन में पिता के साथ पुत्र एसबीआई शाखा पहुंचा और जालसाजी की लिखित सूचना दिया।

मुर्की निवासी अहमदुल्लाह खान पुत्र सिराजुद्दीन खान के खाते से पचास हजार निकालने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने स्थानीय कोतवाली में लिखित तहरीर भी दी है। इसी क्रम में ग्राम तिवारीपुर निवासीनी कांति देवी पत्नी प्रभुनाथ पासवान ने तिवारीपुर मोड़ के सहज जन सेवा केंद्र पर 10000 निकालने गई। सहज जन सेवा केंद्र संचालक ने बताया कि अगूंठा प्रमाणित नहीं हुआ है। इसलिए पैसा नहीं मिल पाएगा। महिला घर वापस आई और अपने बेटे जितेंद्र कुमार पासवान को एटीएम देते हुए पैसा निकालने के लिए कहा। बेटा एटीएम कार्ड से 10000 लाकर अपनी मां को दे दिया।

बेटे ने जब अपने खाते को अपडेट कराया तो पता चला कि खाते से 20000 निकल चुका है। बेटा अपनी मां को साथ लेकर एसबीआई बैंक के प्रबंधक को एक लिखित आवेदन दिया। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। लेकिन कुल मिलाकर इस तरह हो रहे धोखाधड़ी से नागरिक को मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ चला हंटर

जनसंदेश न्यूज

**दिलदारनगर।** स्थानीय नगर पंचायत में पॉलीथिन का प्रयोग करने वालों खिलाफ अभियान शुरू किया गया। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ टीम द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए 10 व्यापारियों के दुकानों मे चेकिंग कर पालीथिन जप्त किया गया और 20 हजार रुपये का राजस्व वसूली कर चालान किया गया। ईओ ने बताया कि नगर में पॉलीथिन का प्रयोग करते वालो के बिरुद्ध बराबर अभियान चलाकर करवाई किया जाएगा। इस अभियान में गौतम बुद्ध, घनश्याम यादव, महाजन यादव, गुड्डू सहित अन्य कर्मी साथ रहे।



# बिजली विभाग ने लगाया कैंप, चोरी करने वालों की खैर नहीं



बारा गांव में लगे कैंप में समस्याओं का समाधान करते अधिकारी।

जनसंदेश न्यूज


**बारा।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बारा के पास बिजली विभाग ने मंगलवार को कैंप का आयोजन कर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया। इस दौरान बिल जमा, बिल सुधार के साथ चार नए कनेक्शन दिए गए। एसडीओ कमलेश प्रजापति ने बताया कि बकाया जमा नहीं करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई।

कैंप में डेढ़ लाख रुपये से अधिक की राजस्व वसूली हुई। चार नए कनेक्शन देने के साथ ही तीन जले हुए मीटर बदले गए। इसके पूर्व बिजली विभाग की टीम ने क्षेत्र में बिल जमा करने के लिए लोगों को जागरूक भी किया।

जेई रामप्रवेश चौहान ने बताया कि शासन के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल बकायदारों को राहत पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर कैंप लगाकर बिजली बिल जमा किया जा रहा है। एसडीओ कमलेश प्रजापति ने कहा कि बिना कनेक्शन लिए बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसएसओ कैलाश यादव, कम्प्यूटर आपरेटर बीरबल राजभर, लाइनमैन सेराज खान, रामऔतार मिश्रा आदि विद्युत कर्मी रहे।

**ट्रांसफार्मर में क्वाइल-तेल चोरी**

**गहमर/बारा।** क्षेत्र में किसानों के नलकूप पर लगे बिजली ट्रांसफार्मरों पर भी चोरों की नजर जा पड़ी है। सोमवार की रात को भी चोर गहमर कोतवाली क्षेत्र के हथौड़ी गांव में एक किसान के नलकूप पर लगे 25 केवी ट्रांसफार्मर को उखाड़ तांबे की क्वाइल और तेल चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह जानकारी होने पर किसानों ने पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। ग्राम प्रधान पवन कुमार राम ने गहमर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरों का पता लगा कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव स्थित निजी नलकूप को बिजली सप्लाई देने के लिए विभाग की तरफ 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था। सोमवार की रात चोर ट्रांसफार्मर को खोलने के बाद उससे तेल निकालने के साथ तांबे की क्वाइल भी निकाल कर ले गए। ग्राम प्रधान द्वारा बताने पर लाइनमैन ने ट्रांसफार्मर को देखकर एसडीओ को अवगत कराया।




हथौड़ी गांव में चोरों द्वारा उखाड़ कर नीचे रखा ट्रांसफार्मर।

## जनसंपादकीय

# बलि के बकरे और पवित्र गाएं

**राम पुनियानी**



दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में 2019 में हुई हिंसा के सिलसिले में 11 विद्यार्थियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें शरजील इमाम नामक जेएनयू का छात्र शामिल था। अन्यों में सफूरा जरगर और आसिफ इकबाल तन्हा जैसे विद्यार्थी थे। इन सभी को डिस्चार्ज (उन्मोचित) करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने कहा, 'पुलिस असली दोषियों को पकड़ नहीं सकी और उसने इन लोगों को बलि का बकरा बनाया।' अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस इस मामले में एक के बाद पूरक चालान पेश करती जा रही है, जिनमें कुछ भी नया नहीं होता। निश्चित तौर पर ऐसा केवल मामले को लम्बा खींचने के लिए किया जा रहा है ताकि इन 11 लोगों को जेल में रखा जा सके। जहाँ शांति और सौहार्द की बात करने वाले उमर खालिद जैसे लोग सीखचों के पीछे हैं वहीं 'गोली मारो।।' का नारा देने वाले अनुराग ठाकुर को राज्य मंत्री से पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बना दिया गया है।

कोविड महामारी के शुरूआती दौर में तबलीगी जमात ने दिल्ली में अपना एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें भाग लेने कुछ लोग विदेश से आए। गोदी मीडिया तुरंत सक्रिय हो गई। तबलीगी जमात के सदस्यों को कोरोना फैलाने के लिए जिम्मेदार करार दे दिया गया। उन्हें कोरोना जिहादी और कोरोना बम बताया गया। कई को गिरफ्तार भी किया गया। लगभग उसी समय 'नमस्ते ट्रम्प' नाम का एक विशाल आयोजन अहमदाबाद में किया गया। उसी समय कनिका कपूर नामक गायिका ने विदेश से आकर भारत में कई शो किये। एक सिक्ख ग्रंथी भी समुद्रपार से आकर सभाएं कर रहे थे।

तबलीगी जमात के जिन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें काफी कष्ट भोगने के बाद, निर्दोष घोषित कर रिहा कर दिया गया। उन्हें दोषमुक्त करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा, 'राजनैतिक सरकार किसी भी आपदा या महामारी के समय बलि के बकरे ढूँढने का प्रयास करती है। परिस्थितियों को देखते हुआ लगता है कि शायद इन विदेशियों को बलि का बकरा बनाने के लिए चुना गया था। ऊपरवर्णित परिस्थितियों और भारत में संक्रमण के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि याचिकताओं के खिलाफ यह कार्यवाही नहीं की जानी चाहिए थी।'

मालेगांव, मक्का मस्जिद और अजमेर में कई बम धमाकों के बाद, बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उनके खिलाफ कोई सुबूत न मिलने के कारण उन्हें रिहा कर दिया गया। परन्तु इस बीच उनके करियर बर्बाद हो गए और उन्हें व उनके परिवारों को भारी बदनामी झेलनी पड़ी। उस समय अनहद नामक मानवाधिकार संगठन ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसका शीर्षक था, 'स्केपगोट्स एंड होली काऊज (बलि के बकरे और पवित्र गाएं)' इसी तरह, जामिया टीचर्स एसोसिएशन की रिपोर्ट का शीर्षक था, 'फ्रेम्ड, डैम्ड एंड एक्विटिड (फंसाओ, अपराधी घोषित करो, बरी कर दो)' इस रिपोर्ट में कहा गया था कि अक्सर मुसलमानों को झूठे मामलों में फंसाया जाता है, उन पर मुकदमे चलते हैं और लम्बे समय तक जेल में रहने के बाद उन्हें रिहा कर दिया जाता है। कई मामलों में अदालतें उनकी मददगार होती हैं।

इसी कहानी का दूसरा पक्ष भी है। कई भगवाधारी और सांप्रदायिकता प्रेमी बिना किसी डर के नफरत फैलाते हैं। इसका एक उदाहरण हैं भोपाल से सांसद प्रज्ञा ठाकुर, जो मालेगांव बम धमाके मामले में जमानत पर हैं। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि वे लव जिहाद करने वालों से निपटने के लिए चाकुओं में धार करवा कर रखें। पिछले कुछ समय से अनेक साधु-सन्यासी और यहाँ तक कि सत्ताधारी दल से जुड़े लोग नफरत फैलाने वाले भाषण दे रहे हैं। सार्वजनिक सभाओं में भाजपा के नेता भी विषवमन कर रहे हैं।

'हिन्दू जनाक्रोश मोर्चा' नामक एक संगठन ने महाराष्ट्र में 20 से अधिक रैलीयां आयोजित कर धर्मपरिवर्तन और 'लव जिहाद' को लेकर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ जहर उगला। संगठन ने 6 फरवरी को मुंबई में रैली आयोजित करने की घोषणा की थी जिसमें धर्मपरिवर्तन और लवजिहाद के मामले उठाने के अलावा, मुस्लिम व्यापारियों के बहिष्कार का आव्हान भी किया जाना था। इस आयोजन के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की गई। अदालत ने पुलिस को 'हेट स्पीच' के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करने का आदेश दिया। जब यह प्रावधान है तो पुलिस ने पहले इसका उपयोग क्यों नहीं किया?

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 फरवरी 2023 को विभिन्न हिंदुत्व संगटनों ने एक रैली आयोजित की जिसमें मुसलमानों और ईसाईयों को मारने के लिए हथियार इकठ्ठा करने का आव्हान किया गया। 'द स्क्रोल' की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'एक वीडियो, जिसे सोशल मीडिया पर जम कर शेयर किया गया, में एक साधु हिन्दुओं से आव्हान कर रहा है कि वे ईसाईयों और मुसलमानों को मारने के लिए हथियार एकत्रित करें। एक अन्य वीडियो में भारतीय जनता पार्टी के नेता सूरज पल अमु हिंसा करने की बात कह रहे हैं...' कुछ इसी तरह के आव्हान यति नरसिंहानंद एंड कंपनी धर्मसंसदों में करते आए हैं। इन सभी को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और कुछ भी कहने की स्वतंत्रता भी।

यति, जो जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर हैं, के खिलाफ हरिद्वार में आयोजित धर्मसंसद में महिलाओं के बारे में टिप्पणियों के सिलसिले में और अन्य मामलों में एफआईआर दायर की गईं। उन्हें गिरफ्तार भी किया गया परन्तु उन्हें आसानी से जमानत मिल गई।

अब जरा क्रोनोलोजी समझिये। मुस्लिम युवकों को अक्सर यूएपीए (गैर-कानूनी गतिविधियाँ निरोधक अधिनियम) व अन्य सख्त कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तार किया जाता है जिनमें जमानत मिलना अपेक्षाकृत कठिन होता है। उन्हें जमानत न मिल सके और वे ज्यादा से ज्यादा समय जेल में बिताएं इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम किये जाते हैं। हिन्दुत्व के झंडाबरदारों, भाजपा के नेताओं और भगवाधारियों के खिलाफ मामूली धाराओं में मामले दर्ज होते हैं और उन्हें यदाकदा ही जेल जाना पड़ता है। सांप्रदायिक राजनीति के उभार के साथ हमारे देश में दो अलग-अलग न्याय प्रणालियाँ विकसित हो गईं हैं। जबरदस्त दुष्प्रचार ने अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ पूर्वाग्रह और उनके बारे में अनेक गलतफहमियां लोगों के मन में बैठा दीं हैं। मीडिया का एक बड़ा तबका, आईटी सेल और व्हाट्सएप ग्रुप नफरत फैला रहे हैं। शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, राणाप्रताप आदि के बहाने अलाउद्दीन खिलजी, अकबर, औरंगजेब और अन्य मुस्लिम शासकों के बारे में बेबुनियाद बातें आरएसएस के शाखाओं में स्वयंसेवकों को सिखाई जा रहीं हैं। प्रचारक के स्तर पर महीनों लम्बे प्रशिक्षण के जरिये स्वयंसेवकों को हिन्दू राष्ट्र की विचारधारा का कट्टर समर्थक बनाया जा रहा है।

यह तो हुई जमीनी स्तर की बात। जैसे-जैसे ये प्रचारक आरएसएस की राजनैतिक व अन्य शाखाओं में उच्च स्तर पर पहुँचते जाते हैं, उन्हें अपने अन्दर भरी नफरत को मीठी चाशनी में लपेट कर परोसना सिखाया जाता है। इसी के चलते आरएसएस के मुखिया कहते हैं कि देश के सभी निवासी हिन्दू हैं और वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना पर जोर देते हैं। यहाँ तक कि इससे प्रभावित होकर कई चिंतकों और अध्येताओं को लगने लगता है कि आरएसएस के साथ संवाद स्थापित किया जाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सनातन हिन्दू राष्ट्र की बात करते नजर आते हैं।

भावनात्मक मुद्दों को उठाकर हालात को और गंभीर बनाया जा रहा है। राममंदिर, बीफ और जिहाद की अलग-अलग किस्मों के नाम पर समाज को बांटा जा रहा है। इन्हीं मुद्दों और नफरत के सहारे सांप्रदायिक राष्ट्रवादी विचारधारा अपने को मजबूत कर रही है। इस स्थिति को बदलने के लिए भाईचारे को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। लोगों और विशेषकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को भारत की बहुवादी और समावेशी संस्कृति से परिचित करवाया जाना भी आवश्यक है।

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन् 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी कहां है

**प्रसंगवश**

**गिरीश्वर मिश्र**



अनुमान किया जा रहा है कि इक्कीसवीं सदी में विश्व-पटल पर भारत और चीन देशों की मुख्य भूमिका हो सकती है। वे कई परिवर्तनों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। संचार माध्यमों के तीव्र विस्तार के साथ कई अर्थों में 'विश्व-व्यवस्था' और 'विश्व-गाँव' जैसे जुमले वास्तविकता का आकार ले रहे हैं। व्यापारझ्रवाणिज्य को बढावा देने के लिए नए किस्म की जरूरतें पैदा हो रही हैं। अपने हितों को देखते हुए अनेक बहुराष्ट्रीय कंपिनियां भारत के साथ व्यापार बढ़ा रही हैं। चूंकि उपभोक्ता या ग्राहक हिंदी क्षेत्र में अधिक हैं अतः अर्थ तंत्र की संघटना में हिंदी की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हुई है। इस बीच सूचना-प्रौद्योगिकी का भी अप्रत्याशित विस्तार हुआ है जिसने भाषा-व्यवहार , कार्य के परिवेश और कार्य पद्धति में एक अनिवार्य बदलाव आ रहा है।

हिंदी भाषा की क्षमता को कई तरह से आँका जाता है। उसके बोलने वालों का बढ़ता संख्या बल, साहित्य-सृजन की मात्र और उसके प्रकाशन का विस्तार, हिन्दी की बढ़ती शब्द-संपदा, हिंदी का लचीला भाषिक स्वरूप, जन-संचार माध्यमों में हिंदी की बढ़ती उपस्थिति, भाषांतर या अनुवाद की व्यवस्था, पारिभाषिक शब्दावली का विकास आदि को ध्यान में रख कर हिंदी की व्यापक भूमिका को अक्सर रेखांकित किया जाता है। भारत के एक बड़े भू भाग में रहने वाली आम जनता अपने सामान्य जीवन में हिंदी को व्यवहार में लाती है परंतु घर के बाहर निकलते ही उसे एक भिन्न प्रकार के और एक हद तक अस्वाभाविक से भाषिक संसार का सामना करना पड़ता है। हिंदी क्षेत्रों में बाजार, स्कूल, मनोरंजन , कोर्ट-कचहरी, अस्पताल, सरकारी कार्यालय और बैंक आदि स्थानों पर हिंदी और अँग्रेजी भाषाएँ प्रतिष्ठा, प्रामाणिकता और उपलब्धता के पैमानों पर अलग पायदानों पर खड़ी दिखती हैं। आज भी अँग्रेजी की स्वीकार्यता निश्चित रूप से अधिक है और वह कुछ अतिरिक्त मोह के साथ भारतीय मानस पर सवार है । यह तब है जब पूरे भारत में हिंदी जानने वालों की संख्या 50 प्रतिशत और अँग्रेजीदाँ की संख्या महज 10 प्रतिशत है ।

कोई भी भाषा संदर्भ के अनुसार विकसित होती है। जिस भाषा का प्रयोग-क्षेत्र जितना ही विस्तृत होता है वह उतनी ही सबल होती है। जब भाषा के प्रयोग को समाज में सम्मान मिलता है तो उसकी स्वीकृति बढ़ती है। भाषा प्रयोग की औपचारिक और अनौपचारिक शैलियों में भी अंतर होता है और उनकी शब्दावली भी भिन्न हो जाती है । परंतु यह सर्वमान्य है की कोई भाषा उतनी ही सीखी जाती है जितनी उसकी उपयोगिता होती है। भाषा के प्रयोग से ही उसका अस्तित्व होता है और प्रयोक्ताओं कि आवश्यकता से उसकी दक्षता निर्धारित होती है। जब समाज को भाषा की जरूरत होती है तो वह उसका संरक्षण करता है। यह भी गौरतलब है कि भाषाओं के विस्तार के लिए राजनीति बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आज अंग्रेजी का बोलबाला है तो इसका कारण यही है कि दुनिया में अनेक देश उसके उपनिवेश रहे हैं। वही हाल फ्रेंच या स्पेनिश साम्राज्य का था । जहां भी उनके उपनिवेश बने थे वहाँ उनकी भाषा चली।

भरत को स्वतंत्रता मिलने के सात दशक बाद भी अँग्रेजी के प्रति ज्यादातर भारतीयों का एक दुर्निवार आकर्षण आज भी बना हुआ है और उसे आसानी से देखा जा सकता है। जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रयोग के कारण अंग्रेजी का प्रभुत्व बना हुआ है। अंग्रेजी ज्ञान के आधार पर अच्छी नौकरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही सरकारी दस्तावेज मूलतः अंग्रेजी में होते हैं और सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का बोलबाला है। इसी तरह प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में भी अंग्रेजी की उपस्थिति प्रमुखता से देखी जा सकती है। ऐसे में अंग्रेजी के जानकार व्यक्ति को समाज में अधिक आदर और सम्मान मिलता है। अनुमान है कि जीवन में महत्वपूर्ण लगभग 85 प्रतिशत कार्यों में अँग्रेजी की साख है और 15 प्रतिशत कार्यों में ही हिंदी का प्रयोग होता है। स्वतंत्रता मिलने के बाद विदेशी भाषा की उपयोगिता और उससे जुड़ा सम्मान भाव कम नहीं हुआ है। यही कारण है कि आज गरीब तबके के लोग भी लाख मुसीबतें झेल कर मंहगे अंग्रेजी स्कूल में ही अपने बच्चे को भर्ती करा कर उसे पढाने का बंदोबस्त करते हैं। सरकार इन सबसे उदासीन है हालांकि मातृ भाषा में ही बच्चों की शिक्षा का लाभ सर्वविदित है। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में अंग्रेजी की घुसपैठ बढ़ती जा रही है और 'हिंग्लिश' यानी हिंदी में अंग्रेजी के छिड़काव को लेकर लोग गर्व करते दिख रहे हैं । लोग अपनी बात को प्रभावी बनाने के लिए अनावश्यक रूप से अंग्रेजी शब्दों को ठूंसते रहते हैं। ऐसी लापरवाही अवांछित परिणाम भी होते हैं। विशेष रूप से हिंदी की वर्तनी या हिज्जा विकृत हो जाता है। दूसरी ओर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान और उपलब्धि भी सामान्यतः साधारण स्तर की ही पाई जाती है।

भाषाओं के समकालीन अध्येता भाषाओं के विस्तार और संकोच का जो मानचित्र दिखा रहे हैं उसमें निकट भविष्य में सहस्राधिक भाषाओं के लुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है परंतु संख्या बल की बदौलत हिंदी की स्थिति की सुदृढ़ता का संकेत देते हैं। आज भाषा के संरक्षण और सम्बर्धन के लिए बहुभाषिक कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। शब्दकोशों और विश्वकोशों की संख्या बढ़ रही है । हिंदी के व्याकरण पर कार्य हो रहा है, ई-पुस्तकालय और ई-बुक का भी निर्माण जोरों पर है। इससे हिंदी को गति और ऊर्जा मिल रही है। हिंदी के प्रयोग का क्षेत्र भी बढ़ा है और चार करोड़ प्रवासी भारतीय भि इससे जुड़े हैं। भारत के बाहर हिंदी का प्रयोग भाषा और संस्कृति की दृष्टि से दक्षेस, खाड़ी देश, यूरोप, अमेरिका, मारिशस, सूरीनाम, फीजी, गयाना, त्रिनीदाद, दक्षिण अफ्रीकाआदि में हो रहा है। विश्व हिंदी सचिवालय मारीशस में स्थापित हुआ है। 11 वां विश्व हिंदी सम्मेलन भी अगस्त 2018 में वहीं आयोजित हुआ था । प्रधान मंत्री मोदी की हिंदी के सम्बर्धन में विशेष रुचि रही है। भारत और विदेश में वे अपने भाषणों के लिए हिंदी माध्यम चुनते हैं। संयुक्त राष्ट्र में पहल हुई है और साप्ताहिक बुलेटिन हिंदी में जारी किया जा रहा है। साथ ही वहाँ पर विविध प्रकार की सामग्री भी हिंदी में उपलब्ध करने की व्यवस्था हो रही है।

जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रयोग के कारण अंग्रेजी का प्रभुत्व बना हुआ है। अंग्रेजी ज्ञान के आधार पर अच्छी नौकरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही सरकारी दस्तावेज मूलतः अंग्रेजी में होते हैं और सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का बोलबाला है। इसी तरह प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में भी अंग्रेजी की उपस्थिति प्रमुखता से देखी जा सकती है। ऐसे में अंग्रेजी के जानकार व्यक्ति को समाज में अधिक आदर और सम्मान मिलता है। अनुमान है कि जीवन में महत्वपूर्ण लगभग 85 प्रतिशत कार्यों में अँग्रेजी की साख है और 15 प्रतिशत कार्यों में ही हिंदी का प्रयोग होता है। स्वतंत्रता मिलने के बाद विदेशी भाषा की उपयोगिता और उससे जुड़ा सम्मान भाव कम नहीं हुआ है। यही कारण है कि आज गरीब तबके के लोग भी लाख मुसीबतें झेल कर मंहगे अंग्रेजी स्कूल में ही अपने बच्चे को भर्ती करा कर उसे पढाने का बंदोबस्त करते हैं। सरकार इन सबसे उदासीन है हालांकि मातृ भाषा में ही बच्चों की शिक्षा का लाभ सर्वविदित है। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में अंग्रेजी की घुसपैठ बढ़ती जा रही है और 'हिंग्लिश' यानी हिंदी में अंग्रेजी के छिड़काव को लेकर लोग गर्व करते दिख रहे हैं ।

आज भारतीय पेशेवर विश्व में हर कहीं दिखते हैं और भारत की राजनैतिक-आर्थिक सत्ता की व्यापक उपस्थिति में योगदान कर रहे हैं। इस कार्य में मीडिया की विशेष भूमिका है। आज फिल्म, विज्ञापन, प्रकाशन तथा सोशल मीडिया ने हिंदी के संबर्धन के लिए अवसर बढाया है और भारत ज्ञान कोश, हिंदी विकी पीडिया, हिंदी कविता कोश आदि ने हिंदी के लिए प्रचुर साहित्य सामग्री उपलब्ध कराई है। महात्मा गांधी अंतर राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के हिंदी समय डाटकाम पर 7 लाख पृष्ठ का हिंदी साहित्य उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त समाज विज्ञान कोश ( छह खंडों में ), अहिंसा शब्दकोश, वर्धा हिंदी कोश वर्धा विश्व विद्यालय के पोर्टल पर निःशुल्क उपलब्ध है। सोशल मीडिया में भी ब्लाग, ट्विटर आदि पर भी हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है। इन माध्यमों को देखें तो साहित्य की एक पूरी नई विधा ही आकार लेती दिख रही है।

समर्थ भाषा बनाने के लिए हिंदी का स्थिर वर्ण क्रम होना चाहिए और उसका मानकीकरण तथा अनुपालन जरूरी है। क्षेत्रीय भिन्नता के कारण लोक व्यवहार में विविधता तो होगी पर औपचारिक क्षेत्र में एकरूपता अपेक्षित है । लिखित रूप में लिपि चिह्नों का संयोजन, शब्द स्तर की वर्तनी और विराम चिह्न आदि का अनुशासन जरूरी है । एक ध्वन्यात्मक भाषा के रूप में हिंदी के परिनिष्ठित रूप को पाने के लिए यह जरूरी होगा। उदाहरण के लिए अर्ध चंद्र, बिन्दु, अनुस्वार, चंद्र बिन्दुऔर अनुनासिकता आदि को लेकर कई तरह के भ्रम बने हुए हैं और शैलियां प्रचलित हैं । मानकीकरण से स्पष्टता, प्रामाणिकता और संप्रेषणीयता आ सकेगी ।

राज भाषा के रूप में हिंदी प्रयोग के लिए विधि विधान तो संविधान में किए गए हैं परंतु कार्यान्वयन की दृष्टि से अभी भी हम बहुत पिछड़े हैं। कहना न होगा कि अपनी भाषा में सोचने, पढ़ने और लिखने से सर्जनात्मकता को भी बल मिलेगा।लोकतंत्र में जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए भी भाषा की केंद्रीय भूमिका है परंतु अभी तक भाषा , शिक्षा और लोकतंत्र के पारस्परिक रिश्ते की गम्भीरता को हम नजर अंदाज करते आ रहे हैं । सशक्त और समर्थ भारत का सपना देखते हुए इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती ।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

# फिराक गोरखपुरी होने के मायने

**स्मरण**

**डा. मंगलमूर्ति**



आजकल गजलगोई का चलन काफी बढ़ रहा है हिंदी में ही नहीं क्षेत्रीय बोलियों में भी । लिखने वालों की तादाद भी बढ़ रही है, और फेसबुक पर वीडियो भी रोज कई-कई आते हैं । अब ये और बात है कि उनमें से ज्यादातर को पढ़कर ऐसा लगता है जैसे ईंट पर ईंट रखकर कोई कच्ची दीवार बनाई गई हो जिसमें गारा-पलस्तर के अभाव से दीवाल में कोई मजबूती नहीं है, कोई टिकाऊपन नहीं है ।

उर्दू में गजलगोई का एक संश्लिष्ट विधान है, हालांकि वह फारसी गजलगोई के मुकाबले ज्यादा आजाद और लचीला होता गया है, जो इधर जॉन एलिया और राहत इन्दौरी की गजलों में बहुत साफ झलकता रहा है । इन दो शायरों का जाना इधर बहुतों को मर्माहत कर गया लेकिन ये दोनों नई चलन के शायर हैं, स्पोंसर्ड बड़े-बड़े मुशायरों वाले।

फिराक गोरखपुरी (रघुपति सहाय) क्लासिकल उर्दू के अजीम शायर माने जाते हैं उनकी एक मशहूर गजल का एक शेर है : इसी खंडहर में कहीं कुछ दिये हैं टूटे हुए/ इन्हीं से काम चलाओ बड़ी उदास है रात।

उनके इस गजल के प्रसंग में आज के हिंदी गजल के परिदृश्य को याद किया जा सकता है । उनकी एक अच्छी किताब 'उर्दू भाषा और साहित्य' उ.प्र. हिंदी संस्थान, लखनऊ से प्रकाशित है । उसमें उन्होंने उर्दू काव्य-साहित्य की चर्चा के साथ उसके विभिन्न काव्य-रूपों और पारिभाषिक शब्दावली को भी सरल भाषा में व्याख्यायित किया है। वहीं उन्होंने गजल की संरचना को भी तफसील से समझाया है । एक बार मैंने लिखा था, हिंदी के जिस कवि का नाम पूरी तरह इस फॉर्म के साथ चस्पां है, शायद वह अकेला नाम दुष्यंत कुमार का है ।ठीक उसी तरह जैसे त्रिलोचन शास्त्री का नाम हिंदी सॉनेट के साथ एकमेक हो चुका है। मानते हैं कि गजल अरबी-फारसी से उर्दू में आई, लगभग जैसे सॉनेट इतालवी से अंग्रेजी में आया। .गजल का सूफियाना मानी है, प्रेमिका से बातचीत, या हृदय का हृदय से सीधा संवाद लेकिन गजलगोई के कुछ बंधे-बंधाए नियम भी हैं । एक तरफ तो ये आजादी है कि इसके हर शेर में एक नया विचार या भाव भरा जा सकता है जो पूरी तरह स्वतंत्र हो लेकिन कुछ बंदिशें भी हैं - जैसे हर शेर में दो मिसरे होते हैं, और गजल का पहला शेर जिसे 'मतला' कहते है उसका पहला मिसरा (या पंक्ति) दूसरे मिसरे के साथ हम-काफिया (एक जैसे तुक वाला) होता है, यानि उनकी तुकें मिलती हैं तुक के बाद एक (या एकाधिक) शब्द ऐसा होता है जिसे 'रदीफ' कहते हैं तुक तो दो अलग-अलग ऐसे शब्दों से बनता है जिनकी केवल ध्वनियाँ मिलती हैं, पर रदीफ दोनों मिसरों में, और फिर आगे के हर दूसरे मिसरे में, बिलकुल एक ही रहता है ।

फिराक साहब की इस गजल के मतले में काफिया और रदीफ दोनों बिलकुल एक हैं, और आगे के शेरों में भी काफिए की पाबंदी आजाद है, केवल रदीफ का वजन भारी रखा गया है, जैसे ऊपर वाले शेर में । मतले का शेर, और आगे के एक और शेर से यह बात साफ होगी झ्रगजल के साज उठाओ बड़ी उदास है रात/ नवा-ए 'मीर' सुनाओ, बड़ी उदास है रात/ दिए रहो यूँ ही कुछ और देर हाथ में हाथ/ अभी न पास से जाओ, बड़ी उदास है रात/ कोई कहो ये खयालों से और खाबों से/ दिलों से दूर न जाओ बड़ी उदास है रात।

फिराक साहब की शायरी की सादगी ही उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती रही है । अपनी किताब में उन्होंने बताया है कि गजल एक ऐसी विधा है जिसमें कुछ कड़ी पाबंदियां तो हैं, पर शायर रदीफ के सिवा काफिए के मामले में काफी आजादी ले सकता है। मैंने यह भी लिखा था, गजलएक ऐसा सांचा है जिसकी बंदिशें उसकी तरलता और लय को जैसे चप्पू देती हैं, गतिशील बनाती हैं और हम कह सकते हैं कि, जैसे सॉनेट की बंदिशें हथकड़ियों की झनकार पैदा करती हैं, तो गजल में वे कंगनों की खनक जगाती चलती हैं ।..गजल के सांचे की ये बंदिशों से सजी आजादी उसके रूप का सबसे मोहक आकर्षण साबित हुई है, हिंदी की गजलगोई में भी । संगीत में ठुमरी में जिस तरह एक मुखड़ा कायम करके तरह-तरह से बोल बनाए जाते हैं, गजल भी कुछ वैसा ही समां बांधती है कविता में । यहाँ भी हर शेर अलग भी होता है एक मानी में और फिर काफियों और रदीफ की गूंजों से एक दूसरे में गुंथा भी रहता है ।

फिराक से जुड़े इस प्रसंग में मैं उनके दो पत्रों से कुछ पंक्तियाँ उद्धृत करना चाहता हूँ - जो उन्होंने मेरे पिता को एक जमाना पहले भेजा था, जब मेरे पिता कलकत्ता में अंतिम दिनों (१९२५-२६ ) में 'उपन्यास तरंग' का सम्पादन कर रहे थे, जिनमें फिराक साहब के हिंदी-लेखन की कुछ नई जानकारी है । यह पत्राचार उसी समय हुआ था, जब शिवजी ने फिराक साहब को 'उपन्यास तरंग' में लिखने के लिए आमंत्रित किया था । अत्युच्च अंकों के साथ बी.ए. पास करने के बाद फिराक साहब का चुनाव आइ.सी.एस. में हो गया था, जिससे इस्तीफा देकर उन दिनों वे स्वतंत्रता आन्दोलन में जवाहरलाल के साथ उ. प्र.कांग्रेस में संयुक्त सचिव थे। इससे पहले डेढ़ साल वे जेल में भी रहे थे। जीवन में बहुत त्रासद उतार-चढ़ाव के बीच वर्षों बाद जब उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एम.ए. (फर्स्ट क्लास फर्स्ट )पास किया तो इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने बिना आवेदन दिए उनको सम्मानपूर्वक प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया। फिराक साहब के उन दो पत्रों से उनके हिंदी-लेखन के विषय में पता लगता है। उनमें उन्होंने लिखा, आपके पत्र द्वारा 'उपन्यास तरंग' नामी मासिक पत्रिका के निकालने की खबर मिली ।उपन्यास और गल्प साहित्य कला के मुख्य और महान अंग हैं ।..इनके द्वारा मानवी चैतन्यता और चरित्र को अत्यंत सशक्ति किया जा सकता है ।मैं बहुत कम लिखता हूँ लेकिन अगर कोई गल्प या छोटा उपन्यास लिखूंगा तो जरूर सेवा में भेजूंगा ।(२३.७.२५)... मैं अपनी सात कहानियों का संग्रह प्रकाशित करना चाहता हूँ। कहानियों के नाम हैं - 'अपराध स्वीकार', 'रैन बसेरा', सफल जीवन' , जो क्रमशः 'साहित्य', 'सरस्वती',और 'माधुरी' में प्रकाशित हो चुकी हैं। तीन कहानियां झ्र 'सल्लू गड़ेरिया', 'बाइस्कोप' और 'जीवनोद्देश्य' फरवरी १९२६ तक तैयार हो जाएँगी । इन कहानियों की कद्र हिंदी संसार ने न की होती और अगर यह कहानियां मुझे न पसंद होतीं तो मैं हरगिज इन्हें प्रकाशित करने की चेष्टा न करता। .मैं कुल प्रकाशित कहानियों की भाषा कुछ संशोधित और परिमार्जित करके आपकी सेवा में भेज देना चाहता हूँ ।



ज्ञात नहीं है कि फिराक साहब की हिंदी कहानियों का ऐसा कोई संग्रह फिर प्रकाशित हुआ या नहीं। उर्दू-शायरी के प्रसंग में अपने उर्दू काव्य-संग्रह 'बज्मे-जिन्दगी' की भूमिका में, जिसे उन्होंने अपना सबसे अच्छा संग्रह माना है, अपनी हिन्दू सांस्कृतिक चेतना के विषय में उनकी ये पंक्तियाँ यहाँ उद्धरणीय हैं :मुझे उर्दू साहित्य में अच्छी से अच्छी, ऊँची से ऊँची चीजें मिल चुकी थीं...(फिर भी) मुझे एक असंतोष का आभास होता रहता था । शायद इस कारण से कि मेरे अन्दर हिंदी विचारों और हिन्दू संस्कृति की गहरी से गहरी, बहुमूल्य से बहुमूल्य सच्चाइयां और अनुभूतियाँ विद्यमान थीं जो उर्दू कविता में कम ही मिलती थीं । हिन्दू संस्कृति का मिजाज और उस मिजाज की ध्वनि, उर्दू कविता में कदाचित ही मिलती थी ।

फिराक साहब की शायरी की सादगी ही उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती रही है । अपनी किताब में उन्होंने बताया है कि गजल एक ऐसी विधा है जिसमें कुछ कड़ी पाबंदियां तो हैं, पर शायर रदीफ के सिवा काफिए के मामले में काफी आजादी ले सकता है। मैंने यह भी लिखा था, गजलएक ऐसा सांचा है जिसकी बंदिशें उसकी तरलता और लय को जैसे चप्पू देती हैं, गतिशील बनाती हैं और हम कह सकते हैं कि, जैसे सॉनेट की बंदिशें हथकड़ियों की झनकार पैदा करती हैं, तो गजल में वे कंगनों की खनक जगाती चलती हैं ।..गजल के सांचे की ये बंदिशों से सजी आजादी उसके रूप का सबसे मोहक आकर्षण साबित हुई है, हिंदी की गजलगोई में भी ।

**(लेखक साहित्यकार एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 7752922938)**

**व्यंग्य**



## विश्व हिंदी सम्मेलन और हिंदीसेवी

**सुधाकर आशावादी**

गाँव गाँव गली गली में हिंदी के विद्वान बैठे हैं, कुछ वास्तव में विद्वान हैं, कुछ भ्रमित विद्वान हैं, जिन्हें विद्वान के रूप में प्रचारित किया गया है। कुछ बड़े लिक्खाड़ हैं, कुछ बड़े जुगाड़ू हैं, जो जुगाड़ू हैं, उनका हिंदी से प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है। वे बिना कुछ लिखे ही अपनी पुस्तकें छपवाते हैं, यह अलग बात है कि वे अपनी ही पुस्तक के प्रत्यय को न तो समझ पाते हैं, न ही समझा पाते हैं। हिंदी है ही कुछ ऐसी। कोई भी हिंदी की हिंदी कर सकता है। विश्व में हिंदी के उत्थान और प्रचार के लिए जगह जगह सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं। सम्मेलन में हिंदी की ही चर्चा होती होगी, ऐसा समझा जाना चाहिए, क्योंकि जिसे इन सम्मेलनों में भागीदारी का पात्र नहीं समझा जाता, वे कयास ही लगा सकते हैं, कि ऐसा हुआ होगा या वैसा हुआ होगा। सच तो वह भी नहीं जान पाते, जो सम्मेलन में भागीदारी करते हैं। बहरहाल सरकार की ओर से भागीदारी सुनिश्चित की जाती है, ऐसा कुछ सेल्फियां सिद्ध कर रही हैं , जिनमें बताया गया कि सरकारी प्रतिनिधि मंडल में विशेष विमान से विश्व हिंदी सम्मेलन की उड़ान भरी गई है। विश्व हिंदी सम्मेलन में उड़ान भरने वालों के लिए शुभकामनाएं और बधाई भी वे हिन्दीसेवी दे रहे हैं, जो प्रतिनिधि मंडल का हिस्सा बनने से वंचित रह गए। सम्मेलनों से हिंदी का कुछ उद्धार होगा या प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का यह तो भविष्य ही बताएगा,किन्तु एक तमाशा पहले भी ऐसा हो चुका है। जब हिंदी सम्मेलन एक जाने माने शहर में हुआ था., तब प्रतिनिधि मंडल में भागीदारी करने होड़ मची थी, जो उस सम्मेलन में गए उनमें से अधिकांश ऐसे थे, जिनका हिंदी से कोई सरोकार न था, बस कम खर्चे में विदेश घूमने की ललक ने उन्हें प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित होने के लिए उकसाया। वे विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजन स्थल तक तो पहुँच गए, लेकिन सभा स्थल में प्रवेश न कर सके, कारण चाहे कुछ भी रहा हो, लेकिन हिंदी सम्मेलन उनके लिए मुनाफे का सौदा ही रहा। वह विदेशी सामान खरीद लाए जिसे उन्होंने अपने शहर में आकर मुनाफा कमाया। अब समझ सकते हैं, कि हिंदी के नाम पर देश का प्रतिनिधित्व किसने किया होगा। खैर प्रतिनिधि मंडलों में सम्मिलित होने के लिए कौन सी विशेष योग्यता जरुरी है, यह हर कोई नहीं समझ सकता। मेरे शहर में तीन ऐसे महानुभाव हुए, जिन्होंने हिंदी को ओढ़ा, हिंदी को बिछाया और हिन्दीसेवी ही रहे, उन्होंने हिंदी के निमंत्रण पत्रों को मान्यता दी, आँग्ल भाषा में छपे निमंत्रण पत्रों से कभी आमंत्रण स्वीकार नहीं किया, मगर उन्हें विश्व हिंदी सम्मेलन तो क्या, प्रान्त के हिंदी सम्मेलन तक भागीदारी का अवसर नहीं मिला। अच्छा ही होता है कि हिंदी के अनन्य भक्तों को हिंदी के सम्मेलनों से दूर ही रखा जाता है। हिंदी के उत्थान में इन सम्मेलनों की या हिंदी उत्थान के संस्थानों की भूमिका की प्रशंसा वही अधिक करते हैं, जिनकी इन संस्थानों तक पहुँच होती है, जो अपनी पहुँच का लाभ उठाकर कोई न कोई पुरस्कार हड़प लेते हैं। अपने घरों में बैठकर स्वान्तः सुखाय हिंदी साहित्य की साधना वालों की कभी किसी ने कोई सुधि ली हो, ऐसा देखने आया। बहरहाल जिसे लड्डू नहीं मिलता, लड्डू की हसरत उसके मन में रहती ही है। यही हाल विश्व हिंदी सम्मेलन में प्रतिनिधित्व करने वालों का भी है, उन्हें लगता है कि जो जो प्रतिनिधि मंडल में प्रतिनिधित्व करने पहुँचे हैं अवश्य ही उनकी उड़ान प्रतिनिधि मंडल में स्थान न पाने वालों की उड़ान से ऊँची होगी।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9758341282)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# अधिवक्ताओं ने मुकदमा वापस लेने की मांग उठायी

जनसंदेश न्यूज



तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**लालगंज (आजमगढ़)।** अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग को ले कर मंगलवार को अधिवक्ताओ ने तहसील परिसर में चक्रमण कर नारेबाजी कर मुकदमें को वापस लेने की मांग किया।

बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 7 फरवरी को अधिवक्ताओ ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका था। चैकी प्रभारी लालगंज ने पुतला फूंके जाने के आरोप में 18 अधिवक्ताओं को नामजद करते हुए 150 अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध देवगांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया। उक्त मुकदमे की जानकारी होते ही अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग को ले कर अधिवक्ता आन्दोलित हैं। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मंगलवार को अधिवक्ताओं के ऊपर दर्ज मुकदमे को वापस लेने तथा साजिशन मुकदमा दर्ज कराने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग को ले कर तहसील परिसर में चक्रमण कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हामिद अली, विंध्यवासिनी राय, रामसेवक यादव, धर्मेश पाठक, शीतला राय, चन्द्रमोहन यादव, हरी यादव, इन्द्रभानु चैबे, आत्मा राम, लल्ले मिश्रा, संतोष राय, जितेंद्र सिंह, सूर्यमणि यादव, रामविजय सिंह, पंकज सोनकर आदि उपस्थित थे।

# पीड़ित की शिकायत पर हड्डी अस्पताल सीज


अस्पताल को सीज कराते अधिकारी

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बे में संचालित हड्डी अस्पताल को पीड़ित द्वारा दोबारा शिकायत किए जाने पर मंगलवार को पूरे अस्पताल को सीज कर दिया गया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी वीरेंद्र मौर्या ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी आजमगढ़ सहित कई सक्षम अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अतरौलिया में संचालित शिवशंकर यादव के हड्डी अस्पताल पर आरोप लगाया था कि उसके बच्चे के हाथ में फैक्चर था। उक्त चिकित्सक द्वारा गलत इलाज करने के कारण प्रार्थी को काफी कठिनाई झेलनी पड़ी और अपने बच्चे का इलाज कराने में लाखों रुपया भुगतान करना पड़ा जिसमे चिकित्सक की घोर लापरवाही थी।

इस संदर्भ में 15 दिन पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अस्पताल के खिलाफ प्राप्त शिकायती पत्रों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया जिसकी रिपोर्ट सीएमओ आजमगढ़ को भेजी गई थी। उक्त के संदर्भ में सीएमओ के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेंद्र प्रसाद अतरौलिया स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शिवशंकर यादव के हड्डी अस्पताल के ओपीडी को सीज कर दिया। प्रशासन के इस कार्यवाही से पीड़ित संतुष्ट नहीं था, इसके बावजूद भी पीड़ित द्वारा बार-बार शिकायत की जा रही थी जिसे संज्ञान में लेकर पुनः मंगलवार को अस्पताल के सभी 4 कमरों को पूरी तरह से सील किया गया। मौके पर शिकायतकर्ता वीरेंद्र मौर्या भी मौजूद रहे तथा अस्पताल सील होने पर अपनी संतुष्टि जाहिर की।

# स्टाफ नर्स पर लगाया बच्चे की मौत का आरोप

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौला पर दिया धरना

जनसंदेश न्यूज


अहरौला स्वास्थ्य केंद्र पर धरना देते पीड़ित

**आजमगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौला पर कुछ दिनों पूर्व प्रेम सागर मोदनवाल अपनी भाभी सपना मोदनवाल पत्नी अभिषेक मोदनवाल को प्रसव के लिए लेकर आए।

प्रसव के दौरान स्टाफ नर्स द्वारा घोर लापरवाही की गई जिससे बाद में बच्चे की मौत हो गई। इसको लेकर मंगलवार को भाजपा नेता प्रेम सागर मोदनवाल धरने पर बैठ गए। उन्होंने बताया कि स्टाफ नर्स रीता यादव द्वारा हमसे पैसे की मांग की गई। जब हमने पैसा नहीं दिया तो रीता यादव द्वारा घोर लापरवाही की गई और मुझसे अपने प्राइवेट अस्पताल में जच्चा और बच्चा को ले जाने का दबाव बनाया गया।

हम लोग जच्चा और बच्चा को उसके प्राइवेट अस्पताल पर नहीं ले गए और फूलपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। हालांकि बाद में आजमगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई जिससे नाराज प्रेमसागर मोदनवाल ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा नेता प्रेमसागर मोदनवाल सीएचसी अहरौला पर धरने पर बैठ गए। मामले में प्रेमसागर मोदनवाल ने जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में सीएमओ इंद्र नारायण तिवारी ने बताया कि मामले की जांच डिप्टी सीएमओ को सौंपी गई थी।

अभी तक उन्होंने रिपोर्ट नहीं दिया है। जांच रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# साहित्यकार जगदीश प्रसाद बरनवाल का हुआ सम्मान


साहित्यकार श्री कुंद को सम्मानित करते कवि, शायर व साहित्यकार

**आजमगढ़।** हिंदी उर्दू साहित्य मंच ने उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा पुरस्कृत प्रख्यात साहित्यकार जगदीश प्रसाद बरनवाल कुंद को सम्मानित किया। उनके निजी आवास रेलवे स्टेशन पहुंचकर साहित्य मंच के संरक्षक साहित्यकार संजय कुमार पांडेय ने सम्मान पत्र एवं साहित्य मंच के अध्यक्ष शायर ताज आजमी ने अंगवस्त्रम एवं सह मंत्री कवि रोहित राही, महेंद्र मृदुल, जयहिंद सिंह हिंद ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महेंद्र मृदुल ने अपनी रचना पढी जो हमारे नहीं थे हमारे हुए हम मझधार से किनारे हुए, पी गई आंसुओं को एक मुस्कान गम की रातों में हंसते सितारे हुए, सुना कर लोगों को सोचने मजबूर कर दिया। इसके उपरांत जयहिंद सिंह हिंद ने अपने बुजुर्गों के सम्मान में रचना पढी ह्यजिस घर में बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता, उस घर का देखिए कभी उत्थान नहीं होता। रोहित राही ने अपनी कविता के माध्यम से गांव की बात कही। संचालन कर रहे मंच के संरक्षक साहित्यकार संजय कुमार पांडेय ने बेरोजगारी पर अपनी रचना सुनाया। सम्मान से अभिभूत साहित्यकार जगदीश प्रसाद बरनवाल कुंद ने कहा कि साहित्य मंच ने जो हमारा सम्मान किया है उसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं। तत्पश्चात उन्होंने अपनी रचना सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर प्रभात कुमार बरनवाल, पंकज यादव, मनोज पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक के साथ दो को पुलिस ने दबोचा

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित सेमरहा अंडरपास के समीप से मंगलवार को भोर में पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों धर दबोचा। संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिह सेमरहा अंडरपास के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान आजमगढ़ की ओर से आये बाइक सवार पुलिस देख रिंग मार्ग पर घूमना चाह रहे थे कि पुलिस ने दबोच लिया।

पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वर्ष 2021 में कंधरापुर थाना क्षेत्र के हमीरपुर में शादी समारोह में बाइक अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की थी। बाइक पर नम्बर प्लेट फर्जी लगा था। पुलिस ने अरमान निवासी खैरुद्दीनपुर थाना कंधरापुर और राजू ऊर्फ अभिजित निवासी आजमपुर थाना कंधरापुर को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जबकि फरार साथी नीरज निवासी दुल्लापार थाना कंधरापुर की तलाश कर रही है।

# स्वाद और पोषक तत्वों से भरपूर है श्री अन्नः मण्डलायुक्त

**आयोजन**

## दैनिक भोजन में शामिल करें मिलेट्स


एक स्टाल का अवलोकन करते मंडलायुक्त, डीएम व एसपी

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान ने कहा कि मिलेट् एक सुपर फूड है, इसमें कई तरह के पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, जो स्वाथ्य की दृष्टि से हमारे लिए अत्यन्त लाभप्रद होते हैं। मण्डलायुक्त श्री चौहान मंगलवार को वेस्ली इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित श्री अन्न (मिलेट) फूड डे मेला के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

डीएम विशाल भारद्वाज के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त मिलेट फूड डे मेला के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि भारत सरकार द्वारा किये गये प्रयास के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है तथा प्रधानमन्त्री द्वारा मिलेट्स को श्री अन्न की उपाधि दी गयी है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न में काफी अधिक मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, जबकि सामान्य रूप से हमारे द्वारा प्रयोग किये जाने वाले अन्न जैसे गेहूँ, चावल आदि में उतने अधिक नहीं पाये जाते हैं। मण्डलायुक्त श्री चैहान ने कहा कि आयरन, फास्फोरस व अन्य ऐसे तत्व जो हमारे शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए अत्यन्त जरूरी होते हैं, वह सभी पोषक तत्व मिलेट्स में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं, इसलिए इसे दैनिक खान पान की आदतों में शामिल करें। डीएम विशाल भारद्वाज ने कहा कि देश से कुपोषण दूर करने में तथा हृदय रोग, रक्त चाप, डायबिटीज आदि से बचाव में मिलेट्स का नियमित उपयोग काफी मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मिलेट्स की खेती के माध्यम से किसानों की उपज लागत कम करना तथा उन्हें उपज का उचित मूल्य देने हेतु हम सभी प्रयासरत हैं। उन्होंने होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई निमार्ता आदि को अपने खाद्य उत्पादों में मिलेट्स को अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न से बने विविध पकवान जैसे रोट, खीर, हलवा, बर्फी, समोसा, टिक्की अत्यादि से सम्बन्धित लगभग दो दर्जन स्टाल आम जन के उपभोग हेतु लागाये गये थे।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यो की समीक्षा

जनसंदेश न्यूज



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास सम्बन्धी प्राथमिकता कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए बोरिंग का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने की सत्यापन रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फसलों की सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख सचिव सिंचाई को पत्र प्रेषित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने के लिए सहभागिता योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि पशुओं की जियो टैगिंग एवं शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## सर्वे कर पात्र लाभार्थियों का बनायें गोल्डन कार्ड

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि सर्वे कर पात्र लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अंदर सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि एफआरयू को अधिक सक्रिय कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग, वर्क एवं प्रोग्राम संबंधित बजट का नियमानुसार भुगतान करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने से संबंधित विभागों में चल रही जांचों को एक सप्ताह में निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अधूरे शौचालयों को तत्काल पूर्ण करें एवं निर्माण होते ही तत्काल सक्रिय कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत एसटीपी के निर्माण में तेजी लायें एवं एफएचटीसी को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी कराए जा रहे कार्यों का फोटोग्राफ एवं ड्रोन सर्वे कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस एवं तहसील दिवस पर आने वाले पीएमजेएसवाई के आवेदन की वेटिंग लिस्ट बनाना सुनिश्चित करें।

## ग्राम सभा की खुली बैठक कर करें दुकान का आवंटन

**आजमगढ़।** डीएम ने खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राशन आवंटन दुकानों की पेंडेंसी खत्म करें। उन्होंने कहा कि राशन दुकान आवंटन के लिए ग्राम सभा की बैठक सार्वजनिक स्थान पर हो तथा संबंधित थाने को अवश्य सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि पूरी बैठक की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। इसी के साथ ही डीएम ने अल्पसंख्यक कल्याण, मत्स्य विभाग, कन्या सुमंगला योजना, जल निगम, दुग्ध समितियां, गन्ना भुगतान, कायाकल्प योजना, उद्योग विभाग, श्रम विभाग एवं आगामी सीजन में वृक्षारोपण किए जाने की समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला वन अधिकारी एवं समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापरवाही की भेंट चढ़ रहा बच्चों का मिड डे मील

## घर से टिफिन लाने को मजबूर हैं बच्चे

**महराजगंज (आजमगढ़)।** शिक्षा विभाग को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने को लेकर सरकारें जहां निरंतर प्रयासरत हैं और नित नई नई योजनाओं को लाकर उस पर हर बजट में प्रावधान भी कर रही हैं ताकि बच्चों और उनके अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े और अभिभावकों को अपने बच्चों को पढ़ाने में संसाधन की कमी महसूस न हो तथा बच्चे भी शिक्षा प्राप्त करने में रूचि दिखाएं।

परन्तु शिक्षा विभाग के कुछ अध्यापकों और अधिकारियों तथा कोटेदार की निष्क्रियता सरकार की मंशा पर पानी फेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। ऐसा ही एक मामला खंड शिक्षा कार्यालय महराजगंज के अधीन जमालपुर कंपोजिट विद्यालय में देखने को मिल रहा है। उक्त विद्यालय में मिड डे मील विगत तीन दिनों से बच्चों को नहीं दिया जा रहा हैं। बच्चे अपने अपने घर से टिफिन लाने को मजबूर हैं और प्रधानाध्यापक सहित विभाग के जिम्मेदार लोग व्यवस्था करने के बजाय अपनी सुनाने और पल्ला छुड़ाने में लगे नजर आ रहे हैं। मीड़िया कर्मी जब विद्यालय पहुंचे तो लंच टाइम हो चुका था और बच्चे अपने-अपने घर से लाये टिफिन से भोजन कर रहे थे। बच्चों ने विगत तीन दिनों से विद्यालय में भोजन न बनने की बात कही और मध्यान्ह भोजन के लिए घर से टिफिन लाने को मजबूरी बताया। बच्चों की शिकायत पर जब प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो उन्होंने खाद्यान्न न मिलने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी महराजगंज ने कहा कि हमारे कार्यालय के अधीन आने वाले विद्यालयों में से आठ विद्यालयों पर मिड डे मील न बनने की जानकारी मुझे दी गयी थी। जिसकी जानकारी मेरे द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को मौखिक और लिखित दे दी गयी हैं परन्तु जमालपुर कंपोजिट विद्यालय इसमें है कि नहीं, मुझे याद नहीं हैं।

# क्रिकेटर से मिलने साइकिल से जनपद पहुंचा वाराणसी का युवक


जीयनपुर में पहुंचा युवक गौतम मौर्य

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** गौतम मौर्य पुत्र अमरनाथ मौर्या निवासी छाई सारनाथ वाराणसी एकेडमी का छात्र है और तीन भाइयों में सबसे छोटा है। अपने पिता अमरनाथ मौर्य व माता सुषमा देवी को बताकर साइकिल लेकर आजमगढ़ के सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर बाजार में पहुंचा, जहां आईपीएल क्रिकेटर प्रवीण दुबे के घर नरहन खास व सरफराज खान के घर बासुपार बनकट व इकबाल अब्दुल्ला गुलामी का पूरा आजमगढ़ का पता व रास्ता लोगों से पूछ रहा था। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड व भारत के प्रसिद्ध खिलाड़ियों के नाम फरार्टे से ले रहा था।

उक्त युवक आईपीएल में सबसे महंगे खिलाड़ी व किस खिलाड़ी की कितनी बोली लगी उसकी जबान पर याद रहा। वहीं अपने साथ आईपीएल क्रिकेटर की फोटो और पत्रिका व अखबार की लेकर लोगों से आईपीएल क्रिकेटर के घर की जानकारी ले रहा था। बातचीत में आईपीएल क्रिकेट का दीवाना युवक गौतम मौर्या ने बताया कि वाराणसी स्पोर्ट्स कॉलेज में एथलेटिक्स में चयन हुआ है लेकिन वह क्रिकेटर बनना चाहता है। बैटिंग व स्पीन गेंदबाजी उसकी पसंद है। वहीं उसने आईपीएल क्रिकेटर प्रवीण दुबे, सरफराज खान, इकबाल अब्दुल्ला के घर पर पहुंचकर उनसे मिलने और नहीं मिलने पर उनके माता-पिता व परिजनों से मिलने और क्रिकेट सीखने की इच्छा जताई। इस दौरान उसने बताया कि आईपीएल क्रिकेटर के घर पर रात्रि में रुकेगा और अगले दिन सुबह वाराणसी सारनाथ के लिए निकलेगा। वहीं जीयनपुर कस्बे में लोग युवक की क्रिकेट की दीवानगी देखकर उसका उत्साहवर्धन कर रहे थे जिनमें राम अशीष यादव, एकलाख अहमद, जैद, अरविंद यादव शामिल हैं।

## एसडीएम ने की खाद्यान्न लदे ट्रक की जांच

**मेहनगर (आजमगढ़)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम- 2013 (पीडीएस) योजना अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दो रुपया प्रति किग्रा की दर से गेहूं व रुपये तीन रुपया प्रति किग्रा की दर से चावल का वितरण कराया जा रहा है। अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को एक जनवरी 2023 से आगामी एक वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने की स्थिति में कार्ड धारकों कोटेदारों द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाना है । उचित दर विक्रेताओं द्वारा एसडीएम संत रंजन को बार-बार शिकायत मिल रही थी कि उचित दर विक्रेताओं से खाद्यान्न की घटतौली व किराया की बराबर मांग की जाती है। इसे गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम संत रंजन श्रीवास्तव ने मंगलवार को ठेकेदार द्वारा विपणन केंद्र पर उचित दर विक्रेता का खाद्यान्न ट्रक से ट्रैक्टर ट्रॉली पर उतर रहा था, जिसके बाबत ट्रक चालक से पूछा कि खाद्यान्न कम व किराए के लिए उचित दर विक्रेताओं को क्यों परेशान करते हो। ट्रक चालक ने उत्तर दिया कि खाद्यान्न कांटा कर-के दिया जाता है। रही बात किराए की तो यदि कोई विचैलिया किराया लेता हो तो कोटेदार न दें।

# पुलवामा के शहीदों की याद में किया रक्तदान


शहीदों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते पंडित काली प्रसाद तिवारी व अम्मार जैदी


बनारपुर में शहीदों को श्रद्धांजलि देते स्कूली बच्चे

**लालगंज (आजमगढ़)।** 14 फरवरी को पुलवामा में शहीद हुए जवानों की स्मृति में देवगांव के आल पर्सन ऑफ नेशनल एसोसिएशन (अपना ट्रस्ट) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित काली प्रसाद तिवारी, इंडियन बैंक देवगांव के प्रबंधक अम्मार जैदी द्वारा शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित करके तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। इसके बाद रीना, राशिद खान, नीरज तिवारी, अशहद सहित 61 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के प्रबंधक इरफान अहमद अंसारी ने बताया कि पुलवामा में शहीद हुए लोगों की स्मृति में उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि जरूरत पड़ने पर हमारे देश के जवानों को खून की कमी न पड़े। उन्होंने कहा हम इन वीर जवानों की ही बदौलत स्वच्छंद हवा में सांस लेते हैं। संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने लोगों का आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें ताकि उनका खून किसी की जिंदगी बचा सके। उन्होंने बताया कि 61 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया है। मौके पर महेंद्र, बबलू, अशहद, नीरज, मनीष, अनिल, विकास, दिलशाद, गुल मोहम्मद, जावेद अहमद पूर्व प्रधान रिजवान अहमद, सोनू, आदर्श, जीवन, राम सम्हार, शमशेर आदि व्यवस्था में लगे हुए देखे गए। ब्लड बैंक टीम की ओर से आए राजेंद्र कुमार यादव काउंसलर ब्लड बैंक मंडलीय हॉस्पिटल आजमगढ़, संगीता मौर्य, आनंद प्रजापति, एलटी मनोज यादव, गिरीश चैरसिया, आशीष भार्गव, विजय पांडे, धर्मराज ने स्वेच्छा से रक्तदान कराया। इसी क्रम में बनारपुर के एमएम इंग्लिश पब्लिक स्कूल में पुलवामा के शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मैनेजर अबुल लैस के आह्वान पर प्रिंसिपल राजेश सिंह, अबू बकर, मिर्जा आसिफ बेग, सुनील, शैलेंद्र, योगेंद्र, चंदन, सतवंत, हाफिज मुहम्मद कासिम, शकीला, अनीता, गुलशमन आरिफ, जेबा फिरदौस, शीजा बानो, अनीता, हिना, प्रीति, आरफा खान आदि मौजूद रहीं।

# संक्षेप

## निःशुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों ने करायी जांच



**आजमगढ़।** असगर मेमोरियल एजुकेशन एंड हेल्थ चैरिटेबुल सोसाइटी की ओर से कोलबाज बहादुर स्थित एम.ए. मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख रमायन यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमे सैकड़ों लोगों का नेत्र परीक्षण करते हुए चश्मा का वितरण किया गया। शिविर में परीक्षण करते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.एसयू खान ने कहा कि समय-समय पर सभी को अपने आंखों का परीक्षण कराते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार मोबाइल चलाने से आंखों पर जोर पड़ता है। आंखों के प्रकाश को अच्छा रखने के लिए फल आदि का सेवन जरूर करते रहना चाहिए। परीक्षण उपरांत डा.खान द्वारा दवा व निशुल्क चश्मा देकर मरीजों को लाभांवित किया गया। विद्यालय संस्थापक राना खातून ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा विद्यालय परिसर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कैम्पों के आयोजन के लिए सोसाइटी के हम सभी आभारी रहेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता मो.अफजल ने कहा कि बहुत से लोग आंखों के प्रति लापरवाह रहते हैं जबकि इसके लिए हमें सबसे ज्यादा सजग रहने की आवश्यकता है। कैम्प आयोजन कराने वालों की जितनी तारीफ की जाए कम है। मौके पर विद्यालय संस्थापक राना खातून, पूर्णिमा मिश्रा, महेश यादव, सतीश चन्द्र, चन्द्र प्रकाश, चन्द्रशेखर, यामिनी, गीता, रजिया, मोना परवीन, आसमां मुशब्बीर आलम, निशा रमन, आदिल, हर्षित समेत एनसीसी की छात्राएं भी मौजूद रहीं।

## प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किये गये तीन पुलिसकर्मी



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा माह जनवरी 2023 के सर्वश्रेष्ठ 3 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा थानाध्यक्ष तरवां बसन्त लाल, मुख्य आरक्षी प्रमोद यादव तथा मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार सिंह, थाना तरवां को माह जनवरी 2023 में अति सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त पुलिस कर्मियों द्वारा 6 जनवरी को सरार्फा व्यवसायियों के साथ लूट की घटना कारित करने वाले गिरोह द्वारा पूर्व नियोजित योजना के अन्तर्गत लूट की घटना कारित किये जाने हेतु प्रस्थान किये जाने विषयक प्राप्त सूचना के आधार पर पकड़ी तिराहा थाना क्षेत्र तरवां में हुयी, पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने के पश्चात घायल हुये अन्तर्राज्यीय अपराधी चन्द्रमा प्रसाद पुत्र जयंती प्रसाद निवासी कोईलारी, थाना रानी की सराय को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हुये अभियुक्त सूरज व इन्द्रेश यादव को भी थाना तरवां व थाना बरदह पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की गयी। थानाध्यक्ष तरवां व उनकी टीम की सक्रियता के कारण लूट की जघन्य घटना विफल हो गयी। वहीं सरार्फा व्यवसायियों से लूट की घटनाओं की रोकथाम की दिशा में सार्थक, प्रभावी कार्यवाही भी की गयी थी।

## पंकज ने आयुष यूजी परीक्षा में लहराया परचम



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश आयुष यूजी परीक्षा परिणाम में कस्बे के पंकज विश्वकर्मा ने प्रदेश में प्रथम स्थान पाया है। पंकज की सफलता पर परिवार सहित शुभचिंतकों में प्रसन्नता है। रानी की सराय कस्बे के सोनवारा मोढ़ निवासी पंकज के पिता राम अधार विश्वकर्मा जो जनपद के देवईत स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात हैं। पंकज ने इससे पूर्व वीएमएस लखनऊ से पूरा किया। पंकज अब एमएस करेगे। गुलाबागौरी विन्दवल जराजपुर के मूल रुप से निवासी पकंज शुरू से ही होनहार रहे है। पकंज ने अपनी सफलता का श्रेय माता और पिता को दिया है। मंगलवार को घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## दुष्कर्मी का साथी गिरफ्तार

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनवारा मोढ के समीप से पुलिस ने किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के आरोपित के साथी को मंगलवार को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया। रानीकीसराय थाने पर एक गांव निवासी महिला ने 16 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में एक आरोपित आफताब निवासी अनौरा को 19 जनवरी को सोनवारा मोढ से गिरफ्तार किया था। विवेचना के दौरान आरोपित के साथी का नाम सामने आने पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपित शुभम निवासी थाना मलिकहुसैनपुर निवासी को सोनवारा मोढ से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया।

## माहुल में बकरी चोर सक्रिय

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल कस्बे में इन दिनों बकरी चोरी की घटना से पशु पालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बीते दो दिनों में दो स्थानों से आधा दर्जन बकरियां चोर उठा ले गए। बकरी चोरी की शुरूवात रविवार रात को हुई। जिसमे यहां के वार्ड नम्बर एक संत कबीर नगर निवासी शमीम अहमद के घर पर बांधी गई तीन बकरियां चोर उठा ले गए। दूसरी घटना सोमवार रात में वार्ड नम्बर आठ अब्दुल कलाम नगर में घटी। जहां मुख्तार कुरैशी के घर से एक बकरा और दो बकरियां घर के सामने से ही चोर उठा ले गए। माहुल पुलिस चैकी से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर हुई इन दोनो चोरी की घटनाओं से हड़कंप मचा हुआ है।

## वंचित वर्गों को निःशुल्क मिलेगी कानूनी सेवाएं

**आजमगढ़।** अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सौरभ सक्सेना ने बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत समाज के वंचित वर्गों को निःशुल्क और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करने हेतु लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम की स्थापना दीवानी न्यायालय में की गयी है। अपर जिला जज ने बताया कि उक्त लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने के अवसरों से वंचित नहीं किया जा सके, ताकि कानूनी प्रणाली का संचालन सभी के लिए समान अवसर के आधार पर हो। लीगल एड सिस्टम के द्वारा बचाव पक्ष को गिरफ्तारी के पूर्व रिमाण्ड एवं बेल के स्तर पर, विचारण व अपील की कार्यवाही में निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध किया जायेगा। लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, आशीष कुमार राय, प्रवीन कुमार सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, अतुल कुमार राय एवं यादव संदीप कुमार, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल में नियुक्त किये गये हैं। अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ ने आमजन मानस से अपील किया है कि निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सेवाओं हेतु लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल से सम्पर्क कर इसका लाभ उठाये।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत


मौत की जानकारी पर विलाप करते परिजन

जनसंदेश न्यूज

दुखद

**शौच के लिए निकला था आकाश, नवनिर्मित ट्रैक पर अचानक आई ट्रेन**

**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत भटेवरा रामपुर गांव के सामने रेलवे लाइन पर आकाश बिंद पुत्र आशीष निवासी उम्र 16 वर्ष निवासी रामपुर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि तीन भाइयों में सबसे बड़ा आकाश बिंद कक्षा 10 चमेला देवी इंटर कालेज का छात्र था। मंगलवार की सुबह घर से आलू की खुदाई के बाद शौच के लिए निकला था कि नयी रेलवे लाईन पर खड़ा था और पुराने रेलवे लाईन पर ट्रेन गुजर रही थी जिसका ध्यान उस तरफ था लेकिन नव निर्मित रेलवे ट्रैक पर भी ट्रेन आ गयी और ट्रेन की चपेट मे आ गया और मौके पर ही मौत हो गयी।

आनन फानन में परिजन शव को दाह संस्कार के लिए ले गये। हालांकि बीच में ही पुलिस को जानकारी हो गई और पूछताछ एवम पंचनामा के बाद अंतिम संस्कार करने दिया गया।

घटना से पिता आशीष बिंद और मां कुशुम देवी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवक ने दी जान, परिजनों में कोहराम

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट ड्रमंडगंज निवासी ओमप्रकाश केशरी के 30 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र केशरी ने मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब अपने घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में गले में कपड़े का फंदा डालकर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृत युवक के पिता ओमप्रकाश केशरी ने पुलिस को दी गई तहरीर बताया कि तीस वर्षीय बेटा धर्मेन्द्र जो मानसिक रूप से परेशान रहता था। मानसिक हालत ठीक नही होने के कारण घर के अंदर गले में कपड़ा बांधकर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मृतक को दो पुत्र है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# 7563 वाहनों की जांच में चार लाख 16 हजार रुपये वसूल किया गया जुर्माना

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के नेतृत्व में तीन दिवस 10 से 12 फरवरी तक चलाये गये अभियान के अन्तर्गत रेंज मीरजापुर के तीनों जनपदों में वाहनों की चेकिंग के दौरान 7563 वाहनों को चेक करते हुए 1372 वाहनों का किया गया तथा चालान एवं शमन शुल्क के रुप में 04 लाख 16 हजार 100 रुपये वसूल किया गया। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के नेतृत्व में तीन दिवस तक वाहनों की चेकिंग के दौरान परिक्षेत्र तीनों जनपदो में 404 टीमों द्वारा 536 स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 5742 दो पहिया वाहन एवं 1821 चार पहिया वाहन एवं 7589 व्यक्तियों की चेकिंग किया गया एवं 04 अभियोग पंजीकृत करते हुए 06 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 1240 दो पहिया वाहनों और 132 चार पहिया वाहनों का चालान करते हुए 349 वाहनों से 04 लाख 16 हजार 100 रुपये वसूल किया गया। दो वाहनों के वैध कागजात न पाये जाने पर सीज की कार्यवाही की गयी। पुलिस ने वाहन चेंकिग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति का हेलमेट, लाइसेंस और वैद्य कागजात की जॉच की जिन वाहन चालकों के पास गाड़ी का कागजात नही था। ड्राइविंग लाइसेंस नही था। उनसे शमन शुल्क वसूला गया। वाहन जॉच अभियान के दौरान सभी वाहन चालकों से अपील की गयी कि उचित कागजात के विना सड़क पर चलने वालो के किसी प्रकार की रियायत नही मिलेगी। अपने अमूल्य जीवन को दुर्घटना में नष्ट होने से बचाएं आपका जीवन अमूल्य है इसे व्यर्थ सड़कों पर न गवाएं।

# भाईचारा के रूप में मनाएं होली का त्यौहार : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट


ग्रामीणों को संबोधित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में शांति पीस कमेटी की बैठक मंगलवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने महाशिवरात्रि और होली त्यौहार कौ परंपरागत तरीके से भाईचारा के रूप में मनाए जाने का अपील किया। कहा कि किसी तरह की नई परंपरा नही कायम करने दिया जाए। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आप लोगों के सहयोग की जरूरत है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज ने कहा कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी ऐसे लोगों पर नजर रखी जाएगी, किसी तरह का उदंडता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि त्यौहार के मद्देनजर सघन चेकिंग अभियान चलाकर असामाजिक तत्वो पर नजर रखें। इस अवसर पूर्व प्रधान दयाशंकर तिवारी, हफिज अहमद, सज्जन सिंह, सीताराम यादव, अरविंद यादव, शांति देवी, राजेश मिश्रा, विजय कुमार गुप्ता, रईस अहमद आफताब हरिओम मौर्या आदि मौजूद रहे।

## पुलवामा की जांच कराये सरकार : राजन पाठक

**मीरजापुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक के नेतृत्व में शहीद उद्यान में पुलवामा हमले में भारतीय सेना के आतंकवादी हमले में शहीद हुए सैनिकों के याद किया गया एवं शोक सभा किया गया। जिसमें शहर अध्यक्ष ने कहा कि पुलवामा कांड की बरसी पर कांग्रेसियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शहीद उद्यान में समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे। वही पुलवामा हमले की जांच कराने की मांग की गई। इस मौके पर अमिताभ, संजय, राम सिंह यादव, रोशनी अली अंसारी, अजय, श्यामसुंदर, विवेक, आशीष, अर्चना, मनोज अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों ने वीर शहीदों को किया याद

**जमालपुर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद देश के वीर जबांजों की याद में मंगलवार को यूनक्यू कम्प्यूटर सेंटर के बच्चों ने उन्हें याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। डायरेक्टर पंकज कुमार ने छात्रों को बताया कि मां भारती के सपूतों की ये कुबार्नी हमारे देश के लिए गर्व की बात है। वीर शहीदों की कुबार्नी हमें नही भूलनी चाहिए। इस दौरान चंचल पटेल, अंशिका पटेल, अंकिता, गोविन्द, दुर्गेश कुमार सहित तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते में आरपीएफ को मिले तीन नाबालिग

नेक कार्य

**पढ़ाई के लिए मिली फटकार तो घर से निकल गए बच्चे**

**आरपीएफ ने हेल्प डेस्क को किया सुपुर्द**

**मीरजापुर।** परिजनों से नाराज होकर निकले नाबालिक बिहार के बालक और बालिका को आरपीएफ ने अपने कब्जे में लिया। इसी प्रकार गलत ट्रेन में सवार होकर स्थानीय स्टेशन पर मिली जौनपुर की नाबालिक बालिका को रेलवे चाइल्ड लाइन हेल्प डेस्क स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सुपुर्द किया गया। उनके मिल जाने की जानकारी परिजनों को दे दी गई हैं। प्रयागराज कंट्रोल आरपीएफ को सोमवार की शाम सूचना मिली कि एक लड़की एक लड़के के साथ ट्रेन नंबर 15658 ब्रह्मपुत्र मेल में बैठकर जा रही है। दोनों नाबालिक को उतरवाना है। सूचना के पर उप निरीक्षक संदीप कुमार महिला कांस्टेबल ज्योति रानी एवं कांस्टेबल संजीत कुमार सिंह ने गाड़ी के स्टेशन पर आगमन पर चेक किया। भेजे गए फोटो के मुताबिक लड़का लड़की नहीं मिली। गाड़ी गंतव्य के लिए रवाना होने पर महिला कांस्टेबल ज्योति ने सीसीटीवी देखा। जिसमें दोनों प्लेटफार्म 2-3 पर दिखाई दिए। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक संदीप कुमार महिला कांस्टेबल ज्योति रानी संजीत कुमार ने लड़का लड़की के पास जाकर सहानुभूति पूर्वक नाम पता पूछा। लड़की और लड़के ने बताया कि हम लोग घर वालों से नाराज होकर भागकर ट्रेन से यहां आए हैं। दोनों बिहार के रहने वाले हैं। दोनों के परिजनों को सूचना देने के साथ ही बच्चों को रेलवे चाइल्डलाइन हेल्प डेस्क स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सुपुर्द किया गया। टीम के सदस्य अंकिता मिश्रा, नितिन भार्गव, मोहम्मद व गौरव को नाबालिक लड़का व लडकी को सुपुर्दगी नामा के तहत फोटोग्राफी करा कर सुपुर्द किया गया।

### दिल्ली की जगह नाबालिग पहुंची मीरजापुर

आरपीएफ सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार प्रधान आरक्षक प्रेम नाथ शुक्ला रेलवे स्टेशन पर गस्त कर रहे थे। प्लेटफार्म नंबर 2 पर टी स्टाल के पास एक लड़की गुमशुदगी हालत में बैठी मिली। पूछताछ करने पर उसने अपने आप को जिला जौनपुर का निवासी बताया। बताया कि मैं दिल्ली में रहने वाले अपने मम्मी पापा के पास मिलने जा रही थी, गलती से गाड़ी पकड़ कर मैं मीरजापुर चली आई। सहायक उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने रेलवे हेल्पलाइन मीरजापुर से नितिन भार्गव की टीम को बुलाकर घटना से अवगत कराया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाकर लड़की को खाना खिलाया गया। इसके बाद रेलवे चाइल्ड लाइन हेल्पडेस्क स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति को सुपुर्द किया गया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्डों की बैठक संपन्न


बैठक को संबोधित करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी। शासन द्वारा प्रदेश के 34 जनपदों के कुल 100 विकास खण्डों को आकांक्षात्मक विकास खण्ड के रूप में चयन किया गया है, जिसमें जनपद मीरजापुर के 5 विकास खण्ड हलिया, राजगढ़, पटेहराकला, पहाड़ी तथा नगर (सिटी) है।

समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आकांक्षात्मक विकास खण्ड से सम्बंधित प्रत्येक संकेतांक/इण्डिकेटर्स की प्रगति राज्य के औसत प्राप्तांक से कम न हो। इसका नियमित रूप से प्रभावी अनुश्रवण करते हुए शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करने का प्रयास करें, ताकि जनपद का समग्र रूप से विकास हो सके। मुख्यमंत्री फेलोशिप का चयन आकांक्षात्मक विकास खण्डों के निर्दिष्ट इण्डीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु किया गया है। निर्देशित किया गया वे पूर्ण मनोयोग के साथ समस्त इण्डीकेटर्स में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। समस्त शोधार्थियों को नियमित रूप से स्थलीय सत्यापन किये जाने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट करते हुये कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुये 01 दिन का वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश दिया गया। सी.एम. फेलोशिप विकास खण्ड पहाड़ी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत चन्दईपुर की आशा वी.एच.एन.डी. में अनुपस्थित रहीं. मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को इनके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. अनय मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिव विवाह का प्रसंग सुन श्रोता भावविभोर

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने शिव विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाया। कथावाचिका ने कहा कि भगवान शिव के प्रति जिनकी प्रीत नही है वे श्रीराम को स्वप्न में भी अच्छे नही लगते हैं। शिव प्रसंग सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती बचपन से भगवान की अनन्य भक्त थीं। हमेशा भगवान शिव की आराधना करती रहती थी। एक दिन पर्वतराज हिमाचल के घर देवर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान शिव के साथ माता पार्वती के विवाह की भविष्यवाणी की। शुरू में तो देवर्षि नारद द्वारा कही गई बात से महारानी मैना विचलित हुई लेकिन देवर्षि नारद तथा देवताओं के समझाने पर कि भोलेनाथ की महिमा अपरम्पार है वह तीनों लोकों के स्वामी हैं मां मैना का संदेह दूर हुआ और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की तैयारियां शुरू हो गई। इस दौरान राम चरण दास महाराज, भानु तिवारी, राकेश तिवारी ग्राम प्रधान चंद्रगढ़ सियाराम मिश्र, शिव प्रसाद, विनय, सत्येन्द्र, धीरज, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था के बीच मनायें होली का त्यौहार : एसडीएम चुनार

जनसंदेश न्यूज


बैठक को संबोधित करते एसडीएम चुनार

**अहरौरा।** आगामी महाशिवरात्रि और होली पर्व के मद्देनजर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे एसडीएम चुनार नीरज सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को सुनकर समाधान करने को लेकर निर्देश दिया।

थाना पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बेलखरा गांव में होलिका दहन वाले स्थान के बगल में गेहूं की बुवाई करने को लेकर शिकायत दर्ज की गई, जिस पर एसडीएम चुनार ने कहा कि किसान को बुलाकर होलिका दहन वाली जगह पर फसल काटने को लेकर निर्देश दिया गया है। इस मौके पर एसडीएम चुनार नीरज सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की त्यौहार पर समस्या होने पर तत्काल पुलिस को फोन करें, वही उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराएं। कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार अरुण कुमार, थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह, अहरौरा सीएचसी प्रभारी अवधेश कुमार सिंह, बिजली विभाग के जेई राकेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य पंकज उपाध्याय, किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव सिद्धनाथ सिंह, सिद्धार्थ उर्फ मिक्की सिंह, अमरेश सिंह, ग्राम प्रधान निरंजन यादव, राजेश कुमार सिंह, आदि मौजूद रहे।

# 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे नहीं, अपितु मातृ पूजन दिवस मनाये युवा पीढ़ी


माता पिता को माल्यार्पण करते बच्चे

**मीरजापुर।** विंध्य योग सेवा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पिछले कई वर्षों से 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में नहीं, अपितु नन्हे नन्हे नौनिहालों व युवा पीढ़ियों के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में बच्चों के साथ मनाता है, जहां पर बच्चे अपने माता-पिता को तिलक लगाकर एवं उनका माल्यार्पण कर माता-पिता की एक साथ आरती कर आज के दिन विशेष आशीर्वाद प्राप्त कर, जीवन को सही राह पर ले जाकर एवं नेक कार्य करते हुए जीवन को उन्नत एवं उत्कृष्ट बनाने के लिए माता पिता के आशीर्वाद के साथ संकल्प लेते हुए कहा कि हमें अपने भारत के संस्कृति एवं परंपरा तथा गौरव का ध्यान रखते हुए जीवन को जीना है, जीना और जीवन में कभी कोई ऐसा कार्य नहीं करना है जिससे हमारी संस्कृति सभ्यता को ठेस पहुंचे। इस अवसर पर संस्थापक योग गुरु योगी भोलेनाथ कहा कि आज हमारी भारत के संस्कृति है वह सभ्यता के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है, जहां हम अपने बच्चों को संस्कारों से जोड़ने से वंचित होते जा रहे हैं।

प्रबंधक रतन कुमार जॉनसन ने कहा कि यह एक नई मुहिम कि शुरूआत है अगर छोटे-छोटे बच्चों को बाल्यावस्था से ही इस तरीके के संस्कार दिए जाएं तो हमारे बच्चे गिराने बहुत कुछ बड़ा एवं सुंदर कर सकते हैं।

इस अवसर रामायण प्रतियोगिता में प्रतिज्ञा तिवारी प्रथम, विवेक पाल द्वितीय, प्रतीक्षा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग

**लालगंज।** तहसील क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह निवासी रमेश कुमार व बिजुरी गांव के अमरेश त्रिपाठी ने पत्रक देकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस/ उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा को कोटा शिव प्रताप सिंह में ब्रिटिश समय की प्राचीन डाक बंगला पर अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की। पत्रक देते हुए अमरेश त्रिपाठी ने कहा कि अति प्राचीन डाक बंगले पर गांव के सरहंग व्यक्तियों द्वारा अनाधिकार रूप से अतिक्रमण कर उक्त भूखंड पर मकान निर्माण किया जा रहा है।

जिससे ग्राम वासियों में रोष व्याप्त है, उक्त प्रकरण के बावत ग्राम वासियों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई थी। लेकिन उक्त प्रकरण पर निश्चित एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि अतिक्रमण रोका जाना न्याय हित में आवश्यक है। पत्रक लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए एडीओ पंचायत व प्रधान सम्मानित



जनसंदेश न्यूज

**राजगढ़।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्वांचल दौरे के दौरान मीरजापुर में विकास खंड राजगढ़ के धनसीरियां गांव में पहुंचे जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं का जमीनी हकीकत जाना और सीधे जनता से संवाद स्थापित कर क्षेत्रीय अधिकारियों के बारे में पूछा। जिसमें ग्रामीणों ने अधिकारियों के सहयोग एवं कार्यों की प्रशंसा किया था।

वहीं कम्पोजिट विद्यालय एवं पशु आश्रय स्थल के साथ साथ आवास एवं पेयजल संबंधी सुविधाओं के लिए सीधे जनता से रूबरू हुए थे। इस दौरान धनसीरियां गांव के विकास कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान एवं अधिकारियों की सराहना किया था। जिसके लिए विकासखंड राजगढ़ के एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी एवं धनसीरियां ग्राम प्रधान को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। जनपद स्तर के समीक्षा में राजगढ़ ब्लाक अपना स्थान बनाने में सफल हुआ है। ऐसे में सोमवार को जनपद के विकास भवन में धनसीरियां के ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, विकासखंड राजगढ़ के एडीयो पंचायत फूलचंद, ग्राम विकास अधिकारी, संजय पांडेय को मुख्य विकास अधिकारी बीएस लक्ष्मी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसी उपलक्ष्य में आज केक काटकर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिले के तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे।

### पदोन्नति पर दी गई बधाई

**हलिया।** स्थानीय थाने में तैनात हेड कांस्टेबल को प्रशिक्षण के बाद मिली पदोन्नति के फलस्वरूप उपनिरीक्षक बनाये जाने पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने उप-निरीक्षक बने इन्द्र देव यादव को बैज और स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और सेवा के प्रतिफल के रूप में प्राप्त पदोन्नति से थाना क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ हूँ। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि पर थाना परिवार से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। इन्द्र देव यादव को उपनिरीक्षक बनाये जाने के उपरांत स्थानीय प्रबुद्धजन एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है। इस दौरान उपस्थित उपनिरीक्षक विजय यादव व चौकी प्रभारी मतवार लल्लन यादव, विक्रम विशाल, जयप्रकाश यादव, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### जन जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित प्रकरणों पर डीएम ने की सुनवाई



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के द्वारा मंगलवार समाज कल्याण विभाग एवं तहसील स्तर पर लम्बित जन जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों को कलेक्ट्रेट में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर सुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा दोनों पक्ष की बातों को सुनते हुये अगली तिथि पुनः सुनवाई हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, सदर चन्द्र भानु सिंह, तहसीलदार सदर अरूण गिरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र, तहसीलदार मड़िहान फूलचन्द्र उपस्थित रहे।

### उपनिरीक्षक बनाये जाने पर दी बधाई



**लालगंज।** स्थानीय थाने में तैनात हेड कांस्टेबल को प्रशिक्षण के बाद मिली पदोन्नति के फलस्वरूप उपनिरीक्षक बनाया गया। पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांतराज ने उपनिरीक्षक बने राम अवतार यादव को बैज और स्टार लगाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उपाधीक्षक ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और सेवा के प्रतिफल के रूप में प्राप्त पदोन्नति से थाना क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया ने कहा कि इस उपलब्धि पर थाना परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। राम अवतार यादव को उपनिरीक्षक बनाये जाने के उपरांत स्थानीय प्रबुद्धजन एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है। इस अवसर थाने के उपनिरीक्षक और कांस्टेबल उपस्थित रहे।

### डीएम के आदेश पर मिलावटखोरी के खिलाफ छापेमारी

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल के आदेश के अनुपालन के क्रम में आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा मिलावट खोरी को रोकने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। मंगलवार को मिलावटी खाद्य पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष खाद्य पदार्थ दूध, खोवा, पनीर, दाल, मसाले, कन्फेक्शरी, बेकरी, नमकीन, नमक, चाय, फूड, कलर तथा पान मसाला एवं शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं जाने के उद्देश्य सहायक आयुक्त के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जिसके तहत जनपद से 04 दुकान से छापा मारकर कुल 5 नमूने संग्रहित किए गए। इस मौके पर कृष्ण चौहान, आनंद कुमार, राजेश मौर्य, संदीप सिंह उपस्थित रहे।

### पोस्टमार्टम हाउस का ताला तोड़ना पड़ा महंगा

**मीरजापुर।** जाम लगाने, लोकसेवक के विरूद्ध हमलावर होकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा सम्पत्ति नष्ट करने वाले 04 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना चुनार मीरजापुर पर 08 फरवरी को मर्चरीहाउस में रखें शव को निकालकर सड़क पर ले जाकर रख कर मार्ग अवरुध्द करने व लोकसेवक के विरूद्ध हमलावर होकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा सम्पत्ति नष्ट करने के सम्बंध में थाना प्रभारी चुनार द्वारा 17 नामजद एवं 40-50 अन्य अज्ञात के विरूद्ध थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी लाल सेन थाना चुनार मय पुलिस बल द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 04 आरोपियों सीता पुत्र रामअन्त राजभर, राजबली पुत्र श्यामलाल राजभर, राजन भारती पुत्र राजेन्द्र व चन्द्रबली राजभर उर्फ चन्नी पुत्र श्यामलाल राजभर निवासीगण जगनन्नाथपुर थाना चुनार मीरजापुर को पंजीकृत धारा 147,143 ,188,283,341,352,353,427,452 भादवि में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### मधुमक्खियों के हमले से छात्राएं हुई घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कलां ग्रामपंचायत के पचपेड़वा बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार सुबह पढ़ने के लिए जा रही कक्षा पांच व कक्षा चार की छात्राओं पर विद्यालय से सौ मीटर दूर तालाब के भीटे पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्राओं की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चादर और कंबल ओढ़ाकर किसी तरह से दोनों बालिकाओं को मधुमक्खियों के चंगुल से मुक्त कराया। मौके पर पहुंचे विद्यालय के शिक्षामित्र राजकुमार ने घटना की सूचना घायल बालिकाओं के परिजनों को दी और उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से दोनों छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। जहां चिकित्सक हर्षवर्धन व फार्मासिस्ट सुभाष सिंह ने दोनों घायलों का उपचार किया। अहुगी कला गांव निवासी अनिल की कक्षा पांच में पढ़ रही 11 वर्षीय पुत्री संगीता व कक्षा चार में पढ़ रही रिंकू की 10 वर्षीय पुत्री अंशू मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब पचपेड़वा प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने के लिए जा रही थी कि जैसे ही प्राथमिक विद्यालय सौ मीटर पहले तालाब के भीटे पर पहुंची थी कि मधुमक्खियों के झुंड ने दोनों छात्राओं के ऊपर अचानक हमला कर दिया जिससे दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। दोनों छात्राओं का पीएचसी हलिया में उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताया जा रहा है। इस संबंध में चिकित्सक हर्षवर्धन ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले से घायल दोनों बालिकाओं को उपचार किया जा रहा है दोनों की हालत सामान्य है।

### प्रधान पति पर लगाया ग्राम पंचायत सहायक के चयन में धांधली का आरोप

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी में रिक्त चल रहे ग्राम पंचायत सहायक पद के चयन में धांधली बरती गई। प्रधान पति जवाहर सिंह पटेल व सेक्रेटरी विजय कुमार के मिलीभगत से प्रधान पति ने अपने चहेते को ग्राम पंचायत सहायक के पद पर नियुक्त कराना चाहते हैं। प्रधान पति ने कागजों में हेराफेरी कर अंतिम तिथि के बाद प्रियंका पाल का फार्म जमा करवाया, फार्म में संलग्न शपथ पत्र पर 7 फरवरी तिथि अंकित है जबकि 2 फरवरी अंतिम तिथि थी। मंगलवार के दिन प्रधान पति के द्वारा ग्राम पंचायत भवन पर बैठक बुलाई गई जिसमें प्रधान पति के द्वारा सेक्रेटरी विजय कुमार पर दबाव बनाकर अपने चहेते के नियुक्त के फिराक में थे जबकि उपस्थित अन्य आवेदिका प्रियंका, रामसखी ने विरोध किया। कहा कि अंतिम तिथि तक कार्यालय में केवल 2 फार्म जमा थे। तो यह तीसरा फार्म फर्जी है। दबंगई दिखाते हुए प्रधान पति ने फर्जी फार्म के अभ्यर्थिनी को सहायक ग्राम पंचायत के पद पर नियुक्त करने के लिए सेक्रेटरी विजय कुमार से कहा इस फर्जी नियुक्त पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव विजय कुमार मोटी रकम लेकर फर्जी नियुक्ति कर रहे हैं। जबकि एडीओ पंचायत पूर्णेन्द चंद ने कहा था कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त फार्म को निरस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में सीडीओ श्री लक्ष्मी वीएस ने कहा यदि चयन में धांधली बरती गई है तो डीपीआरओ को निर्देशित कर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सीडीओ की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास मुख्यमंत्री आवास एवं पेंशन आदि से सम्बन्धित कार्यों की प्रगति समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन की समीक्षा में 12445 लम्बित आवेदन पत्रों को खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा गया कि लम्बित आवेदन पत्रों को जांच कर तत्काल निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि जिस विकास खण्ड में अधिक प्रकरण है उसका प्राथमिकता पर निस्तारण शीघ्र कराना सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 1230 लक्ष्य के सापेक्ष 550 आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं। वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आधार प्रमाणीकरण हेतु पेंशनरों की 3218 अवशेष हैं। जिसे अभियान चलाकर आधार प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया। वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर 1605 आवेदन सत्यापन हेतु आधार कार्ड का हार्ड कापी उपलब्ध नही कराया गया हैं जिसे उपलब्ध करवाने हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. अनय मिश्रा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### एक रक्तदान शहीदों के नाम, किया स्वैच्छिक रक्तदान

**मीरजापुर।** विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मीरजापुर ब्लड डोनर क्लब द्वारा जिला मण्डलीय रक्तकोष में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। मंगलवार को एक रक्तदान शहीदों के नाम पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें कुल 13 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया मेडिकल स्क्रीनिंग के बाद 10 लोगों ने सफल रक्तदान करके रक्तदान शिविर को सफल बनाया। क्लब के संस्थापक कृष्णानन्द हैहयवंशी व प्रवीं कसेरा के आवाहन पर सभी ने सबसे पहले वीर जवानों के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उसके बाद बारी बारी से सभी ने रक्तदान किया। गुड्डू खान ने अपना 20वां रक्तदान करके शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में क्लब के कोर्डिनेटर अभिषेक साहू ने बताया कि मातृ शक्ति श्रेया अग्रवाल ने भी अपना पहला रक्तदान किया। आज सफलता के साथ रक्तदान करके रक्तविरंगना की उपाधि प्राप्त की। क्लब के कार्यालय प्रभारी सौरभ सिंह ने होमी भाभा कैन्सर हॉस्पिटल वाराणसी जाकर अपना रक्तदान करके 51वां डोनेशन पूरा किया। रक्तदान करने वालों में टीपू सुल्तान, विशाल, निशान्त, श्रेया, अजय, आशीष, तारिक, सुजीत, गौतम, बसन्त, आशुतोष, अमित, अमोल, अनूप, डॉ राजन कुमार ( रक्तकोष प्रभारी, रामकुमार गुप्ता लैब टेक्नीशियन, रामसमार तिवारी एवं शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप पर तेल भराने गये वाहनों में डाला पानी, हंगामा

**गुस्सा**

### आक्रोशित दर्जनों लोगों ने पेट्रोल पंप पर पहुंच कर काटा जमकर बवाल

जनसंदेश न्यूज


पेट्रोल पंप पर जुटी भीड़

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आवासीय परिसर में स्थित अवध पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की जगह पानी निकलने से हड़कंप मच गया। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। बता दें कि मंगलवार की सुबह अवध पेट्रोल पंप पर लोग पेट्रोल लेने पहुंचे, पेट्रोल लेने बाद लोग अपने गंतव्यों की तरफ रवाना हुए तो कुछ दूर जाने के बाद गाड़ी बन्द हो गई।

जिससे लोग अचम्भे में आ गए। वे किसी तरह गाड़ी पैदल खीचकर जब मैकेनिक के यहां पहुंचे तो चेक करने के बाद पता चला कि पेट्रोल की जगह पानी निकल रहा है, तो किसी का इंजन ही सीज हो गया है। आक्रोशित लोग दर्जनों की संख्या में पेट्रोल पंप पर पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया, देखते ही देखते भीड़ बढ़ने लगी तो किसी ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस आक्रोशित लोगों को आश्वासन दिया कि गाड़ी से पानी निकालकर दोबारा पेट्रोल दिया जाएगा और जिसकी गाड़ी खराब हुई है उसे बनवाया जाएगा, तब जाकर मामला शांत हुआ। उधर पेट्रोल पंप कर्मियों द्वारा लोगों की गाड़ी से पानी निकालकर पेट्रोल देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। लोगों का कहना था कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ है, ऐसी घटनाएं कई बार हो चुकी हैं। इसी पम्प पर बार-बार ऐसा क्यों होता है, यह जांच का विषय है।

# बीमारी से घबराएं नहीं डटकर करें मुकाबला

**क्विज**

### साईं हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से दिया संदेश


छात्र को पुरस्कृत करती अतिथि

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम स्पर्श कुष्ठ पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को साईं हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग सजौर में क्विज प्रतियोगिता जीएनएम तथा बी एससी नर्सिंग की छात्र एवं छात्राओं के बीच आयोजित किया गया। इस दौरान प्रथम द्वितीय और तृतीय छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। डॉ स्तव्या सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन पखवाड़ा अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से एक संदेश दिया। जिसके तहत टीबी से ग्रसित मरीजों अथवा लक्षण दिखाई देने पर संबंधित जानकारी व जागरूकता संदेश देने के लिए आसपास व अपने परिवार के लोगों को जागरूक करें और उनको प्रेरित करें कि अपने घरों के आस-पास गंदगी उत्पन्न ना हो और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। डा. जय बर्धन ने बताया कि जिले भर में स्वास्थ विभाग द्वारा कई टीमें गठित करके लोगों को प्रेरित व जागरूक करने का काम किया जा रहा है। जिससे लोगों के बीच जागरूकता आए। टीबी जैसी बीमारी से घबराएं नहीं, उसका डटकर सामना करते हुए इलाज कराएं और उससे निजात पाएं। क्विज प्रतियोगिता में जीएनएम तथा बीएससी नर्सिंग की छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को डा. स्तव्या, डा जयवर्धन, पुष्पेंद्र शुक्ला तथा सतीश चंद सोनकर द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं उससे होने वाली विकृति के बारे में चर्चा कर कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर पीके निगम, दीपक सिंह, रागिनी श्रीवास्तव, दिव्यांशी बोस, शनि प्रसाद, शिवकांत शर्मा, कैप्टन एके सिंह, हरिमोहन मौजूद रहे।

## संक्षेप

### प्रमुख के निरीक्षण में बंद मिले दो स्कूल


सियरिया प्राथमिक विद्यालय पर लटकता ताला

**खलियारी।** नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने बीते सोमवार को क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगवां प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में कोई अध्यापक उपस्थित नहीं मिला। प्राथमिक विद्यालय सियरिया व उच्च प्राथमिक विद्यालय बाराडांड़ में ताला बंद मिला। कंपोजिट विद्यालय पल्हारी में भी शिक्षक नहीं मिले। विद्यालय की रसोइयां बच्चों को पढ़ाती मिली। कंपोजिट विद्यालय में तेनुडाही में नौ में से सिर्फ दो शिक्षक उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय कजियारी में भी दो शिक्षक अनुपस्थित मिले। शिक्षकों के स्कूल पर न मिलने पर ब्लाक प्रमुख ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जायेगी।

### क्रिकेट टूर्नामेंट विजेता बनी भाजपा मंडल चोपन टीम

**चोपन।** डाला मंडल के पटवध में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे के समक्ष डाला मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे के टीम के द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के बाद 6 ओवर के मुकाबले में 67 रन बनाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी चोपन मंडल सुनील सिंह कैप्टन की टीम ने तीसरे ओवर में ओपनर बल्लेबाज के द्वारा मैच को अपने झोली में डालकर 14 गेंद शेष रहते हुए शानदार जीत हासिल किया। खिलाड़ी विनीत पांडेय, विकास चौबे, सत्यदेव पाण्डेय, विकास सिंह छोटकु, राम कुमार, अमित सिंह बड़कू, ललित पासवान, चंद्रकांत सिंह, अमित, विकास पाठक, नफीस कुरैसी, खिलाड़ियों द्वारा जीत हासिल किया गया।

### दो बाइकों की टक्कर में महिला गंभीर, रेफर

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के लालबत्ती में मंगलवार की सायं दो मोटरसाइकिल सवार की टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, घायल महिला को स्थानीयों द्वारा निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय मलिता देवी पत्नी राजू डोम निवासी धौठाटोला डाला अपने देवर के साथ डाला बाजार करके अपने घर जा रही थी कि विपरीत दिशा से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने धक्का मार दिया, धक्का मारने के बाद मोटरसाइकिल सवार युवक मौके से भाग निकला। घायल महिला के परिजनों द्वारा चौकी में तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की गुहार लगायी।

### हज यात्रा के लिए आवेदन 10 मार्च तक

**सोनभद्र।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार ने बताया कि हज यात्रा के इच्छुक आवेदकों का ऑनलाइन आवेदन 10 फरवरी से प्रारम्भ हो गया है, आवेदन की अन्तिम तिथि 10 मार्च तक है। आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता तीन फरवरी 2024 से कम नहीं होनी चाहिए, आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना होगा, एक कवर में एक परिवार के अधिकतम चार व न्यूनतम एक वयस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेंगे, आवेदन फार्म में अंकित आवासीय पता व पासपोर्ट में अंकित पता एक समान होने पर आवासीय प्रमाण के रूप में पासपोर्ट की फोटोप्रति मान्य होगी। हज आवेदक सम्बन्धित जानकारी हेतु सीयूजी नम्बर-7310103543 पर सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

### 22 ग्राम हेरोइन व एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को पुलिस हेरोइन तस्कर बबलू भारती पुत्र राजू भारती निवासी धरिकार बस्ती, डिबुलगंज, थाना अनपरा के कब्जे से 22 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत दो लाख रुपये) व संदीप कुमार बियार पुत्र रामनन्दन निवासी चन्दूवार, शक्तिनगर के कब्जे से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### जिला सैनिक बन्धु की बैठक 22 को

**सोनभद्र।** कैप्टन नौ सेना आशुतोष चौधरी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जिला सैनिक बन्धु की बैठक 15 फरवरी को आयोजित थी, किन्तु किसी अपरिहार्य कारणों से स्थागित कर दी गयी है, जो अब 22 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में होगी। उन्होंने जनपद के भूतपूर्व सैनिकों/उनकी विधवाओं तथा आश्रितों से अपील किया है कि अधिक से अधिक भूतपूर्व एवं दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा आश्रित जिला सैनिक बन्धु की बैठक में भाग ले सकती है।

### दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण आज

**सोनभद्र।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विद्या देवी ने बताया कि 15 फरवरी को डायट परिसर, उरमौरा, रावट्र्सगंज में 80 चिन्हित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण राज्यमंत्री संजीव गोड, सांसद पकौड़ी लाल कोल के कर-कमलों से किया जायेगा।

### गैराज से स्कूटी समेत हजारों का सामान चोरी

**शक्तिनगर।** थाना क्षेत्र के खड़िया बाजार गैराज में खड़ी स्कूटी एवं अन्य सामान चोरी हो गया। रतन लाल पुत्र राम चन्द्र निवासी खड़िया बाजार ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि रविवार की रात वह अपनी स्कूटी यूपी 53सी सी 9034 गैराज में खड़ी कर घर चला गया। सुबह आया तो स्कूटी के साथ गैरेज में रखा गेयर बॉक्स, ब्रेक ड्रम सहित अन्य सामान गायब मिला। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वर्चुअल शिलान्यास आज

**सोनभद्र।** हरदीप सिंह पूरी मंत्री भारत सरकार की संस्तुति पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास वर्चुवल के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में 15 फरवरी को पूर्वांह एक बजे से किया जायेगा।

# शिक्षा में समय के हिसाब से परिवर्तन जरूरी

**अवसर**

### एजुकेशनल फाउंडेशन के स्थापना दिवस उत्सव में सीखने-सिखाने की यात्रा का हुआ आयोजन


स्टॉल का अवलोकन करते सदर विधायक

**डाला।** उपक्रम एजुकेशनल फाउंडेशन के पांचवें स्थापना दिवस उत्सव है सीखने-सिखाने की यात्रा मंगलवार को अचलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनायी गयी। मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे एवं मुख्य वक्ता गांधीवादी विचारक एवं कालमिस्ट मोहन सिंह रहे। सदर विधायक ने कहा कि यह संस्था शिक्षा देकर समाज में उपकार कर रहा है, संस्था द्वारा चलाई जा रही झोला पुस्तकालय, हमारा पुस्तकालय, थीम डिस्प्ले बच्चों की शिक्षा में रामबाण साबित हो रही है।

मुख्य वक्ता मोहन सिंह ने बताया कि ग्रास लेबल बच्चों की शिक्षा को पहचाना संस्था द्वारा चलाई जा रही योजना बड़ा सार्थक कदम है। शिक्षा का मूल उद्देश्य आध्यात्मिक करण और निर्मल चरित्र से जुड़ना है। शिक्षा आने वाले समय चैलेंजिग होती जा रही है जिसमें समय के हिसाब से परिवर्तन करना पड़ेगा। शिक्षा के लिए अध्यापकों को स्वयं बदलना और ढलना होगा।

आज की शिक्षा प्रणाली पूर्व के समय के अनुसार बहुत ही भिन्न है। राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शिक्षा मानविकी मूल्यों की आधारशिला है, विद्यालय के परिवेश की शिक्षा मानक के अनुरूप बनाए जाते हैं, लोक शिक्षा बहुत ही उपयोगी हैं। सोनभद्र की परिप्रेक्ष में भोजपुरी भाषा बहुत ही आवश्यक है। विवाह संस्कार ने सभी वर्गों को जोड़ रखा है।

प्रत्येक बच्चों को पहले अपने घर व स्थानीय क्षेत्रों का इतिहास जाना-पहचाना चाहिए और मोबाइल ने पुस्तकीय ज्ञान को अधूरा कर दिया। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के द्वितीय सह संस्थापक निखिल शेट्टी, अचलेश्वर महादेव मंदिर के महंत मुरली तिवारी, रामलखन जंगली, राजीव कुमार खरवार, विद्याशंकर पाण्डेय, चंद्र प्रकाश तिवारी, एडवोकेट विनय चौबे, सुरेन्द्र पाण्डेय, जंगी मास्टर, रिशु जायसवाल, अंशु पटेल, नूतन मेहरोत्रा, तूलिका, खुशबु समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन संस्था की सह संस्थापिका किरण तिवारी ने किया।

# टास्क फोर्स की बैठक में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण पर दिया गया जोर

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश पर ब्लाक सभागार कक्ष में मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी नीरज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र की टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक हुई। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही बच्चों के लिए चलायी जा रही योजनाओं से पात्र बच्चों को जोड़ने के लिए प्रचार प्रसार की बात कही।

सुदूरवर्ती इलाकों में प्रचार प्रसार के माध्यम से महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रहे निराश्रित महिला पेंशन, विधवा पुत्री विवाह अनुदान, पुनर्विवाह अनुदान व विभिन्न प्रकार की हेल्प लाइन नम्बरों को जन जन तक पहुंचाने के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बाल संरक्षण इकाई ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे ने बताया कि ऐसे परिवारों को चिन्हित किया जाए जिनके परिवार के माता या पिता, संरक्षक की मार्च 2020 के बाद मृत्यु हुई हो। उनके परिवार के अधिकतम दो बच्चों को 18 वर्ष पूर्ण होने तक प्रत्येक बच्चे को 2500 प्रतिमाह मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य से आर्थिक सहायता दी जाएगी। बैठक में रंजना चौधरी, महेंद्र कुमार मौर्य, शाह आलंम अंसारी, गायत्री दुबे, सीमा द्विवेदी, चंद्रावती देवी, रजनी देवी, शांति, रेखा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कालेज गई छात्रा के घर न पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

जनसंदेश न्यूज

**मामला**

### कई घंटे बाद पुलिस ने कॉलेज के बंद कमरे से बरामद की छात्रा

### पुलिस की कार्यप्रणाली से छुब्ध छात्र ने लगाई फांसी गंभीर हालत में चिकित्सालय में भर्ती

**शक्तिनगर, सोनभद्र।** स्थानीय शक्तिनगर रोडवेज बस स्टैंड निवासी अकबर अंसारी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री को उसने शनिवार 8:15 बजे सुबह विद्युत विहार स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ शक्तिनगर परिसर के गेट पर छोड़ कर आया था परंतु 11:30 बजे छुट्टी होने के कई घंटे बाद घर न पहुंचने से परेशान हो उसने शक्ति नगर थाने में पुत्री के गायब होने की सूचना के साथ ही डायल 112 पर फोन कर पुत्री को ढूंढने की गुहार लगाई थी जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने काफी कोशिश के बाद शाम को उसी कॉलेज के एक कमरे से पुत्री को बरामद किया था और पुलिस ने पुत्री को उसे सुपुर्द कर दिया।

घर आने पर पुत्री ने उसे बताया कि उसका मुंह किसी ने रुमाल से बांधा था और उसी के दुपट्टे से उसका हाथ भी बंधा था। किसी तरह वह छुड़ाकर तब पुलिस के फोन को उठा कर जानकारी दी थी।

इस घटना के बाद उसने सोमवार को कालेज पहुंच हकीकत की जानकारी जाननी चाही तो कॉलेज के एक शिक्षक ने उसे शांत रहने अथवा पूरे परिवार को जेल भिजवाने की धमकी देकर भगा दिया, जिससे उसका परिवार काफी दहशत में आ गया है। पिता की लिखित शिकायत के बाद मंगलवार को पुलिस ने सक्रियता दिखाई और उसे लेकर पुनः कॉलेज गई जहां काफी देर तक जांच पड़ताल के बाद वह असंतुष्ट हालत में ही प्लांट ड्यूटी चला गया। इसी बीच उसके घर से सूचना आई कि उसकी पुत्री ने घर में ही फांसी लगा ली है जिसके बाद बदहवास परिजन उसे लेकर आनन-फानन एनटीपीसी के संजीवनी चिकित्सालय में ले गए परंतु हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण डाक्टरों ने उसे नेहरू शताब्दी चिकित्सालय रेफर कर दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह के चचाएँ व्याप्त हैं।

परिजनों व क्षेत्रीय लोगो का आरोप है कि संवेदनहीन शक्ति नगर पुलिस ने लिखित शिकायत और लापता होने की जानकारी व पुलिस की मौजूदगी में बाहर से बंद कमरे से बरामद छात्रा की बिना मेडिकल जांच व पूछताछ के उसको घर भेजना घटना को अत्यंत गंभीर व लीपापोती दशार्ता है।

# डीएवी में धूमधाम से मनी स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती

**हुए कार्यक्रम**

### दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश के माध्यम से मानव कल्याण का मार्ग किया प्रशस्त


हवन पूजन करते शिक्षक व छात्र

**बीजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में मंगलवार को संत, आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान विद्यालय के मुख्य द्वार को रंग बिरंगी रोशनी से जगमग किया गया। दयानंद सरस्वती की तस्वीर पर प्राचार्य राजकुमार के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने पुष्पांजली अर्पित किया।

दयानंद सरस्वती की वेष-भूषा में आए छात्र वेदांग शुक्ला, संजय यादव एवं अमर्त्य सेन यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने स्वामी को शत-शत नमन किया। इस क्रम में विद्यालय में प्रभातफेरी एवं झांकी निकाली गई, जिसमें आदित्य सिंह और ऋषि शर्मा ने दयानंद का वस्त्र और साज-सज्जा धारण कर आकर्षण का केंद्र बना। आर्य समाज अमर रहे, दयानंद सरस्वती अमर रहें, वेद की ज्योति जलती रहे नारों से एनटीपीसी टाउनशिप गुंजायमान रहा। इसके बाद हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि दयानंद सरस्वती जैसे महान विभूति सदियों में विरले हीं पैदा होते हैं। उन्होंने गुलामी के भीषण काल में सभी भारतीयों को एकजुट करने का अथक प्रयास किया। हिंदी को संपूर्ण भारत की भाषा बनाने पर जोर दिया तथा सत्यार्थ प्रकाश के माध्यम से सम्पूर्ण मानव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उनके विचारों से प्रभावित होकर अनेकों स्वतंत्रता सेनानी देश की आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिए। इसके बाद स्वामी के जीवन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गयी। वेदांग शुक्ला, शुभार्थी, शिवम पांडे, प्रतिभा, स्मिता, लव पांडे, खुशी तिवारी, रीतिका तिवारी, परी सिंह, तन्वी तिवारी, रक्षिका, दृष्टि सिंह, खुशी रानी, सुहाना कुमारी, मयंक मिश्रा, अर्पित जायसवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांध दिया।

### हरा नीम का पेड़ काटते दो गिरफ्तार

**पवांरा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने हरा नीम का पेड़ काटने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस मंगलवार की सुबह क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी कि इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि सजईकला खुर्द में हरा नीम का पेड़ काटा जा रहा है। सूचना पर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची और पेड़ काटते हुए दो अभियुक्तों राज मंसूरी पुत्र अख्तर अली, इश्तियाक अली पुत्र मुन्ना अली निवासीगण गरियांव बुढ़ंसापुर थाना मुंगराबादशाहपुर को गिरफ्तार कर थाने लायी। दोनों के पास से बारह हरे नीम की लकड़ी का बोटा तथा लकड़ी काटने की इलेक्ट्रानिक मशीन को बरामद किया। पुलिस दोनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 4/10 वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### मनाया गया शहादत दिवस

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लाक अंतर्गत स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में 14 फरवरी ब्लैक डे को शहादत दिवस के रुप में मनाया गया। सभी बच्चों एवं अध्यापकों ने वीर जवानों को कैंडल लाइट जला कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित श्रीवास्तव ने कहा कि वीर जवान हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। उनकी बहादुरी के जांबाज किस्से हमेशा याद किए जाएंगे। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक रामू, त्रिवेणी, दीपक, अभिषेक, नाजिया, सुषमा एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किए गए हेड कांस्टेबल अरविन्द कुमार

**केराकत।** सीओ दफ्तर में तैनात हेड कांस्टेबल अरविन्द कुमार को उनके उत्कृष्ट सेवा के लिए मंगलवार को अलंकृत किया गया। सीओ गौरव शर्मा ने अरविन्द कुमार के सीने पर पदक और बैच लगाया और उन्हें बधाई के साथ साथ शुभकानाएं दीं। अरविन्द कुमार 2005 बैच के कांस्टेबल हैं। उन्होंने विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दीं। वे पिछले एक साल से केराकत सर्किल में तैनात हैं। सीओ ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर भारत सरकार की ओर से उन्हें अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

## ऑटो पलटने से बाइक सवार गंभीर

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रेणुका पार के फफराकुण्ड में एक ऑटो के बाइक पर पलट जाने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में मौजूद लोगों द्वारा मामले की सूचना ओबरा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल युवक को चोपन सीएचसी में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए चोपन सीएचसी के चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज हेतु उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल वाहन चालक बहादुर शाह पुत्र देव शाह निवासी फफराकुण्ड रेलवे स्टेशन अपने घर से कहीं जा रहा था। इसी बीच एक ऑटो अनियंत्रित होकर उसकी बाइक पर गिर गई। जिसके चलते बाइक चालक बहादुर शाह को गंभीर चोटें आ गयी। समाचार दिए जाने तक घायल के परिजनों द्वारा कोई तहरीर थाने में नहीं दी गई थी।

### पदोन्नति पर दी गई बधाई

**हलिया।** स्थानीय थाने में तैनात हेड कांस्टेबल को प्रशिक्षण के बाद मिली पदोन्नति के फलस्वरूप उपनिरीक्षक बनाये जाने पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने उप-निरीक्षक बने इन्द्र देव यादव को बैज और स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और सेवा के प्रतिफल के रूप में प्राप्त पदोन्नति से थाना क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ हूँ। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि पर थाना परिवार से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। इन्द्र देव यादव को उपनिरीक्षक बनाये जाने के उपरांत स्थानीय प्रबुद्धजन एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है। इस दौरान उपस्थित उपनिरीक्षक विजय यादव व चौकी प्रभारी मतवार लल्लन यादव, विक्रम विशाल, जयप्रकाश यादव, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

### कमेटी का सदस्य चुने जाने पर गांव में हर्ष

**मीरजापुर।** जिले के सीखड ब्लाक के बगहां गांव निवासी मिथिलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय कर्मचारी वेतन भोगी सरकारी समिति लिमिटेड वाराणसी में संपन्न कमेटी के सदस्य के चुनाव में जोन क्षेत्र 5 जल एवं विद्युत आपूर्ति विभाग के चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को हराकर निर्वाचित घोषित किए गए। उनके इस विजय पर उनके गांव में खुशी का माहौल रहा। लोगों द्वारा उनको बधाई व शुभकामना दिया गया और उनके गांव में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और प्रसन्नता व्यक्त की गई।

### पीस कमेटी की बैठक आहूत

**राजगढ़।** आगामी त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना राजगढ़ पर आगामी महाशिवरात्रि एवं होली पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक की गई, बैठक में एसडीएम मड़िहान एवं क्षेत्राधिकारी मड़िहान एवं प्रभारी निरीक्षक राजगढ़ राणा प्रताप यादव उपस्थित रहे। आपसी सौहार्द से त्योहार मनाए जाने हेतु सभी को अवगत कराया गया। बैठक में रोड एक्सीडेंट से बचाव के लिए सभी को हेलमेट लगाने एवं धीमी गति से वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया, किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दिए जाने हेतु सभी को अवगत कराया।

## ओवरलोडिंग में 38 वाहनों का चालान

**सोनभद्र।** जनपद में ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 12 और 13 फरवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जांच किया गया, जिसमें 38 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 14 वाहनों को लोढ़ी बैरियर, चोपन थाने के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

चंदौली। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के 26 साल पुराने मामले की सुनवाई की। इस दौरान जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ ने आरोप सिद्ध होने पर तीन आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनायी।

**फैसला**

**15-15 हजार रुपया जुर्माना भी लगा**

वहीं 15-15 हजार रुपया जुमार्ना लगाया। अभियोजन की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शशि शंकर सिंह, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राम अवध यादव व राजेन्द्र कुमार पांडेय ने तर्क प्रस्तुत किया। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि चकिया थाना क्षेत्र के रामपुर कला निवासी राम अनन्त सिंह उर्फ कवि की हत्या अवैध संबंधों को लेकर कर दी गई थी। इसमें सर्फराजी देवी पत्नी सुक्खू, सुक्खू पुत्र सुक्खन व बेचू बियार आरोपित थे। उनके खिलाफ धारा 302 सपठित 34 भा.द.सं. के तहत मृतक के पट्टीदार दिवाकर सिंह ने 26 सितंबर 1996 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बताया कि राम अनन्त सिंह का अवैध सम्बन्ध सुक्खू की पत्नी समराजी उर्फ सर्फराजी से था।

इसके चलते समराजी उर्फ सर्फराजी बच्चों सहित अपने मायके में ही रह रही थी। समराजी से अवैध संबंध के चलते उसके पति सुक्खू व समराजी का भाई बेचू रंज मानते रहे। इसके चलते 25 सितंबर 1996 को दोपहर लगभग 2 बजे आरोपितों ने राम अनन्त की हत्या उन्हीं के घर में कर दिया। शोरगुल की आवाज पर पट्टीदार जब राम अनन्त के घर के समीप पहुंचा। तब आरोपितों को मृतक के घर से अस्त व्यस्त हालत में निकलकर भागते हुए देखा। उसके शोर मचाने पर गांव के बहुत से लोग जुट गए। अंदर जाकर देखा गया तो उनके घर में काफी खून गिरा हुआ था। वहीं राम अनन्त की लाश गोइठा के नीचे दबाया गया था। आरोपितों की नीयत लाश को फूंकने की थी। मौके पर असलहा भी पड़ा हुआ था। इसपर पट्टीदार ने घटना की सूचना राम अनन्त उर्फ कवि के ससुराल मौजा पिपरिया में दिया। रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की प्रार्थना की गयी। अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस सुनने एवं साक्ष्यों के अवलोकन करने के बाद जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार (चतुर्थ) ने आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं प्रत्येक को 15-15 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर प्रत्येक अभियुक्त को 6 महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

## डीडीयू जंक्शन पर नार्थईस्ट एक्सप्रेस से 157 कछुए बरामद

डीडीयू नगर। आरपीएफ ने सोमवार की रात जंक्शन पर नार्थईस्ट एक्सप्रेस की बोगी से 21 बैग व बोरी में रखे 157 कछुए बरामद किए। कछुओं को वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। कछुओं की तस्करी के रैकेट का मंगलवार को खुलासा करते हुए आरपीएफ प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सोमवार की देर रात डीडीयू जंक्शन पर आरपीएफ टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या तीन पर 12506 नार्थईस्ट एक्सप्रेस पहुंची। जवानों ने ट्रेन की सभी बोगियों में जांच कर रहे थे तभी एस1 और एस2 बोगी के गैलरी में रखे 21 झोले और बोरी मिला। जवानों ने यात्रियों से इसके बारे में पूछताछ की गई तो 5 महिलाएं और 4 लोगां को डीडीयू आरपीएफ ने पकड़ थाने लाई यहां झोले और बोरियो को खोलकर देखा तो उसमें 27 बड़े कछुए व 130 छोटे कछुए जीवित हाल में मिले। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग कछुओं को सुल्तानपुर से लेकर बिहार जा रहे थे जहां ये लोग कछुओं को ले जाकर ऊंचे दामों में बेचते है। वही बरामद कछुओं को आरपीएफ ने वन विभाग को सुपुर्द कर दिया। विधिक कार्रवाई करने के साथ ही तस्करी के रैकेट की छानबीन में जुटी रही।

# छह उपरगामी सेतु का शिलान्यास करेंगे डा. महेंद्रनाथ पाण्डेय

जनसंदेश न्यूज

नियामताबाद। क्षेत्र के सदलपुरा में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। इसकी शुरूवात डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके की गई। जिलाध्यक्ष भाजपा अभिमन्यु सिंह ने बताया कि 17 फरवरी को बहुप्रतीक्षित मटकुट्टा रेलवे उपरगामी सेतु के लोकार्पण सहित छह उपरगामी रेलवे सेतु के शिलान्यास केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री व सांसद चंदौली डा. महेंद्रनाथ पाण्डेय के हाथों दोपहर 2 बजे किया जायेगा। इस दौरान जनसभा का भी आयोजन किया गया है।

चंदौली सांसद डा.महेंद्रनाथ पाण्डेय वर्चुवल संवाद में जुड़ कर कहा कि उपरगामी सेतु का मांग क्षेत्रवासियों द्वारा कई वर्षो से थी आज वह पूर्ण हो रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में चंदौली जनपद विकास के नए-नए आयाम गढ़ रहा है। कहा कि जनहित व जनकल्याण को



मटकुट्टा में उपरगामी सेतू का जायजा लेते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

प्राथमिकता के आधार पर रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में सूर्यमुनी तिवारी, राणा प्रताप सिंह, अवधेश सिंह, संजय पाण्डेय, सुब्बन सिंह, दुर्गा पाण्डेय, डा.शंभूनाथ, भानु प्रताप सिंह, अरूण मिश्रा, विवेक सिंह, रामअशीष मौर्या, अजीत पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग संग बलात्कार के मामले में एफआईआर दर्ज

इलिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक को घर में घुसकर एक युवक द्वारा जबरन बलात्कार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में आरोपिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध धारा 376 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। आरोप है कि कक्षा नौ की छात्रा घर में अकेली थी उसी वक्त बरांव गांव का रहने वाला संदीप नामक युवक उसके घर में घुस गया और उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। परिजनों के घर आने पर किशोरी ने आपबीती बताई। जिस पर परिजनों के साथ युवती स्थानीय थाने में जाकर घटना की लिखित तहरीर पुलिस में दी। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि युवती द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर मेडिकल मुआयना कराने के बाद बरांव गांव निवासी संदीप के विरुद्ध बलात्कार का मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## संक्षेप

### मुगलसराय विधायक ने शहीद अवधेश यादव को दी श्रद्धांजलि



शहीद अवधेश यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक रमेश जायसवाल।

पड़ाव। पुलवामा हमले की बरसी पर मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने मंगलवार को शहीद अवधेश सिंह के पड़ाव स्थित उनके आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके द्वारा देश के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि शहीद अवधेश यादव की यादें हम सभी के दिल में आज जीवित है। उनके अंदर जो देश सेवा की भावना थी वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अवधेश यादव ने देश के सरहद की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। आज देश अवधेश यादव जैसे वीर सपूतों के जज्बे के कारण बाहरी शत्रुओं से सुरक्षित है। आज चंदौली का जन-जन शहीद अवधेश यादव की यादों को अपने हृदय में समेटे हुए है।

### अघोरेश्वर राजेश्वर बाबा का अवतरण दिवस मना



राजेश्वर राम बाबा।

चहनियां। अघोरपीठ के दसवें पीठाधीश्वर परमपूज्य अघोराचार्य बाबा राजेश्वर राम जी का अवतरण दिवस उनके पैतृक ग्राम महुअर कलां में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अघोर कीर्तन से हुआ। अघोरपीठ के प्रधान व्यवस्थापक अरुण सिंह के द्वारा परमपूज्य बाबा माल्यार्पण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम बागीश पाठक और मातुम अली अन्य साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उमेश सिंह लाठी, रामशाला रामगढ़ के व्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह, रविशंकर सिंह, बृजलाल सिंह, संतोष सिंह, हितेश सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रभु नारायण सिंह, सुरेश यादव, अशोक मिश्रा, शुभम सिंह, कुलदीप वर्मा, पंकज पांडेय उपस्थित रहे। संचालन सूर्यनाथ सिंह द्वारा किया गया।

### निपुण लक्ष्य व शिक्षक संदर्शिका पर हुआ मंथन-चिंतन

शहाबगंज। विकास खंड के न्याय पंचायत सिंघरौल की शिक्षक संकुल की बैठक प्राथमिक विद्यालय सिंघरौल पर हुई। एआरपी मनीष तिवारी ने निपुण लक्ष्य व शिक्षक संदर्शिका पर विचार विमर्श किया। बैठक में नई शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत मिशन, शिक्षण योजना के अनुसार कक्षा शिक्षण के संचालन, कायाकल्प, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका के अनुरूप 22 सप्ताह के कैलेण्डर का संचालन के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा निपुण स्कूल बनाने की कार्ययोजना, अभिभावकों के साथ छोटे-छोटे समूह में बैठक और चर्चा, निपुण लक्ष्य के अनुरूप गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम का कक्षा शिक्षण में अनुप्रयोग, प्रशिक्षण, शिक्षक शिक्षार्थी आत्मीय संबंध आदि बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी और सभी शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। नोडल संजय सिंह ने एल्बेंडाजोल व आयरन की गोली की रिपोर्ट व बच्चों के बीच साप्ताहिक वितरण और उसका पंजिका में अंकित किया जाना,निपुण लक्ष्य एप से बच्चों का स्पॉट असेसमेंट पर जानकारी दी। बैठक में शिक्षक संकुल बिबेकानंद त्रिपाठी, दिलीप यादव ने अपने-अपने विद्यालय में बाल वाटिका के संचालन से संबंधित गतिविधियों एवं अभिलेखों का प्रस्तुतिकरण किया। विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 1, 2 व 3 के शिक्षकों ने बच्चों में निपुण लक्ष्य सम्प्राप्ति व लक्ष्य को पाने पर विचार विमर्श किया। बैठक में सभी शिक्षकों ने निपुण लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया। बैठक में वरुणेन्द्र पाठक, संजीव सिंह, अमर बहादुर सिंह, वन्दना सिंह, सीमा पटेल, भानुमति सिंह, ममता देवी, विनोद कुमार, अजय कुमार, सतीश, नजीर हसन, जगदीश पाल, मनोज कुमार, सत्येन्द्र कुमार, विजय यादव, गोविन्द, अश्वनी, निशांत, विनोद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# धानापुर थाने पर बेरोजगार युवाओं का रोजगार के लिए हंगामा



धानापुर थाने में उग्र युवाओं को समझाती पुलिस।

धानापुर। सैकड़ों की संख्या में युवा बेरोजगारों को मंगलवार को थाना परिसर से वापस लौटना पड़ा जब एसआईएस में भर्ती करने वाली टीम परिसर नहीं पहुंची। एसआईएस में भर्ती के लिए पिछले कई दिनों से प्रचार प्रसार कर जिले में थानावार कई पदों के लिए भर्ती की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसके तहत आज धानापुर थाना परिसर में युवाओं की भर्ती होनी थी। सुबह से ही काफी संख्या में युवाओं का बड़ा हुजूम इकट्ठा होने लगा। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी भर्ती टीम नहीं पहुंची। जिस पर युवाओं ने हो हल्ला मचाना शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष विपिन सिंह ने युवाओं को समझा बुझाकर वापस कराया और बताया कि इस भर्ती से संबंधित उच्चाधिकारियों से उन्हें कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं है। जबकि कई स्थानों पर लगे पैंफलेट पर अंकित मोबाइल नंबर से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि किसी कारण वश भर्ती प्रक्रिया कुछ दिन के लिए टाल दी गई है। शीघ्र ही पुनः भर्ती की योजना बनाकर कराया जाएगा।

# स्कूल में मातृ-पितृ पूजन संग मना वार्षिकोत्सव

जनसंदेश न्यूज

टांडाकला। आर पब्लिक स्कूल टांडाकला में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मातृ पितृ पूजन दिवस 14 फरवरी को मनाया गया। इसकी शुरूआत कार्यक्रम अध्यक्ष सम्पूर्णानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डा.जयश्याम त्रिपाठी ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप प्रज्जवलित करके किया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने थाल में पूजन सामग्री लेकर अपने अपने अभिभावकों का विधिवत पूजन अर्चन कर आरती उतारी। मुख्य अतिथि वाराणसी विकास प्राधिकरण के सदस्य अम्बरीष सिंह भोला ने कहा पाश्चात्य सभ्यता का आगमन जब हमारी भारतीय सभ्यता संस्कृति को नष्ट करने पर तुला हुआ है। ऐसे में इस दिवस को इस रूप में मनाने के लिए विद्यालय प्रबन्धन बधाई का पात्र है।

वहीं विशिष्ट अतिथि आनन्द तिवारी सोनू ने बच्चों के कार्यक्रम की



टांडाकला स्थित पी आर पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग करते बच्चे।

सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत, लघु नाटिका सहित अनेक गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किये। प्रबन्धक अमित पांडेय ने आये हुए सभी आगन्तुकों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान राजेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र पांडेय, आलोक पांडेय, सरिता मौर्या, राहुल मिश्र, अभिषेक पांडेय, आशीष सिंह, अमित सिंह सोनू उपस्थित रहे। संचालन दुर्गेश पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद ने किया।

# मूल्य व मार्केट के अभाव में गन्ना की खेती से दूर हो रहे किसान

चंदौली। गन्ना एक वक्त किसानों की मोटी कमाई का एक उम्दा फसल हुआ करती थी, लेकिन आज किसान गन्ना की खेती करने से कन्नी काटने लगा है। क्योंकि उसे उपज का सही मूल्य और सही मार्केट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गन्ना फसल के प्रति सरकार की उदासीनता के कारण जनपद चंदौली में इसकी खेती व्यक्तिगत उपयोग तक ही सीमित रह गयी है। व्यापक व बड़े पैमाने पर गन्ना की खेती नगण्य प्रायः नजर आने लगी है। यही हाल रहा तो गन्ना के खेत नजर आना कुछ दिनों में बंद हो जाएंगे।

हालांकि इस वक्त जनपद के अलग-अलग हिस्सों में जिन किसानों ने गन्ना की खेती कर रखी थी वह उसकी पेराई और उससे गुड को तैयार करने की प्रक्रिया में जुटे हैं। जिससे गांव-गिरांव की फिजा में गुड की सौंधी महक चारों ओर फैली हुई है। हालांकि पहले जब गन्ने की पेराई और गुड बनाने में किसान जुटते थे तो गांव की आवोहवा सौंधी-सौंधी हो



जाती थी। खगवल निवासी किसान रामनारायण मौर्य ने 10 बिस्वा में निजी उपयोग के लिए गन्ने की खेती कर रहे हैं, जो पहले व्यापक पैमाने पर गन्ने की खेती करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करते चले आ रहे हैं। रामनारायण मौर्य की माने तो गन्ना एक बहुवर्षीय फसल है, जिसकी बोआई के लिए रोटावेटर व पाटा चलाकर खेत तैयार किया जाता है।

जिससे गन्ने की जड़े गहराई तक जाएगी और पौधे को आवश्यक पोषक तत्व मिलेंगे। गन्ना भारत की महत्वपूर्ण वाणिज्यिक फसलों में से एक है और इसका नकदी फसल के रूप में एक प्रमुख स्थान है। चीनी का मुख्य स्रोत गन्ना है।

गन्ने की खेती बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देती है। गन्ने की अधिक पैदावार लेने के लिए सर्वोत्तम समय अक्टूबर-नवम्बर है। बसंत कालीन गन्ना फरवरी-मार्च में लगाना चाहिए। गन्ने के लिए काली भारी मिट्टी, पीली मिट्टी, तथा रेतेली मिट्टी जिसमें पानी का अच्छा निकास हो गन्ने हेतु सर्वोत्तम होती है।

बताया कि 50 सालों से उनका परिवार गन्ने की खेती करता चला आ रहा है, लेकिन धीरे-धीरे लागत के सापेक्ष कम समर्थन मूल्य का मिलना व उचित बाजार के अभाव में खेती का दायरा साल दर साल सिमटता गया और अब केवल घर के उपयोग मात्र के लिए गन्ने की खेती की जा रही है। सरकार को इसकी खेती करने वाले किसानों की सुविधाओं व हित का ध्यान देने की जरूरत है, ताकि जिससे धान की कटोरे में गुड की मिठास भी फैल सके।

## चंदौली के व्यवसायियों में भय का माहौल कायम

**रामकिशुन**



चंदौली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद रामकिशुन यादव मंगलवार को भाजपा सरकार पर हमलावर रहे। इस दौरान उन्होंने चंदौली के दवा व्यापारी धीरज गुप्ता की हत्या की घटना को दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही पुलिस प्रशासन पर भी आरोप लगाए। कहा कि पुलिस अपने दावे पर खरी नहीं उतरी। 72 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ अपराधी हत्थे नहीं चढ़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भयमुक्त समाज का नारा देने वाले भाजपा सरकार की पोल खुलती नजर आ रही है। ताबड़तोड़ हो रही आपराधिक घटनाओं से चंदौली के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। इसका ज्वलंत उदाहरण गत दिनों दवा व्यवसाई की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला आया है। यह घटना व्यापारियों के लिए चिंता का विषय है। व्यापारी ही नहीं समाज का कोई भी तबका भाजपा सरकार में सुरक्षित नहीं है। सरकार के झूठे दावों की पोल अब खुलती जा रही है।

# आलोक स्कूल में मातृ-पितृ पूजनोत्सव का आयोजन



आलोक स्कूल में आयोजित पूजनोत्सव कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चे।

चंदौली। नगर स्थित आलोक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौतम नगर चंदौली में मातृ पितृ पूजन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान बच्चों ने विधि विधान के साथ माता-पिता का पूजन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के डायरेक्टर आजाद बहादुर, प्रधानाचार्य डा. आनंद बहादुर उप प्रधानाचार्य आरती गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता-पिता का विधि-विधान से पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में राजेश तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, हितेश द्विवेदी, अखिलेश, अशोक ,ममता आदि उपस्थित थे।

# विरासत को बचाने के लिए महापुरुषों को करना होगा याद



चंदौली। भागीदारी पार्टी जिला इकाई की बैठक मुख्यालय स्थित एक विद्यालय के कैंप कार्यालय में मंगलवार को हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रजापति महात्मा संतराम बीए की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यकताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने कहा कि महापुरुषों की बची हुई विरासत को बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। महात्मा संतराम बीए ने जाती पाती तोड़कर मंडल का आयोजन किया था।जिसमें छुआछूत समाज एकता पर विशेष बल दिया था। लोग कहते थे कि अपने बच्चों को शिक्षित करो संगठित करो तभी तुम्हारा अधिकार मिलेगा और तुम ही आगे बढ़कर समाज को बढ़ा सकते हो। इस दौरान महेश चंद्र प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, राजू प्रजापति, दशरथ प्रजापति, जय प्रजापति, रेनू प्रजापति, रेखा प्रजापति, संदीप प्रजापति, सुमंत प्रजापति, मनीष प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# ग्राहकों को दी वित्तीय समावेशन संबंधित जानकारी



जागरूकता कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन की जानकारी देते बैंक अधिकारी।

चंदौली। क्षेत्र के फगुइया गांव में बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजीत वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक की प्रतिनिधि रंजना मरावि ने किया। इस अवसर पर बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार बर्नवाल एवं एफएलसी श्रीराम ने उपस्थित ग्राहकों, एसएचजी महिलाओं एवं ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन से संबंधित जनधन खाते खोलना, ऋण योजनाओ, सामजिक सुरक्षा से संबंधित अटल पेंशन, दुर्घटना बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा की विस्तृत जानकारी दिया। अंत में आरबीआई प्रतिनिधि रंजना मरावी द्वारा बैंक में खाते खोलने से लेकर, एटीएम प्राप्त करने, डिजिटल लेनदेन तथा उसमे होने वाली अनियमितताओं व धोखाधड़ी से सतर्क रहने की विभिन्न पैरामीटर के बारे में बताया। संचालन शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार एवं प्रबंधक वितीय समावेशन संदीप कुमार द्वारा किया गया।

# शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

जनसंदेश न्यूज

चहनियां। लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ़ चंदौली के नवनिर्मित सभागार में चार वर्ष पूर्व पुलवामा मे आतंकियों के हमले में 40 जवान शदीद हो गये उनके याद में विद्यालय परिवार द्वारा शोक सभा का आयोजन हुआ। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया तथा परिसर में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक लोकनाथ सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा का आयोजन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए संस्थापक प्रबंधक धनंजय सिंह बताया कि पुलवामा में हुए आतंकी अटैक को आज 4 साल पूरे हो गए हैं। 14 फरवरी 2019 को श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले में विस्फोटक लेकर जा रहे एक वाहन को टक्कर मार दी थी जिसमे सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। हम सभी उन शहीदों के याद में अपनी कृतघ्नता ज्ञापित



लोकनाथ महाविद्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित बच्चे व शिक्षकगण।

करने के लिए उपस्थित हुए है। श्रद्धांजलि सभा में डा.विनय सिंह, डा.पीसी पाण्डेय, डा.सर्वेश शर्मा, डा.दीपक कुमारी, संजय सिंह, विवेक सिंह, अमृत प्रकाश सिंह अन्नू, पप्पू पाठक, धीरेंद्र राय, डा.नीलम प्रजापति, पीयूष राय समेत समस्त छात्र छात्राएं व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## रणजी ट्राफी : अरुण लाल को उम्मीद, इस बार रणजी ट्रॉफी जीतने में सफल रहेगा बंगाल

**कोलकाता।** बंगाल की रणजी ट्रॉफी फाइनल में 32 साल पहले दर्ज की गई आखिरी जीत के नायक रहे अरुण लाल को उम्मीद है कि 2020 और 2022 में नाकाम रहने के बाद इस बार उनके राज्य की टीम इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप को जीतने में सफल रहेगी। वर्तमान सत्र से पहले बंगाल के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने वाले 67 वर्षीय अरुण लाल का मानना है कि बंगाल की टीम काफी मजबूत है और वह अगले पांच वर्षों में कम से कम दो बार खिताब जीत सकती है। अरुण लाल ने मंगलवार को कहा, बंगाल दुर्भाग्यशाली रहा जो 2020 और 2022 में नहीं जीत पाया। टीम बहुत अच्छी थी और उसे इन दोनों अवसरों पर जीतना चाहिए था। उम्मीद है कि तीसरी बार भाग्य टीम का साथ देगा और वह खिताब जीतने में सफल रहेगी।



# अक्षदीप सिंह-प्रियंका गोस्वामी ने 20 किमी पैदल चाल में जीता स्वर्ण, पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए किया क्वालीफाई

### पंजाब के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**रांची।** अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर स्पर्धा में पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए मंगलवार को स्वर्ण पदक जीतने के साथ इस साल की विश्व चैंपियनशिप और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पंजाब के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड अनुभवी संदीप कुमार के नाम था जिनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड एक घंटा 20 मिनट और 16 सेकंड का था। संदीप ने हालांकि मंगलवार को निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह एक घंटे 23 मिनट और 28 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहे। उत्तराखंड के सूरज पंवार एक घंटा 20 मिनट और 11 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक क्वालीफाइंग समय को हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गए। दिल्ली के विकास सिंह एक घंटा 21 मिनट और आठ सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहें। इस स्पर्धा को 48 खिलाड़ियों ने पूरा किया। अगस्त में बुडापेस्ट में होने वाली दोनों विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक के लिए पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल का क्वालीफाईंग समय एक घंटा 20 मिनट 10 सेकंड है। इस आश्चर्यजनक परिणाम से पहले अक्षदीप का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ एक घंटा 23 मिनट 14 सेकंड था जो उन्होंने इसी चैंपियनशिप में पिछली बार हासिल किया था।



महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मेरठ की प्रियंका गोस्वामी ने एक घंटा 28 मिनट 50 सेकंड के समय के साथ विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक दोनों के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने स्वर्ण पदक जीता लेकिन अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड एक घंटा 28 मिनट 45 सेकंड में सुधार करने से चूक गई। उन्होंने यह रिकॉर्ड 2021 में बनाया था। टोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी 26 वर्षीय प्रियंका ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत जीता था।

राजस्थान की भावना जाट एक घंटा 29 मिनट 44 सेकंड समय के साथ दूसरे और उनकी राज्य की सोनल सुखवाल एक घंटा 31 मिनट तीन सेकंड समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अगस्त में बुडापेस्ट में होने वाली दोनों विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक के लिए महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल का क्वालीफाईंग समय एक घंटा 29 मिनट 20 सेकंड है। ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाइंग समय (31 दिसंबर, 2022) शुरू होने के बाद अक्षदीप और प्रियंका एथलेटिक्स से 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय हैं।

स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेज एथलीट अविनाश साबले ने भी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन उन्हें 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना बाकी है। दस हजार मीटर दौड़, मैराथन, संयुक्त स्पधाओं और पैदल चाल के अलावा व्यक्तिगत स्पधाओं के लिए 2024 ओलंपिक क्वालिफिकेशन विंडो एक जुलाई, 2023 से 30 जून, 2024 तक है।

किसान पिता और गृहिणी मां के बेटे अक्षदीप ने पटियाला यूनिवर्सिटी में जाने-माने कोच गुरदेव सिंह की देख रेख में शुरूआती प्रशिक्षण लिया। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में प्रवेश किया, जहां वह वर्तमान में खेलो इंडिया खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय पैदल चाल कोच तात्याना सिबिलेवा की देख रेख में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने पिछले साल बेंगलुरु में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल में स्वर्ण और गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीता था।

## सुमित नागल को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड, जानिए टूर्नामेंट निदेशक सुनील यजमान ने क्या कहा?

**बेंगलुरु।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को 20 फरवरी से यहां शुरू होने वाले बेंगलुरू ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ के लिए मंगलवार को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया। पच्चीस साल के नागल भारत के पूर्व शीर्ष खिलाड़ी रहे हैं। वह इस प्रतिष्ठित एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के पांचवें सत्र में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) द्वारा बेंगलुरु के केएसएलटीए स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। केएसएलटीए के संयुक्त सचिव और बेंगलुरु ओपन के टूर्नामेंट निदेशक सुनील यजमान ने कहा, नागल को पहला वाइल्ड कार्ड देकर हमें खुशी हो रही है। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उन्होंने यहां अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता है। हम अपने भारतीय खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट के माध्यम से टेनिस की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नागल ने 2017 में इस टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता था। उन्होंने उसके बाद अपने करियर में कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन किए। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 2018 और 2020 में अपने अन्य दो मुकाबलों के दौरान क्रमशः क्वार्टर फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल का रास्ता तय किया।



# जेमिमा और ऋचा ने टी20 रैंकिंग में किया सुधार, स्मृति मंधाना टॉप तीन में बरकरार

### जेमिमा नाबाद 52 रन की पारी के दम पर 13वें से 11वें स्थान पर

**दुबई।** भारत की जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में सुधार के साथ क्रमशः 11वें और 36वें स्थान पर पहुंच गई हैं। महिला टी20 विश्व कप के शुरूआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाने के बाद जेमिमा और ऋचा की जोड़ी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहीं।


जेमिमा नाबाद 52 रन की पारी के दम पर 13वें से 11वें स्थान पर पहुंच गई है, तो वहीं ऋचा 31 रन की नाबाद पारी के बाद 42वें से 36वें स्थान पर पहुंच गयी है। उंगली की चोट के कारण इस मैच से बाहर रही उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान के साथ रैंकिंग में शीर्ष भारतीय बल्लेबाज है। स्मृति की सलामी जोड़ीदार शैफाली वर्मा इस रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई है। पाकिस्तान के लिए इस मैच में नाबाद 68 रन की पारी खेलने वाली कप्तान बिस्माह मारूफ तीन स्थान के सुधार के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गई है। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और दक्षिण अफ्रीका की नॉनकुलुलेको म्लाबा ने शीर्ष दो पायदान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा विश्व कप में छह विकेट के साथ एक्लेस्टोन टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज है। उनके नाम 776 रेटिंग अंक है, जबकि म्लाबा 17 रेटिंग अंक प्राप्त कर 770 रेटिंग अंक तक पहुंच गयी है।



## बॉलीवुड न्यूज

### ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट से मस्ती भरे वीडियो संग उठा पर्दा

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 की अनाउंसमेंट के बाद से ही फैन्स इसकी रिलीज डेट का इंजतार कर रहें है। अब फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट का एलान हो चुका है। ये फिल्म 7 जुलाई को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसके साथ ही आयुष्मान के फैन्स के बीच एक अलग ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी जिन्होंने कैलेंडर में अपनी डेट मार्क कर ली है। फिल्म की रिलीज की घोषणा एक मजेदार नॉटी वीडियो के साथ की गई जिसमें आयुष्मान खुराना को इंडस्ट्री के सुपरस्टार के साथ पूजा नाम की लड़की के रूप में बातचीत करते देखा जा सकता है। जी हां, बिल्कुल सही समझे आप...इस फिल्म में आयुष्मान न केवल करम की भूमिका निभाएंगे बल्कि एक लड़की की भूमिका में भी नजर आएंगे। ऐसे में यह देखना मजेदार होगा कि वह एक लड़की के रूप में कैसे दिखते हैं। आयुष्मान का यह नया अवतार दर्शकों को निश्चित ही हैरान कर देने वाला है। डीम गर्ल 2 के प्रोमोशनल कैंपेन की शुरूआत भी हो चुकी है। बता दें, बालाजी टेलीफिल्म्स की ड्रीम गर्ल 2 बेहद सफल फिल्म ड्रीम गर्ल का सीक्वल है, जो 2019 में रिलीज हुई थी। इसके पहले पार्ट को बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी सफलता हासिल हुई थी और फिल्म को इसकी अनोखी कहानी और आयुष्मान के प्रदर्शन के लिए दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया था। ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना के अलावा अनन्या पांडे, परेश रावल, राजपाल यादव, असरानी, विजय राज, अन्नू कपूर, सीमा पाहवा, मनोज जोशी, अभिषेक बनर्जी और मनजोत सिंह होंगे। फिल्म का निर्देशन राज शांडिल्य ने किया हैं और एकता आर कपूर ने इसे प्रोड्यूस किया हैं। फिल्म को लेकर फिल्म के मेकर्स दावा है कि सीक्वल पहले पार्ट की तुलना में और भी ज्यादा मजेदार और एंटरटेनिंग होगा। वहीं फिल्म की रिलीज डेट, 7 जुलाई के साथ काउंटडाउन भी शुरू हो चुका है। तो, पूजा के रूप में आयुष्मान खुराना के साथ इस मजेदार सफर के लिए तैयार हो जाइए।



### एक अनूठी प्रेम कहानी 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे'

**इंदौर।** दिल को छू लेने वाले फैमिली शोज के जरिये दर्शकों का मनोरंजन करते हुये, सोनी सब अब एक और अनूठे रोमांस ड्रामा की पेशकश करने के लिये तैयार है। ध्रुव तारा– समय सदी से परे नामक इस शो में ध्रुव और तारा की कहानी दिखाई गई है, जिनका न सिर्फ नजरिया अलग है, बल्कि जो दो बिल्कुल अलग–अलग सदियों से भी ताल्लुक रखते हैं, जिनमें 400 सालों का अंतर है। ध्रुव तारा– समय सदी से परे दर्शकों को रोमांस की दुनिया में ले जाने के लिये तैयार है, जहां उन्हें सदियों में फैली एक सच्ची प्रेम कहानी को देखने का मौका मिलेगा। इस शो में तारा 17वीं शताब्दी से समय की यात्रा करके आज की दुनिया में आई है। इस शो का प्रसारण 20 फरवरी 2023 से शुरू होने जा रहा है और इसका प्रसारण हर सोमवार से शनिवार, रात 8 बजे सिर्फ सोनी सब पर किया जायेगा। ध्रुव तारा में आज के जमाने के एक कुशल न्यूरोसर्जन ध्रुव और 17वीं शताब्दी की एक राजकुमारी तारा की कहानी दिखाई गई है। तारा का भाई एक गंभीर रोग का शिकार हो जाता है और उसके साम्राज्य का भविष्य अब सिर्फ और सिर्फ उसके भाई के ठीक होने पर निर्भर है। ऐसे में अपने भाई की बीमारी का इलाज ढूंढने के लिये तारा टाइम ट्रैवेल करती है और इस सफर में उसकी मुलाकात ध्रुव से होती है। इस शो में रिया शर्मा तारा, ईशान धवन ध्रुव, नारायणी शास्त्री रानी कनुप्रिया (रिया की मां), कृष्णा भारद्वाज प्रिंस महावीर (रिया के भाई) के रूप में नजर आयेंगे।



# दूसरे टेस्ट से भी बाहर हुए श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** सीरीज के पहले टेस्ट से बाहर रहे टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का दूसरे टेस्ट में भी खेलना तय नहीं है। वह पीठ की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। श्रेयस अय्यर अब भी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में 'रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन उन्हें टेस्ट मैच में उतारने का जोखिम नहीं उठा सकता है है। वहीं, बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज से बाहर होने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब वनडे सीरीज से भी बाहर हो चुके हैं। दोनों ही खिलाड़ी अभी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कर रहे हैं। टीम इंडिया धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत चार टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार से फिरोजशाह कोटला में खेला जाएगा और देखना होगा कि अय्यर टीम से जुड़ते हैं या नहीं।



*ईरानी ट्रॉफी में खेल सकते हैं अय्यर*

अब यह देखना होगा कि चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति 1 से 5 मार्च तक मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले ईरानी कप मैच के लिए अय्यर को फिटनेस साबित करने के लिए शेष भारत टीम में शामिल करती है या नहीं। चयन समिति ने रविंद्र जडेजा को फिटनेस साबित करने के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए कहा था

## जसप्रीत बुमराह की कब होगी वापसी?

*आईपीएल में वापसी करेंगे चोटिल जसप्रीत बुमराह*

वहीं भारतीय टीम प्रबंधन चार मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन वनडे में जसप्रीत बुमराह को खिलने का जोखिम नहीं उठाएंगे। अब ये गेंदबाज सीधा इंडियम प्रीमियर लीग में खेलता हुआ नजर आएगा। बता दें कि आगामी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल और भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के चलते बुमराह की फिटनेस का खासा ध्यान रखा जा रहा है।

## फैंस में गजब का जोश, दिल्ली में खेले जाने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के सभी टिकट बिके

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से यहां शुरू हो रहा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट खचाखच भरे स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली दिसंबर 2017 के बाद पहली बार टेस्ट की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम ने नागपुर में खेले गये पहले टेस्ट मैच को तीन दिनों के अंदर जीतकर चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त कायम कर ली है। डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) के संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने मंगलवार को कहा, टिकट बिक चुके हैं और हम मैदान के खचाखच भरे रहने की उम्मीद कर रहे हैं। मैच को लेकर काफी दिलचस्पी है क्योंकि दिल्ली में लंबे समय बाद टेस्ट मैच खेला जा रहा है। अरुण जेटली स्टेडियम में 40,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

इस मैच के लिए 24,000 टिकट बिक्री के लिए रखे गए जबकि 8000 टिकट डीडीसीए सदस्यों के बीच वितरित किए गए, जो कि सामान्य है। शेष सीटों का उपयोग खेल में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों के लिए किया जाएगा। मैच के दौरान सुरक्षा प्रदान करने वाले परिवारों के लिए स्टैंड का एक भाग आरक्षित है। नागपुर में श्रृंखला के पहले मैच के दौरान भी मैदान दर्शकों से भरा हुआ था।

## हार्ट अटैक से अमृतपुर के प्रधान का निधन

**नौगढ।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमृतपुर के प्रधान चन्द्रशेखर यादव 40 वर्ष की अचानक ह्दय गति रूक जाने से मौत हो गई । इससे क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ पड़ी ।जिसकी जानकारी होते ही शुभचिंतकों व रिस्तेदारों का हुजुम शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाने के लिए ग्राम प्रधान के आवास पर उमड़ पड़ा। इस बारे में बताया जाता है कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमृतपुर के ग्राम प्रधान चन्द्रशेखर यादव मंगलवार को दिन में करीब 3 बजे तक नौगढ बाजार में अपने निजी कार्य कर घर पहुंचते ही अचानक तबीयत बिगड़ने लगी ।जिसे देख तत्काल परिजनों ने स्थानीय चिकित्सालय में पहुंचाया ।जहां पर हालत काफी खराब देख चिकित्सकों ने अन्यत्र ले जाने की सलाह देकर ईलाज करने से हाथ खडा.कर दिया। आनन फानन में ग्राम प्रधान को लेकर परिजन चकिया जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शव घर पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान की पत्नी व अवयस्क बच्चों के साथ ही परिजनों रिस्तेदारों के करूण क्रंदन से मौजूद हर आंखें नम हो जा रही थी।

### प्रभावित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**पड़ाव।** क्षेत्र के साहूपुरी स्थित साहुपूरी–ओबरा पारेषण लाइन पर अनुरक्षण कार्य के लिए 15 फरवरी दिन बुधवार से 17 फरवरी शुक्रवार तक सुबह 09 बजे से शाम 6 बजे तक अनुरक्षण कार्य कराया जाएगा। जिसमें विद्युत 33 केवी उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी एकौनी एवं कमलापुर पोषकों की विद्युत आपूर्ति आंशिक रुप से प्रभावित हो सकती है उक्त बात की जानकारी संबंधित अधिशासी अभियंता एमके श्रीवास्तव ने दी।

## विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया काम

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ के आवाहन पर मंगलवार को सकलडीहा पीजी कॉलेज शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए विरोध जताया। इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों को पूरा करने की बात कही। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने व रिटायरमेंट का उम्र 65 वर्ष करना कैशलैस मेडिकल की सुविधा कराने की बात कही। तथा पीएचडी के लिए पांच इंक्रीमेंट तत्काल प्रदान करने सहित अन्य मांग किया।

आरोप लगाया कि लगातार सरकार से वार्ता हो रही है, लेकिन अभी तक यह मांगे शिक्षकों का पूरा नहीं किया गया। इसी के विरोध में 14 फरवरी को शिक्षकों ने काला दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सकलडीहा पीजी कॉलेज के शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर समीम राईन ने किया तथा कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदौली जिला के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर दयानिधि सिंह यादव इकाई शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष यज्ञ नाथ पांडेय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते सकलडीहा पीजी कॉलेज के शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

## चंदौली में सर्विस रोड के बीचो बीच खराब हुआ ट्रैक्टर-ट्राली

**चंदौली।** नगर के आधा-अधूरा निर्मित सर्विस रोड पर देर शाम एक ट्रैक्टर का गुल्ला टूट गया। बीच रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली खराब हो जाने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। इस कारण आवागमन करने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति यह रही कि देर रात तक ट्रैक्टर बीच रास्ते में पड़ा, जिससे आसपास के दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित रही। इस बाबत स्थानीय लोगों ने आधा-अधूरा बने सर्विस रोड को पूरा किए जाने की मांग की। साथ ही प्रशासनिक अमले व हाइवे प्राधिकरण के कामकाज के प्रति नाराजगी जाहिर की। बताया कि नगर में सर्विस रोड को सीसी करने का काम आधा-अधूरा निर्मित है जिस कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे सीधे तौर पर दुकानदारों कीदुकानदारी प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त उड़ती धूल से दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बारिश से पहले आधा-अधूरा बने सर्विस रोड के कार्य को पूरा किए जाने की आवश्यकता जताई। यदि ऐसा नहीं हुआ तो जाम के साथ ही अन्य समस्याएं उत्पन्न हो जाएगी।



# एमबीए के छात्रों ने पुलवामा हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते एमबीए के छात्र

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के 44 वीर जवानों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर प्रबंध अध्ययन संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी देश पर आतंकी हमला होना उस देश के लिए नहीं अपितु पूरे विश्व के लिए एक विचारणीय प्रश्न है। उन्होंने शहीदों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

विभाग के शिक्षक सुशील कुमार ने शहीदों को याद किया तथा कहा कि आज भारत डिफेंस के क्षेत्र में अपने आप को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर कर रहा है जिसमें डिफेन्स कोरिडोर का निर्माण, विदेशों से हथियारों के आयत में कमी तथा नए हथियारों का स्वदेशी निर्माण, बजट में समुचित धन का आवंटन इत्यादि कार्य महत्वपूर्ण है। विभाग के शिक्षक अबू सालेह ने बताया कि सभी को अपने-अपने भूमिका को पहचानते हुए अपने दायित्वों का निर्वाहन करना ही सच्ची देशभक्ति है तथा देश की आतंरिक सुरक्षा सीमा पर तैनात सैनिकों के कारण बनी हुई है। तत्पश्चात विभाग के छात्र शुभम गुप्ता ने जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आतंकी हमले के बाद अपने जम्मू एवं कश्मीर की यात्रा का अनुभव साझा किया तथा भविष्य में इस तरह की घटना को रोके जाने हेतु लिए गए प्रभावी एवं कठोर निर्णय का समर्थन किया। शुभम उपाध्याय ने पुलवामा के आतंकी हमले को दुखद घटना बताते हुए सभी वीर शहीदों को याद कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन विभाग के छात्र शशांक भारती ने तथा धन्यवाद ज्ञापन ऋचा पाण्डेय ने किया। अंत में सभी शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर प्रतीक कुमार, रिषभ तिवारी, दीपक, विशाल अग्रहरी, किशन मिश्र, अजाज अहमद, सौम्य सिंह, साक्षी मौर्या, मो. आमिर, खुशी सिंह, हिमांशी यादव समेत विभाग के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# उद्देश्यपूर्ण अनुवाद मीडिया की जरूरत : प्रो. ऊषा रानी राव

**संगोष्ठी**

**अनुवाद की ताकत से मातृभाषा का मान बढ़ा : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

**मीडिया के क्षेत्र में अनुवाद की बढ़ती प्रासंगिकता विषय पर हुई संगोष्ठी**

**हिन्दी को बढ़ाने में सिनेमा का विशेष योगदान : डॉ. सत्यप्रकाश पाल**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय मीडिया के क्षेत्र में अनुवाद की बढ़ती प्रासंगिकता था।

इस मौके पर मुख्य अतिथि बाल्डविन महिला महाविद्यालय की प्रो. उषा रानी राव ने कहा कि बोलियों का जब संस्कार होता है तब वह भाषा बनती है। वर्तमान में रोजगारमूलक विषय प्रमुख है। उन्होंने कहा कि अनुवाद ने वैश्विक साहित्य के द्वार को खोला है। आज उद्देश्यपूर्ण अनुवाद की मीडिया को जरूरत है। उन्होंने कहा कि जैसे वेशभूषा से संस्कृति की पहचान होती है वैसे ही भाषा से देश की पहचान होती है। अनुवाद वर्तमान समय मे एक महत्वपूर्ण विधा के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि आज के समय मे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया काफी सशक्त है। मीडिया में अनुवाद का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि आज अनुवाद की ही देन है कि देश के किसी एक कोने से सामाजिक, सांस्कृतिक, वैचारिक विषयों को पूरे देश में सुना जाता है और समझा जाता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो. निर्मला मौर्य ने कहा कि अनुवाद में कोई न कोई ताकत तो है हीं, जो हमें मातृभाषा की ओर आकर्षित करती है। हिंदी बोलने से हमारा अपमान नहीं होता। इस संकोच को मन से निकालने की जरूरत है, तभी हमारी भाषा का विकास होगा। उन्होंने अपनी पुस्तक गर्भ संस्कार भेंट करते हुए कहा कि इसे छात्राओं को जरूर पढ़ना चाहिए इसमें पूरे गर्भ संस्कार के बारे में महत्वपूर्ण चीज दी गई है।

विशिष्ट वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के डॉ. सत्य प्रकाश पाल ने कहा कि आज विज्ञापनों के दौर में भी हिंदी का प्रयोग किया जाता है तो हिंदी भाषा को बोलने में कोई हिचक नहीं करना चाहिए। हिंदी विश्व स्तर पर एक पहचान बना रही है। अगर हम अपनी भाषा और संस्कृति से कटते है तो हम अपने मूल से भी अलग हो जाते है। उन्होंने कहा कि हिंदी अब लोकल से ग्लोबल होने लगी है। ऐसे में अगर भाषा जीवित रहेगी तो हमारा समाज और हमारी संस्कृति भी जीवित रहेगी। उन्होने कहा कि हिन्दी को बढ़ाने में शिक्षण संस्थान से अधिक सिनेमा जगत का योगदान है। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज मिश्र ने किया। इस दौरान कुलपति की पुस्तक अतिथियों को भेंट की गई। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि सूचना सभी तक सही पहुँचे इसलिए अनुवाद की आवश्यकता होती है। अतिथियों का परिचय डॉ. नितेश जायसवाल ने दिया। संचालन डॉ. अवध बिहारी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। इस मौके पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. रसिकेश, प्रमोद कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. सुशील सिंह, डॉ. स्वर्ण कुमार, डॉ. काजल डे, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. आलोक दास, रेखा पाल आदि मौजूद रहीं।

# शाहगंज महोत्सव की तैयारियों का विधायक ने लिया जायजा



महोत्सव के बारे में जानकारी हासिल करते विधायक

**शाहगंज।** आगामी छह मार्च को सामूहिक विवाह तथा शाहगंज महोत्सव के आयोजन को लेकर मंगलवार को विधायक रमेश सिंह व रमेश चंद्र मिश्र ने अधिकारियों संग कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान का जायजा लिया। छह मार्च को प्रस्तावित एक दिवसीय महोत्सव में 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। उनके अलावा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, राज्यमंत्री संजीव गौड़, प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री गिरीश यादव सहित दर्जनों मंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। सांस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा ब्रज की होली, बुंदेलखंड का नृत्य तथा क्षेत्रीय लोक कलाकारों द्वारा भी रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह, अभिनेता व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, गायक रितेश पांडेय, मोहन राठौर, हर हर सम्भू फेम अभिलिप्सा पांडा सहित दर्जनों स्टार सम्मिलित होंगे। इस दौरान एसडीएम अंकित कुमार, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, क्षेत्राधिकारी चोब सिंह, एसडीओ विद्युत रोशन जमीर, खंड विकास अधिकारी सुइथाकलां, सोंधी व खुटहन आदि मौजूद रहे।

# घर से निकले युवक की दूसरे दिन नहर में मिली लाश

**सनसनी**

**परिजन ने जताई हत्या की आशंका**

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के ईसापुर गांव से सोमवार शाम से लापता युवक की लाश दूसरे दिन पुलिस चौकी सरायमोहिऊद्दीनपुर अन्तर्गत डेहरी गांव के पास शारदा सहायक नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। मामले में मृतक के चचेर भाई ने तहरीर में हत्या की आशंका जताते हुए थानाध्यक्ष से कार्रवाई की माँग की है। इधर लाश मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी 25 वर्षीय ओमकार सिंह पुत्र स्व. मातिबर सिंह सोमवार शाम बाइक द्वारा घर से निकला था। इधर युवक की देर रात तक वापसी न होने पर परिजन काफी खोजबीन के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। खोजबीन चल ही रही थी कि इसी बीच चौकी क्षेत्र की डेहरी नहर की पुलिया पर एक बाइक और जैकेट लावारिस हालत में पाई गयी जो युवक की निकली। थोड़ी देर बाद खोजबीन में उसकी लाश शारदा सहायक नहर में पुलिया से लगभग सौ मीटर दूर ऊसरगाँव की पुलिया के पास मिली। लाश मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। इधर मृतक के परिजन ने तहरीर में हत्या की आशंका जताते हुए थानाध्यक्ष से मामले में कार्रवाई करने की मांग की। बहरहाल। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।



युवक के शव के पास जानकारी लेती पुलिस

### ओमकार की मौत ने छीना उज्ज्वला की आंखों का उजाला

**सुइथाकला।** कोरोना काल की काली छाया से परिवार ऊबरा भी नही था कि ओमकार की मौत ने मृतक की माँ उज्जवला की आँखों का आखिरी उजाला भी छीन लिया। बता दें कि 2020 के कोरोना काल में जहां कोरोना ने मृतक के पिता मातिबर सिंह को छीनकर उज्जवला देवी की माँग को सूना किया, वहीं मई माह में उसकी आँखों का तारा हरिओम को भी छीनकर उसे हिलाकर रख दिया था। इन सबसे वह उबरी भी नहीं थी कि मंगलवार को ओमकार की लाश मिलने के बाद उसकी पूरी दुनिया ही उजड़ गई। मौत ने उसके आँखों का आखिरी उजाला भी छीनकर लोगों को स्तब्ध सा कर दिया। बता दें कि मृतक की आगामी 27 फरवरी को शादी भी होनी थी। मृतक ने जीविका के लिए गाँव के चौराहे पर चाय पान की दुकान खोल रखी थी। मौत ने दोनों परिवारों को हिलाकर रख दिया।

## संक्षेप

### तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज में सोमवार को तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन हुआ। गाइडों ने टेंट निर्माण, झूला निर्माण, पूल एवं अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। स्काउट गाइड के बेहतर प्रस्तुति के साथ समाज को एक नई दिशा एवं नए संदेश देने का काम किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अब्दुल कादिर खान ने स्काउट गाइड को धैर्य पूर्वक कठिन परिस्थिति में काम करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने स्काउट गाइड को अपने जीवन में कठिन परिश्रम के साथ-साथ अनुशासन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षक अजय चौहान अक्सा, तरन्नुम, नितेश कुमार, खुशबू आदि रहे। विद्यालय स्काउट गाइड शिक्षक धर्मेंद्र यादव, मोहम्मद जैस एवं अन्य शिक्षक सुशील सिंह, तंजील, अनवर, शाहिद अलीम, आमिर, सुफियान, सलमान, शहजाद, मोहम्मद अहमद आदि मौजूद रहे।

### बोलेरो के धक्के से दो घायल

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बाजार में रात आठ बजे के करीब बोलेरो के धक्के से दो लोग घायल हो गये। क्षेत्रवासियों के सहयोग से 108 द्वारा उन्हें सीएचसी ले जाया गया जहां हालत नाजुक देख डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। केराकत कोतवाली के भोगीपट्टी गांव निवासी धन्जू यादव 60 गौराबादशाहपुर थाने के गजना निवासी के साथ अपने घर भोगीपट्टी जा रहे थे कि केराकत-जौनपुर मार्ग पर रामपुर बाजार में बोलेरो से धक्का लगने पर दोनो गिर गये और उनका पैर टूट गया। क्षेत्रवासी 108 एम्बुलेंस से सीएचसी ले गये जहां डाक्टरो ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### एक दिन में कस्बे में हुई पांच मौत

**जफराबाद।** स्थानीय कस्बे के विभिन्न मुहल्लों में मंगलवार को एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गयी। एक ही दिन पांच मौतों से कस्बे के लोग दहल गए। इसको लेकर लगातार चर्चा होती रही। उक्त कस्बे के ताड़तला निवासी श्यामलाल गौतम 64 वर्ष, जीवन राम बरनवाल 62 वर्ष निवासी नासही, हाजी मुस्लिम 68 वर्ष निवासी सैयदहास, कल्लू खान 67 वर्ष निवासी काजीअहमद नूर तथा चंद्रावती देवी 61 वर्ष निवासी मखदुमपुर की मौत हो गयी। सुबह से पूरे कस्बे के लोग एक घर पहुंचने के बाद दूसरी मौत की सूचना मिलने पर दूसरे फिर तीसरे फिर चौथे व पांचवे जगह पहुंच कर दुख व्यक्त करते रहे। कस्बे में पहली बार इस तरह की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

### दो पक्षों की महिलाओं में खूनी संघर्ष, चार घायल

**तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धमार्पुर गांव में मंगलवार को दोपहर में पुराने जमीनी विवाद को लेकर खेत मे सिंचाई करते समय दो पक्ष की महिलाएं आपस मे भीड़ गई। दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते खूनी रूप अख्तियार कर लिया। दोनो ओर से जमकर कुदाल व फावड़े चले जिसकी वजह से एक पक्ष से अमरावती देवी पत्नी राम आसरे 40, कविता पुत्री राम आसरे 18, रीना पत्नी प्रदीप 25 तथा दूसरे पक्ष से संगीता पत्नी जय प्रकाश 45 बुरी तरह से घायल हो गयीं। अमरावती व रीना को गंभीर चोटे आई हैं। मारपीट की सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी चोरसंड भेजवाया।

### आनंद तिवारी को मिला वेद पंडित पुरस्कार

**सुजानगंज।** श्री गौरी शंकर संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्री विभाग (बीएड) के छात्राध्यापक आनंद कुमार तिवारी को उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा "सामवेद की कौथुम शाखा" में वेद पण्डित पुरस्कार के लिए चयन किया गया। इस पुरस्कार के चयन पर महाविद्यालय में हर्ष है। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के निदेशक विनय श्रीवास्तव की ओर से जारी किए गए पत्र में आनंद तिवारी को वेद पण्डित पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उन्हें प्रमाण पत्र के साथ 51000/- नकद पुरस्कार दिया जाएगा। आनंद को वेद पण्डित पुरस्कार प्राप्ति पर श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह पुरस्कार महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय के छात्र हमेशा वैदुष्य पुरस्कार प्राप्त करते रहें हैं। वह चाहे विश्वविद्यालय का गोल्ड मेडल हो चाहे पद्म विभूषण। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा दिए गए पुरस्कार से छात्रों, प्राध्यापकों में उत्साह का संचार हुआ है। जिससे संस्कृत की वैदुष्य परंपरा अहर्निश आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राध्यापक पंडित विनोद कुमार तिवारी, आचार्य उमेश चंद्र तिवारी, योगाचार्य इंदु प्रकाश चतुर्वेदी, पंडित शिवानंद चतुर्वेदी, आचार्य संदीप तिवारी, जितेन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# परस्पर संवाद की कमी से टूट रहा परिवार व समाज : धनंजय सिंह

**कार्यक्रम**

**गजराज सिंह इंटर कालेज जमुनिया में नवनिर्मित प्रियंबदा सभागार का किया लोकार्पण जरूरतमंदों में बांटे वस्त्र**



जरूरतमंदों में वस्त्र वितरण करते पूर्व सांसद धनंजय सिंह

**खुटहन।** गजराज सिंह इंटर कालेज जमुनिया में नवनिर्मित प्रियंबदा सभागार का लोकार्पण व जरूरतमंदों में वस्त्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि इस भौतिक युग में भले ही दूर संचार से एक नयी क्रांति आयी हो लेकिन इसका परिवार व समाज पर भी बुरा असर देखने को मिल रहा है। गांव से लेकर शहर तक लोगों का आपस में मौखिक वातालर्लाप न होने से संयुक्त परिवार टूट रहे हैं जिससे समाज में भी बिखराव हो रहा है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि मोबाइल और कंप्यूटर जरूरत भर ही प्रयोग करें। कुछ समय अभिभावकों के साथ अवश्य बिताएं।

पूर्व सांसद ने राजनेताओं पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि ओछी राजनीति भी समाज को तोड़ने का एक प्रमुख कारक है। राजनीति जाति पाति, धर्म और मजहब से उठकर हमेशा समाज को जोड़ने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ अच्छे संस्कार भी ग्रहण करते रहने को कहा। पूर्व सांसद ने कालेज प्रांगण में हाईमास्ट दो स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय और रनिंग ट्रैक की सौगात देने का वादा किया। समारोह में डेढ़ सौ जरूरतमंदो को वस्त्र भी बांटा। इस मौके पर अमित सिंह, अमिताभ सिंह, डाक्टर अभिषेक, प्रदीप, राजन सिंह, क्षेमेन्द्र सिंह, रविप्रकाश, नवीन सिंह, सुरेंद्र यादव, सूबेदार सिंह जिला पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अतुल सिंह ने विद्यालय विकास आख्या पढ़कर सुनाई। अध्यक्षता डाक्टर राजीव सिंह तथा संचालन विकास सिंह ने किया। प्रबंधक संजय सिंह ने आगतों का आभार प्रकट किया।

### जमीन के विवाद में चले लाठी-डंडे, आठ घायल

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अमारा गाँव में जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें दोनों पक्षों से 8 लोग घायल हो गए। सभी को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

उक्त गाँव निवासी नंदू सरोज और सुरेश सरोज में आबादी की जमीन को लेकर वर्षो से विवाद चल रहा था। सोमवार सांय नंदू पक्ष द्वारा उस जमीन पर कब्जा करने का प्रयास हो रहा था जिसकी जानकारी सुरेश पक्ष हुई। जिसके बाद दोनो पक्षो में कहासुनी हो गई। अचानक दोनो तरफ से ईट पत्थर चलने के साथ लाठी डंडे से जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से जहाँ सुरेश सरोज 40, सुषमा 36, आलोक 12 घायल हुए वहीं दूसरे पक्ष से नंदू सरोज 36, संगीता 33, रेखा 23, बिन्दू 34, सुषमा 23 गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएचसी भेजवाया। जहा चिकित्सक ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से तहरीर मिली है।

# जमीन के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने दो महिलाओं को पीटा

**विवाद**

**घटना की सूचना देने पहुंचे घायल महिला के देवर को पुलिस ने हवालात में बंद किया**

**केराकत।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में सोमवार को जमकर लाठी डंडा और ईंट पत्थर चला। इस दौरान दो महिलाएं घायल हो गई। शिकायत है कि घायल महिला का देवर जब कोतवाली थाने पहुंचे तो पुलिस ने उसे हवालात में बंद कर दिया।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव का है। हिना जैसवार का उसके पड़ोसी हीरालाल से जमीन को लेकर झगड़ा है। मामला दीवानी न्यायालय में भी विचाराधीन है। शिकायत है कि सोमवार को हीरालाल हिना की जमीन पर पक्का निर्माण करा रहे थे। हिना ने विरोध किया तो हीरालाल, जियालाल, लीलावती नगीना और प्रिया खुशबू, साक्षी ने मिलकर उसकी लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंची हिना की सास मूरता देवी को भी पीटकर घायल कर दिया। हैरानी की बात यह है कि हिना देवी का देवर साहिल अपने सहयोगी पवन के साथ कोतवाली थाना पहुंचा तो पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर हवालात में बंद कर दिया। पीड़ितों ने सीओ गौरव शर्मा से गुहार लगाई है।

### फरार चल रहे आरोपित के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**खुटहन।** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपए ऐंठ वर्षों से फरार चल रहे पिलकिछा दौलतपुर गांव निवासी विनीत कुमार दूबे पुत्र ओमप्रकाश के घर मंगलवार को पहुंची पुलिस ने गांव में मुनादी करा आरोपित के घर कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया। विनीत पर आरोप है कि वह डेढ़ वर्ष पूर्व एक ब्यक्ति से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लिया है। उसके खिलाफ थाने में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नोटिस चस्पा कर दिया।

# पुरानी पेंशन बहाली शंखनाद में उमड़ा जनसैलाब

**रोष**

**नवीन पेंशन स्कीम के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने निकाली विशाल मोटरसाइकिल रैली**




पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रैली निकालते शिक्षक व कर्मचारी

**जौनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद के शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए शंखनाद, मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर होते ही बीआरपी मैदान में शिक्षक कर्मचारियों का हुजूम आने लगा। दो बजते बजते पूरा बीआरपी मैदान शिक्षक कर्मचारियों के सैलाब से भर गया। जैसे ही शिक्षक कर्मचारी सड़क पर निकले पूरा शहर पुरानी पेंशन बहाली के नारों से गुंजायमान हो गया। इतनी भारी संख्या में चल रहे जलूस की चर्चा पूरे शहर में हो रही थी। पुरानी पेंशन बहाली के नारों पोस्टरों, होर्डिंग से पूरा सड़क पट गया। मोर्चा के जिला संयोजक अमित सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा लगातार विभिन्न जनपदों में रैली निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन देगा। मोर्चा के जिला संयोजक संजय चौधरी ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करे नहीं तो सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे। मोर्चा के जिला संयोजक मनीष सिंह सोमवंशी ने सरकार को आगाह किया कि पुरानी पेंशन बहाल करें, अन्यथा शिक्षकों कर्मचारियों को सड़क पर उतरना पड़ेगा। मोर्चा के जिला संयोजक तेरस यादव ने प्रधानमंत्री से देश के 70 लाख एनपीएस कर्मचारियों के साथ न्याय करने की अपील की। मोर्चा के संयोजक अजय सिंह व सुशील उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से पुरानी पेंशन को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को लिखे पत्र की याद दिलाई और पुरानी पेंशन बहाल करने को कहा। पुरानी पेंशन बहाली शंखनाद रैली बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान से जिलाधिकारी कार्यालय तक हजारों कर्मचारियों की उपस्थिति में पुरानी पेंशन जिंदाबाद के नारों के साथ आगे बढ़ी। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्यों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रधानमंत्री के नाम पुरानी पेंशन बहाली हेतु जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री को भी पुरानी पेंशन बहाली के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से पेंशन बहाली को ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम के दौरान सतीश सिंह, राजेश सिंह टोनी, सतीश पाठक, आश्वनी सिंह, मुन्नालाल यादव, अर्चना सिंह, नूपुर श्रीवास्तव शिवकुमार यादव, हीरालाल भारती, समरनाथ यादव, कुलदीप कुमार, सुनील राव, रामसमुझ यादव, अनिल यादव, बीके शर्मा, रीना सिंह, रीता गौतम, इंदू देवी आदि उपस्थित रहे।

# ऑटो व्हील्स व वेंकटेश्वर हीरो ने लांच किया हाई टेक 110 सीसी स्कूटर जूम

जनसंदेश न्यूज




**जौनपुर।** हीरो मोटोकॉर्प के तत्वाधान में जनपद के डीलर ऑटो व्हील्स व वेंकटेश्वर हीरो ने हाई टेक 110 सीसी स्कूटर जूम की लॉंचिंग हीरो के टीएम सेल्स नितिश व सेल्स ऑफिसर अंकित सिंह के द्वारा किया गया।

जूम इण्डस्ट्री की ओर से पहली कार्नर वेण्ड लाइट व पहली बार बड़े व चौड़े टायर स्कूटर में उतारा गया है। हीरो ने अपने स्कूटर कार्नर वेंड लाइट जैसी सुविधाओं के साथ मार्केट में उतारा है जिससे टर्न लेते समय अंधेरी जगहों को यह अतिरिक्त लाइट प्रदान करता है। हीरो जूम को एक्ससेंस टेक्नोलॉजी के साथ प्रोग्राम किया गया है। इसकी बदौलत स्कूटर की परफार्मेंस टिकाऊपना सुरक्षा और बेहतरीन माइलेज की प्राप्ति होती है। इस स्कूटर में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, फुल डिजिटल मीटर, साइड स्टैण्ड कट ऑफ, बूट लाइट व मोबाइल चार्जर और बेहतरीन बनाते है। हीरो जूम 110 सीसी बीएस-06 अनुकूल इंजन के साथ आता है इसमें 8.05 BHP@7250 RPM की पावर और 8.7 NM@5750 RPM का टॉर्क है, यह स्कूटर तीन वैरिएण्ट शीट ड्रम, कास्ट ड्रम, कास्ट डिस्क के साथ पांच कलर में ब्लू, सिल्वर व्हाइट, ब्लैक, रेड व ऑरेंज कलर में उतारा गया है। इस स्कूटर की शुरूआती एक्सशोरूम कीमत एलएक्स 68599, वीएक्स 71799, जेडएक्स 76699 रुपए से है। इस स्कूटर के बारे में ऑटो व्हील्स के अधिष्ठाता मनोज कुमार व उनके पुत्र लक्ष्य गुप्ता ने फीचर्स पर प्रकाश डालते हुये बताया कि हीरो की तरफ से यह एक बेहतरीन स्कूटर लांच किया गया है, जो कि ग्राहक को निश्चित रूप से पसंद आयगी। अन्त में जनरल मैनेजर एपी शुक्ला, मैनेजर मुकेश प्रजापति व राजू पाण्डेय ने आये हुये सभी मीडिया बंधु व ग्राहकों का आभार व्यक्त किया। इस लांचिग पर हीरो जूम की 15 बुकिंग व 7 गाड़ियों की बिक्री हुयी। इस मौके पर ऑटो व्हील्स व वेंकटेश्वर हीरो के सेल्स टीम के नीतू सिंह, शैलेन्द्र, श्रेयांश पंकज, अश्वनी इत्यादि मौजूद रहे।

# हनुमानगढ़ी मंदिर की दान पेटिका से चोरी

**प्रदर्शन**

एसपी से गश्त बढ़ाने और मन्दिर के आस-पास की सुरक्षा की मांग

जनसंदेश न्यूज


हनुमानगढ़ी मंदिर में प्रदर्शन करते कमेटी के लोग

**लालानगर।** गोपीगंज नगर के काली मुहाल स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने लगा दान पेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए उड़ा दिया। बताया जाता है कि इसके पूर्व भी हनुमानगढ़ी मंदिर की दानपेटी से चोरी हुई थी जिसका खुलासा आज तक पुलिस नहीं कर सकी। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि हनुमानगढ़ी तालाब पर हनुमान मंदिर के सामने लगा दान पेटी का ताला तोड़कर जहां चोरों ने हजारों रुपए उड़ा दिए वही बगल में शनि देव के मंदिर के भी दान पेटी का ताला तोड़ने का असफल प्रयास चोरों द्वारा किया गया। इन दिनों नगर में चोरी का सिलसिला जारी है। बीते दिनों सभासद अनूप जायसवाल की हीरो होंडा मोटरसाइकिल चोरों ने चोरी कर ली जिसका एफआईआर अभी तक पुलिस ने नहीं लिखा है। इसी तरह वार्ड नंबर 14 से मारुति कार सवार चोरो ने आधी रात को बकरी चोरी कर लिया जो घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। इस चोरी की भी चर्चा नगर में बनी हुई है। हनुमानगढ़ी कमेटी के जगदीश्वर जायसवाल, कवि मोदनवाल, संजय साहू, सूरज पंडा, प्रदीप मोगिया, अजय गुप्ता, पिंटू साहू आदि लोगों ने पुलिसिया कार्य प्रणाली से नाराज होकर प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि तत्काल पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ मंदिरों की सुरक्षा का पुख्ता किया जाय।

## बंदरों के आतंक से विवाहिता महिला की छत से गिरकर मौत

**गोपीगंज।** मंगलवार को ग्राम भगवतपुर में बंदरों के आतंक से एक विवाहिता महिला रोमन सिंह 30 की छत से गिरकर मौत हो गयी। ग्रामीण अंचलों के साथ ही अब नगरीय क्षेत्रों में भी बंदरों का आतंक बढ़ता चला जा रहा है। मंगलवार को बंदरों ने ऐसा आतंक मचाया कि एक विवाहित महिला की जान चली गई। यहां के लोगों ने बताया कि आसपास के बंदर इकट्ठा होकर के लोगों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। यहां तक कि बच्चों को देखकर उन पर झपट पड़ते हैं। मकानों पर लगे पाइपों को तोड़ देते हैं, पानी की टंकी तोड़ देते हैं। इसी तरह भगवतपुर निवासी मोहित सिंह की पत्नी रोमन सिंह 30 वर्षीय छत पर काम कर रही थी उसी समय बंदरों का समूह उनको काटने के लिए दौड़ा जिस पर वह अपनी जान बचाने के लिए भागी और छत से गिर गई। नीचे मोटरसाइकिल खड़ी थी उसी पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हुई जिन्हें तत्काल स्थानीय निजी नर्सिंग होम में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बंदरों के आतंक से नगर व आसपास के इलाकों में काफी दहशत व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका परिषद व डीएफओ से मांग की है कि तत्काल बंदरों को पकड़ने का इंतजाम किया जाए।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज


सीएचसी गोपीगंज परिसर में आयोजित शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सीएचसी गोपीगंज परिसर में आयोजित शिविर का शुभारंभ फीता काटकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव ने किया।इसमें मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. अभिनव पांडेय व इसी अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष पांडेय, चिकित्सक डॉ. मोहम्मद अनीस, डाक्टर विजय गौतम, डाक्टर असलम अंसारी, डाक्टर नंद लाल प्रसाद ने आए हुए मरीजों को देखा और बाद में उन्होंने बताया कि आज विभिन्न मानसिक रोगों से ग्रसित लगभग 100 मरीजों को देखा और उनका उपचार किया गया। डॉ. अभिनव पांडेय मानसिक रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मानसिक रोग नींद न आना, तनाव, उलझन, घबराहट, जीवन के प्रति निराश रहना, आत्मविश्वास की कमी महसूस करना, छोटी-छोटी बातों मैं अपने आप को दोषी ठहराना, भूत प्रेत देवी देवता इत्यादि की छाया का भ्रम होना, यह सब मानसिक रोग के लक्षण है। इसके लिए आप अपने नजदीकी चिकित्सक से सलाह ले, छोटी सी मानसिक समस्या आपके पूरे जीवन को अंधकार मय कर सकती है। इनसे अपने आपको उबारें। यह किसी जादू टोना से ठीक नहीं होता। उक्त शिविर सीएचसी में यह शिविर प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित किया जाता है।

## वृक्ष से जनजीवन स्वच्छ और पर्यावरण रहता है उत्तम

**सुरियावां।** अनुश्री पी जी कॉलेज अभिया रोड कैड़ा सुरियावां में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिन स्वयंसेवकों ने शिविर की शुरूआत योग एवं प्राणायाम से शुरू किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण के सन्दर्भ में रैली निकाली गई। रैली सुरियावां नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो में गई वहां जाकर स्वयंसेवकों ने पर्यावरण कैसे शुद्ध हो इसके बारे में बताया व वृक्षारोपण महत्व के बारे में बताया और लोगो को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात बावन बीघा तालाब पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया एवं पर्यावरण जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक भी किया, जिसमें यह बताने का प्रयास किया कि वृक्ष से जनजीवन स्वच्छ और पर्यावरण उत्तम रहता है। इसके पश्चात, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भदोही के जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख व नेहरू युवा केन्द्र के जिला सलाहकार समिति के सदस्य रवि चन्द्र यादव ने शैक्षणिक सत्र मे पर्यावरण विषय पर स्वयंसेवकों को बताया एक एक वृक्ष का क्या महत्व होता है। वृक्ष हमारे लिए प्रकृति द्वारा दिया गया अनुपम वरदान है, और एक वृक्ष दस पुत्र के समान है। कार्यक्रम का निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज सिंह के नेतृत्व में हुई और परिसर प्रभारी वीना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# फरार शातिर लुटेरे को भदोही पुलिस ने मुंबई से दबोचा

**सफलता**

ट्रांजिस्ट रिमांड पर पुलिस टीम ने आकर जनपदीय न्यायालय के समक्ष किया प्रस्तुत

जान से मारने की नीयत से गोली मारकर लूट करने वाले गिरोह का है शातिर सदस्य

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर शातिर, पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। एसपी के निर्देश पर थाना चौरी व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित, विगत तीन माह से फरार चल रहे 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित आरोपी शिव प्रकाश सेठ उर्फ छन्नू पुत्र रामचंद्र सेठ निवासी मीराशाह पिंडरा थाना फूलपुर जनपद वाराणसी को अंधेरी ईस्ट, मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारशुदा आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई से ले आकर जनपदीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तारशुदा शिव प्रकाश सेठ जान से मारने की नियत से गोली मारकर लूट करने वाले गिरोह का शातिर सदस्य है, जो गिरोह के साथ थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत स्वर्ण व्यवसायी के साथ लूट कांड में शामिल था। गिरोह में शामिल सभी लुटेरों को लूट के माल के साथ पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चौरी मनोज कुमार, उपनिरीक्षक गिरजाशंकर यादव, आरक्षी राहुल गौड़ थाना चौरी भदोही व आरक्षी सुनील कनौजिया क्राइम ब्रांच शामिल रहें।

# योगाभ्यास कर भोजन पर ध्यान दें छात्राएं: डॉ. सोनाली

**आयोजन**

महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का समापन

जनसंदेश न्यूज



मुख्य अतिथि को स्मृति चिंन्ह देकर सम्मानित करते कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह।

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई की महिला चिकित्साधिकारी डॉ. सोनाली मौर्या एवं विशिष्ट अतिथि प्रधान ग्राम सभा हमीदपट्टी संगीता गौतम एवं अन्य अतिथियों में पंचायत सचिव संजय कुमार मौर्य प्रधान प्रतिनिधि लाल बहादुर प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय हमीदपट्टी अंशुमालि चतुर्वेदी आदि रहे। समापन दिवस के प्रथम सत्र में शिविरार्थियों ने प्रार्थना एवं सूर्य नमस्कार के साथ शिविर का शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय हमीदपट्टी के प्रांगण में ईंट हटाने का काम एवं पौधों के चारों तरफ थाला बनाने एवं पौधों को पानी देने का काम किया। समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण मोमेंटो देकर एवं स्वागत भाषण से किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सोनाली मौर्या ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से योगाभ्यास करने भोजन पर ध्यान देने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डा. रमोद कुमार मौर्य, प्रकाश चंद्र गुप्त, डॉ. सुचिता वर्मा, विनोद कुमार, मोहम्मद आकिफ तौफीक आदि लोग पूरे समय उपस्थित रहे।

## अस्पताल के सामने बैरिकेडिंग कर बढ़ाई मरीजों की मुश्किलें

लालानगर। गोपीगंज कोतवाली अंर्तगत नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने राजमार्ग पर बना कट प्वाइंट बंद कर देने से अस्पताल आने वाले मरीजो की मुश्किल बढ़ गई है। अस्पताल पहुचने के लिए काफी दूर चक्कर लगाना पड़ रहा है। राजमार्ग बड़ा चौराहा पर पिलर में आई गड़बड़ी को दूर करने के लिए कार्यदाई संस्था गड़बड़ी ठीक कराने मे मे लगी है। इसके लिए ओवर ब्रिज से वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। जिसके चलते राजमार्ग बड़ा चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मीरजापुर तिराहा पर बने कट प्वाइंट बैरिकेडिंग करके बंद कर दिया गया है। कट प्वाइंट बंद होने से अपने वाहन के साथ मरीज, एंबुलेंस या कचहरी ज्ञानपुर जाने वालों को थाने के सामने से घूम कर ही आना जाना पड़ रहा है। इसी प्रकार ज्ञानपुर कचहरी से आ रहे लोगों को गोपीगंज मार्केट, मीरजापुर या प्रयागराज की तरफ जाना हो तो उसे काजी हाउस के सामने से घूम कर लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है, जबकि हर कट पॉइंट पर पुलिस की ड्यूटी लगी हुई है लेकिन बैरिकेडिंग करके पुलिस अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रही है।

# महाशिव रात्रि पर सजावट व साफ सफाई के लिए सभासदों ने दिया ज्ञापन

**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही में आगामी अठारह मार्च को महाशिवरात्रि के पर्व पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के विभिन्न मंदिरो पर नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा विद्युत लाइट सजावट व साफ सफाई चूना का छिड़काव के संबंध में नगर के सभासदों ने मंगलवार को अधिशाषी अधिकारी के नाम अवर अभियंता निर्माण दिनेश कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में सभासद महेंद्र कुमार बिंद, राधा देवी, जितेंद्र कुमार यादव, करुणाशंकर दुबे, गिरधारी जयसवाल, हेमंत सोनकर, संजय यादव, रंजीता देवी, रमेश चंद सरोज, महेंद्र सरोज, सुजीत यादव, मंदाकिनी देवी, रचना अरविंद मौर्या, राकेश गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, रमेश प्रजापति, गुड्डू अंसारी आदि समस्त सभासद उपस्थित रहे।


महाशिव रात्रि पर सजावट व साफ सफाई के लिए इओ को संबोधित ज्ञापन सौंपते सभासदगण

# भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे सहकारिता विभाग के अधिकारी


बैठक को सम्बोधित करते सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग के क्रय विक्रय समितियों के प्रबंधन समिति के सदस्य एवं सभापति उपसभापति चुनाव के संबंध में विशेष बैठक आयोजित की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहाकि समाजवादी पार्टी यह चुनाव बहुत गंम्भीरता से लड़ेगी। हमारे बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता इस चुनाव में लगाकर काम किया जायेगा वहीं प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहाकि सहकारिता विभाग के अधिकारी यह चुनाव चोरी से कराना चाह रहे थे इस चुनाव के बारे में किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दिया। जब समाजवादी पार्टी ने चुनाव को संज्ञान लिया और अधिकारियों से वार्ता किया और जानकारी चाहा कि कितनी समिति हमारी चल रही, कितनी समिति बंद है और कितनी समितियों का चुनाव होना है इसकी जानकारी देने में वे आनाकानी कर रहे थे। लेकिन वहीं समाजवादी पार्टी ने सक्रियता दिखाते हुए आला अधिकारी पर जब दबाव बनाया तब जाकर सूची देने का काम किया। सहकारिता विभाग के अधिकारी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में इस चुनाव में काम कर रहे हैं। लोकतंत्र में जिस तरह भाजपा हर चुनाव में सत्ता सरकार की हनक गुंडई के बल पर चुनाव कराना चाहती है लेकिन समाजवादी के लोग चुपचाप बैठ कर यह अत्याचार नहीं सहेगे। बैठक मे मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, मुन्ना प्रमुख, अनवारुल गुड्डू, राजेंद्र टाइगर, सोचन राम विश्कर्मा, गुलाम यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

# छात्रों ने धार्मिक स्थल चित्रकूट का किया शैक्षिक भ्रमण



**सुजानगंज।** रामेष्ट पब्लिक स्कूल बेलवार के बच्चों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण चित्रकूट में पहुंच कर हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी, सती अनुसुइया, कामदगिरि, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के विकलांग विश्वविद्यालय में काफी उत्साहित दिखाई दिए। बच्चों ने धार्मिक स्थल मंदिरों में दर्शन पूजन किया और पर्यटक स्थलों के ऐतिहासिक महत्व को संकलन किया। बच्चों ने बताया कि इस भ्रमण से हम सभी ने धार्मिक एवं पर्यटक स्थल के बारे में काफी जानकारियां हासिल की। हम लोगों का शैक्षिक भ्रमण बहुत ही बढ़िया रहा, इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को हम लोग थैंक्यू बोल रहे हैं। शैक्षिक भ्रमण से नए अनुभव मिलते हैं। कालेज के प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होते हैं, इससे छात्रों में एक अनुभव जागृत होती है। 200 बच्चों के शैक्षिक भ्रमण की देखरेख के लिए बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। शैक्षिक भ्रमण में कालेज के प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, डॉ. रामचंद्र मिश्र, मोहित कुमार शुक्ला, मीडिया प्रभारी पत्रकार एलसी निषाद मौजूद रहे।

# ब्लैक-डे पर बच्चों के साथ पौधरोपण कर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि


पौधरोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

**जौनपुर।** अल्फावेटज प्री स्कूल देवनगर रुहट्टा में जम्मू कश्मीर में चार साल पहले हुए पुलवामा हमले की बरसी पर मंगलवार को अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के तरफ से श्रद्धांजलि और वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अब्दुल्ला तिवारी ने बताया कि आज ट्रस्ट की तरफ से शहीदों की याद में वृक्षारोपण किया गया और कैंडल जलाकर मौन रखकर स्कूल के छात्र, शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दिया। उर्वशी सिंह ने कहा कि आज शहीद सैनिकों के सम्मान में उनको श्रद्धांजलि दी गई है। कहा कि आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है। इसी क्रम में ट्रस्ट के दीपक श्रीवास्तव पत्रकार ने कहा कि मां भारती के अमर वीर सपूतों को शत-शत नमन करते है। आप सभी का त्याग और बलिदान हम सभी को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट करता है। इनके परिजनों को भगवान दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। पुलवामा हमले में शहीद जवानों के परिवार वालों को सरकार द्वारा पूरी मदद की जानी चाहिए और समय-समय पर उनके परिवार जनों का भी हाल चाल लेते रहना चाहिए जिससे आने वाले समय में जवानों के परिजनों का मनोबल ऊंचा रहे। आज हम लोग स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों से उन शहीदों की बातों को साझा कर रहे हैं जिससे आने वाले समय में इन बच्चों को अपने देश की रक्षा करने वाले शहीद हुए जवानों को बताने की आवश्यकता ना हो। विद्यालय के प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इसी क्रम में अमर जौहरी ने कहा कि पुलवामा में आज के दिन अपनी जान गंवाने वाले हमारे सभी वीर जवानों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। ट्रस्ट से राधिका सिंह और नागेंद्र नाथ सिंह ने सभी आए हुए अतिथि, विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रियंका श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव, दीक्षा सिंह, निशी मिश्रा, स्नेहा सिंह मुख्य रुप से भी मौजूद रही।

# परिश्रम ही सफलता की कुंजी है :आलोक गुप्ता

जनसंदेश न्यूज

**समारोह**

विदाई समारोह में छात्रों ने पेश किया मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

जेईई मेन में चयनित छात्र समेत मेघावियों को किया गया सम्मानित



**मुंगराबादशाहपुर।** सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्र-छात्राओं के विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया।छात्र-छात्राओं में करिश्मा, ओम गुप्ता, वेदिका, पलक, आयुषी, शिवांगी, रानी, नैना, सागर व अंकिता आदि ने गीत संगीत, नित्य, पेपर डांस व चेयर डांस पेश कर लोगों को भावविभोर कर दिया। कृतिका व तृषा राय द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गई। विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू), प्रधानाचार्य शिव चंद तिवारी व रमेश मिश्रा ने आईआईटी जेईई मेन में चयनित छात्रों में सागर यादव व आयुष यादव समेत मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम द्वारा छोटे से छोटा मनुष्य बड़ा बन सकता है। परिश्रम के ही द्वारा सभी कार्य संभव है। कठोर परिश्रम करके ही मानव ने अनेक आविष्कार किए हैं जो मानव जीवन में बहुत ही उपयोगी है। शिक्षकों में शिव चंद तिवारी, किरण मौर्य, प्रज्ञा सिंह, कमलेश व कृपा गुप्ता ने छात्रों को सफलता के टिप्स दिए। छात्राओं में चेस्ठा साहू, तबस्सुम, नैना केसरी व भूमि केसरी आदि ने अपना अनुभव साझा किया। बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र छात्राओं को समारोह में तिलक लगाकर सम्मानित करते हुए उपहार देकर विदाई दी गई। पुलवामा कांड में शहीद सैनिकों को विद्यालय प्रबंधक आलोक गुप्ता ने श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य शिवचंद तिवारी व रमेश मिश्रा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी व रंजीत गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रज्ञा केसली, कृपा गुप्ता, रंजीत गुप्त, कमलेश मिश्रा, सुभाष मिश्रा, सलोनी, डीपी सिंह, पवन, नीरज मिश्रा, पल्लवी जायसवाल, बबीता, दीक्षा, शारीबा, सपना, उत्कर्ष, अरविंद, जेपी व जगत आदि लोग मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## बाजार में उपलब्ध हुआ सरकारी सस्ता आटा

**शाहगंज।** केन्द्र सरकार ने गेहूं के बढ़ते दाम से आम लोगों को राहत देने हेतु बड़ा फैसला किया है। अब आटा सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त योजना राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) द्वारा चलाया जा रहा है। मंगलवार को गांधी नगर कलक्टरगजं में स्टाल लगाया गया। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ताखा पूरब गांव इंडस्ट्रीयल स्टेट स्थित फ्लोर मिल मोती आहार प्राइवेट लिमिटेड को सरकार ने आटा बनाने का टेंडर जारी किया। सरकार द्वारा 23 रुपये पचास पैसा प्रति किलो गेहूं उपलब्ध कराया जायेगा जिसे अधिकतम 29 रुपये पचास पैसे प्रति किलो बिक्री होगा। फ्लोर मिल के प्रबंध निदेशक शीतल प्रसाद अग्रवाल का कहना है कि जौनपुर व आजमगढ़ जनपद हेतु मिल को टेंडर मिला है। सरकार द्वारा पांच सौ टन गेहूं उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे आटे में परिवर्तित कर बाजार में आपूर्ति करना होगा। दस किलो ग्राम पैकेट आटा का मूल्य 295 एवं तीस किलो का पैकेट 880 रुपये में जनता खरीद सकेगी। फिलहाल प्रतिदिन पच्चीस टन उत्पादन शुरू हो चुका है। अब तक दो सौ टन गेहूं सरकार से मिल चुका है।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म व हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

जनसंदेश न्यूज

**न्याय**

मासूम के हत्यारे को भदोही पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर पुलिस मुठभेड़ में किया गया था गिरफ्तार

**भदोही।** गत 15 दिसम्बर को चौरी थाना क्षेत्र ममहर स्थित बहुतरा में नाबालिक के साथ दुष्कर्म व हत्या जैसे जघन्य अपराध की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग मु.अ.सं.130/2022 धारा 302, 377, 376ए धारा 375 ए.बी व धारा 5० एम/बी पाक्सो एक्ट में स्थानीय पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना अचूक साक्ष्य संकलन व त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही के पश्चात मात्र 12 दिवस के अंदर आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में वैज्ञानिक विवेचना कर दोषी को शीघ्र सजा दिलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बंधित अपराध में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा अधिकतम त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा एवं कौलेश्वर नाथ पाण्डेय की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप विचरण शुरू करने के उपरांत मात्र 20 दिवस कार्य दिवस के अंदर आज न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्टसं0.1 भदोही द्वारा दोष सिद्ध अभियुक्त निवासी मईहरदोपट्टी थाना चौरी जिला भदोही को सत्र परीक्षण संख्या 9 सन 2023 मु.अ.सं. 130/2022 अन्तर्गत धारा 304-1 व पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत दोषसिद्ध करते हुए कठोर आजीवन कारावास व 75 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## अप्राकृतिक दुराचार का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक दुराचार के मामले फरार आरोपित युवक को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के नोनहटटा मोहल्ला निवासी शमशेर उर्फ मिथुन पुत्र फिरोज पर शनिवार को जबरदस्ती एक किशोर के साथ अप्राकृतिक दुराचार का पीड़ित द्वारा आरोप लगाया गया था जिसमें पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। फरार आरोपित युवक को मुखबिर की निशानदेही पर पीएनबी बैंक के समीप से सोमवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

## गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

पवांरा। पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत गैरजमानती महिला वारंटी विमला देवी पत्नी समरबहादुर चौहान निवासी मुड़ाव थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने महिला कान्स्टेबल के साथ मंगलवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।



# घबराएं नहीं आपके द्वार खड़ी सरकार

## जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय कहते हैं : व्यापक स्तर पर महिलाओं व बच्चियों को कर रहे हैं जागरूक

## पहले केस बहुत कम दर्ज होते थे और वर्तमान में सजगता बढ़ने के कारण प्राथमिकी लिखाने की संख्या में हुई बढ़ोतरी

सुरोजीत चैटर्जी

वाराणसी। सरकार आपके घर तक है। आपकी रक्षा के लिए प्रोबेशन विभाग की पहुंच आपके घर के दरवाजे तक भी है। इसलिए महिलाएं व लड़कियां किसी मुसीबत में पड़ने पर घबराएं नहीं बल्कि निःशुल्क उपलब्ध हेल्प लाइन नंबरों में से किसी एक पर सूचना दें। जिससे तत्काल उनकी सहायता के लिए पहल हो सके। इस दिशा में व्यापक स्तर जागरूकता अभियान जारी है। खासकर शिक्षण संस्थाओं में लड़कियों को विभिन्न बिंदुओं पर सजग कर रहे हैं। सिर्फ वाराणसी में ही अबतक लगभग 18 लाख 37 हजार बालिकाओं को जागरूक किया जा चुका है। दूसरी ओर, महकमे के जुड़ी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचा रहे हैं। कुशीनगर के मूल निवासी और अयोध्या से शिक्षा-दीक्षा पूर्ण कर चुके जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय ने 'खास मुलाकात' के दौरान यह बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्राओं को जागरूक करने की मुहिम का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि वह संबंधित बातें अपने घर व समाज में शेयर कर संदेश को आगे बढ़ाती हैं। जघन्य अपराधों में शामिल एसिड अटैक, रेप, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के मामलों में लड़कियों को उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष से तत्काल आर्थिक मदद देने का प्रावधान है। ऐसे मामलों में पीड़िता को स्वयं प्राथमिकी दर्ज नहीं करानी पड़ती। पुलिस स्तर से केस दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाती है। दूसरी ओर, यदि किसी भी इलाके की महिला या लड़की की गुहार किन्हीं कारणों से किसी थाने पर नहीं सुनी जा रही है तो पांडेयपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय परिसर में स्थित महिला पुलिस चौकी 'वन स्टॉप सेंटर' शिकायत कर सकती हैं। इस सेंटर के तय दिनों तक निःशुल्क प्रवास, खान-पान वगैरह के साथ ही मुफ्त कानूनी मदद दी जाती है। अपराध में बढ़ोतरी के सवाल पर श्री पांडेय कहते हैं कि ऐसा नहीं है। पहले केस बहुत कम दर्ज होते थे तो मामले कम दिखते थे। वास्तविकता यह है कि वर्तमान में जागरूकता में बढ़ोतरी के चलते प्राथमिकी लिखवाने की संख्या बढ़ी है। इसलिए अपराध बढ़ने का भ्रम होता है।



सुधाकर शरण पांडेय जिला प्रोबेशन अधिकारी

### खास मुलाकात

### सीएम कन्या सुमंगला योजना

बालिकाओं को उच्च शिक्षा के अवसर देने समेत उनके भविष्य को उज्वल बनाने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना है। इसमें बालिकाओं को 15 हजार रुपये की आर्थिक मदद छह चरणों में देते हैं। जिसकी पहली श्रेणी में बालिका का जन्म होने पर दो हजार रुपये। दूसरी श्रेणी में एक साल की उम्र पूरी होने पर टीकाकरण पर एक हजार रुपये। तीसरी श्रेणी में कक्षा-1 में एडमिशन पर दो हजार रुपये। चौथी श्रेणी में कक्षा-6 में प्रवेश पर दो हजार रुपये। पांचवीं श्रेणी में कक्षा-9 में एडमिशन लेने पर तीन हजार रुपये। छठी श्रेणी में 10वीं/ 12वीं पास कर स्नातक/ दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश पर पांच हजार रुपये देते हैं। यह धनराशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजते हैं। इसके लिए लाभार्थी उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी हो। परिवार की सालाना अधिकतम आय तीन लाख रुपये हो। परिवार की अधिकतम दो बच्चियों के लिए इस स्कीम में लाभ मिलता है। आवेदन के लिए बालिका यदि वयस्क है तो स्वयं या माता/ पिता अथवा अभिभावक अर्जी दे सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन कॉमन सर्विस सेंटर/ साइबर कैफे/ अपने स्मार्ट फोन या कंप्यूटर से कर सकते हैं। यदि इस प्रकार आवेदन करने में कठिनाई हो तो कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी के दफ्तर से संपर्क किया जा सकता है।



### निराश्रित महिला पेंशन योजना

इस स्कीम को आम बोलचाल में 'विधवा पेंशन' ही कहते हैं। इसमें लाभार्थी को प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन मिलता है। उसकी पात्रता के तहत वह यूपी की स्थायी निवासी हो, पति की मृत्यु हो गयी हो। लाभार्थी की उम्र 18 वर्ष से कम न हो। आवेदिका एवं उसके परिवार की सभी स्रोतों से सालाना आय दो लाख रुपये से अधिक न हो। आवेदिका को राज्य या केंद्र सरकार से अन्य किसी योजना से पेंशन न दी जा रही हो।

### इन पोर्टलों पर करें आवेदन

- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए https://mksy.up.gov.in
- निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) के लिए sspy-up.gov.in



### संवासियों-संवासिनियों केहुनर की बढ़ रही डिमांड

जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पांडेय बताते हैं कि विभाग की ओर से जैतपुरा में संचालित राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन परिसर में रखी गयी लड़कियों को कौशल विकास मिशन आदि के माध्यम से हुनरमंद बनाया जा रहा है। साथ ही रामनगर में संचालित राजकीय बालगृह (बालक) और राजकीय संप्रेक्षण गृह में रह रहे बालकों को भी विभिन्न विधा में पारंगत कर रहे हैं। ताकि वह भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। उनकी ओर से तैयार सामग्री लोग हाथों-हाथ खरीद रहे हैं। इन संस्थाओं में कई ऐसे संवासी और संवासिनियां हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा से पढ़-लिख रही हैं। उन्हें उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा ग्रहण करने का अवसर दे रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि संप्रेक्षण गृह न तो कोई जेल है और न ही वहां रखे गये बच्चे कैदी। वह संस्था बच्चों के घर जैसा है। वहां रह रहे बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए कई कदम उठाए गये हैं।





### मदद के लिए करें मुफ्त कॉल

| | |
|---|---|
| पुलिस : | 112 |
| हेल्प लाइन : | 181 |
| वूमन पावर लाइन : | 1090 |
| चाइल्ड लाइन : | 1098 |

(इन सभी फोन नंबरों पर 24 घंटा सेवा उपलब्ध)





# राज्यपाल बनाए जाने पर पूर्व जज नजीर पर क्यों है सवाल

### जजों के पिछले फैसलों और उनके अगले ओहदे को लेकर जताई जा रही नाराजगी, लेकिन वो पहले ऐसे नहीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस (रिटायर्ड) एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का नया राज्यपाल नियुक्त किया है, जिस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले जस्टिस नजीर इसी साल 4 जनवरी को अपने पद से रिटायर हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट में जज रहते हुए वो कई अहम फैसले देने वाली खंडपीठों में शामिल रहे। नवंबर 2019 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद पर ऐतिहासिक फैसला देने वाली बेंच में भी जस्टिस नजीर शामिल थे। इसके अलावा सरकार के नोटबंदी के फैसले को सही ठहराने वाली बेंच का भी वो हिस्सा थे। सुप्रीम कोर्ट की जिस बेंच ने तीन तलाक को अवैध ठहराया था उसमें भी जस्टिस नजीर शामिल थे। जस्टिस नजीर को राज्यपाल बनाए जाने के फैसले पर विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं लेकिन जस्टिस नजीर ऐसे पहले जज नहीं हैं जिन्हें रिटायर होने के बाद अहम पद मिला है।

साल 2014 में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस पी सदाशिवम को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया था। सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने के बाद जस्टिस सदाशिवम अपने गांव लौट गए थे। सुप्रीम कोर्ट में उनका कार्यकाल निर्विवाद रहा और उन्होंने कई अहम फैसले दिए। लेकिन जब उन्हें राज्यपाल बनाया गया था तब न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर सवाल जरूर उठे थे। जस्टिस नजीर से पहले सुप्रीम कोर्ट की जज रह चुकीं और साल 1992 में रिटार हुईं जस्टिस फातिमा बीवी को 1997 में तमिलनाडु का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। साल 2002 में राज्यपाल के पद से रिटायर होने के कुछ महीने पहले ही उन्हें जयललिता को सरकार बनाने का न्यौता देने से पैदा हुए विवाद के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। उनसे पहले साल 1952 में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस फजल अली को रिटायर होने के बाद ओडीशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। हाल के सालों में भी सुप्रीम कोर्ट के कई जज रिटायरमेंट के बाद अहम पद संभाल चुके हैं।

भारत के 46वें मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रंजन गोगोई को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मार्च 2020 में राज्यसभा के लिए नामित किया था।

2019 में अयोध्या विवाद पर फैसला देने वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच की अध्यक्षता रंजन गोगोई ने ही की थी। इसके अलावा उन्होंने रफाएल सौदे की समीक्षा और राहुल गांधी के खिलाफ अदालत की अवमानना के मामलों की भी सुनवाई की। रफाएल सौदे में सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे लेकिन रंजन गोगोई की बेंच ने रफाल सौदे की जांच को लेकर दायर की गई सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

जस्टिस रंजन गोगोई ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 रद्द कर दिए जाने के बाद दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं को भी खारिज कर दिया था। जस्टिस रंजन गोगोई को राज्यसभा भेजे जाने के बाद भी सवाल उठा था कि क्या जज रिटायरमेंट के तुरंत बाद राजनीति में आ सकते हैं।

7 जुलाई 2018 को जस्टिस आदर्श कुमार गोयल को सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने के कुछ घंटे के भीतर ही नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल का अध्यक्ष बना दिया गया था।

हालांकि उन्हें एक ट्राइब्यूनल का अध्यक्ष बनाया गया था और इसे लेकर कोई विवाद नहीं था लेकिन रिटायर होने के कुछ घंटों के भीतर ही पद दिए जाने को लेकर जरूर सवाल उठे थे। जस्टिस आदर्श कुमार गोयल को एससी/एसटी एक्ट पर दिए विवादित फैसले के लिए याद किया जाता है। इस फैसले के तहत अनुसूचित जातियों और जनजातियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए इस कानून के कुछ प्रावधानों को कमजोर कर दिया गया था। जस्टिस गोयल से पहले जस्टिस स्वतंत्र कुमार एनजीटी के प्रमुख थे लेकिन उनके रिटायर होने के बाद से आठ महीनों तक एनजीटी प्रमुख का पद खाली था और जस्टिस गोयल को रिटायर होने के तुरंत बाद उन्हें इस पद पर नियुक्त कर दिया गया था।





### जस्टिस नजीर को राज्यपाल बनाने पर क्यों उठ रहे हैं सवाल?

साल 2013 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार की थी तब भाजपा के तत्कालीन दिवंगत नेता अरुण जेटली ने राज्यसभा में दिए एक बयान में कहा था, ये खतरा बड़ा है, रिटायर होने के बाद सरकारी पद पाने की इच्छा रिटायर होने से पहले के जज के फैसलों को प्रभावित करती है, ये न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा है। एक अन्य बयान में जेटली ने कहा था, 'रिटायर होने से पहले दिए जाने वाले फैसले रिटायर होने के बाद मिलने वाले पद के प्रभाव में दिए जाते हैं। अब कांग्रेस ने दिवंगत अरुण जेटली के इसी बयान का हवाला देते हुए जस्टिस नजीर की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, ये कोई उत्तर नहीं है कि ये पहले भी हुआ है, जितनी जल्दी से आजकल ऐसा किया जा रहा है वह सैद्धांतिक रूप से गलत है और हम इसका विरोध कर रहे हैं। हम किसी व्यक्ति विशेष का विरोध नहीं कर रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के नेता और राज्यसभा सांसद एए रहीम ने जस्टिस नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल बनाए जाने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्हें (नजीर को) यह पद लेने से मना कर देना चाहिए। देश को अपनी कानूनी व्यवस्था में विश्वास नहीं खोना चाहिए। मोदी सरकार के ऐसे फैसले भारतीय लोकतंत्र पर धब्बा हैं।

उन्होंने कहा, वे अयोध्या मामले में फैसला देने वाली पीठ के सदस्य थे। 26 दिसंबर, 2021 को हैदराबाद में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की बैठक में भी उन्होंने हिस्सा लिया था, जिसके बाद विवाद हुआ था। यह परिषद संघ परिवार से जुड़ी हुई है। ऐसे कई पद हैं जिन पर सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जजों की ही नियुक्ति हो सकती है। नेशनल कंपनी लॉ एपीलेट ट्राइब्यूनल के चेयरपर्सन जस्टिस अशोक भूषण हैं जिनकी नियुक्ति पर कोई विवाद नहीं हुआ था। लेकिन कई लोगों का मानना है कि गवर्नर राजनीतिक पद है और इस पर पूर्व जज की नियुक्ति से बचा जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में एक अधिवक्ता का कहना है कि हमारी अदालतों में सरकार ज्यादातर मामलों में एक पार्टी होती है, ऐसे कई तरीके हैं जिनके जरिए न्यायपालिका को कार्यपालिका के नियंत्रण से स्वतंत्र रखा जाना चाहिए ताकि दोनों की शक्तियों के बीच में जो विभाजन है वह बना रहे और सरकार और सत्ताधारी दल के पास उन संस्थानों पर प्रभाव दिखाने का मौका न हो जिनका काम सरकार पर निगरानी रखना है। रिटायरमेंट के बाद, खास तौर पर गवर्नर जैसे पद पर नियुक्तित को लेकर सवाल उठेंगे ही क्योंकि ये एक राजनीतिक पद है।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े का भी मानना है कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जजों की राजनीतिक नियुक्ति से न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सवाल तो उठता ही है। संजय हेगड़े कहते हैं, हालांकि ये पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट के किसी रिटायर्ड जज को राज्यपाल बनाया गया है. साल 2014 में पी सदाशिवम को केरल का राज्यपाल बनाया गया था. उनकी नियुक्ति के बाद भी सवाल उठे थे। 2014 में लिखे एक लेख में संजय हेगड़े ने कहा था, निष्पक्ष न्यायपालिका में जनता का विश्वास स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए अनिवार्य है. कई बार जनता के मन में ये सवाल आ सकता है कि जज रिटायरमेंट के बाद पद के ऑफर से प्रभावित हो सकता है।'

### जज पहले भी भेजे जाते रहे हैं राज्यसभा

भारत के 21वें चीफ जस्टिस रंगनाथ मिश्रा को कांग्रेस पार्टी ने साल 1998 में राज्यसभा भेजा था। जस्टिस रंगनाथ मिश्र राज्यसभा जाने वाले सुप्रीम कोर्ट के दूसरे जज थे। उनसे पहले जस्टिस बहारुल इस्लाम राज्यसभा सदस्य रह चुके थे। हालांकि बहारुल इस्लाम सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट का जज नियुक्त होने से पहले भी 1962 से 1972 के बीच कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा सदस्य रह चुके थे। जस्टिस बहारुल इस्लाम जनवरी 1983 में सुप्रीम कोर्ट के जज के पद से रिटायर हुए थे और उसी साल जून में कांग्रेस ने उन्हें फिर से राज्यसभा भेज दिया था। जस्टिस आरएम लोढ़ा ने कहा था कि रिटायर होने के बाद जजों के लिए दो साल का कूलिंग ऑफ पीरियड होना चाहिए।

रिटायर होने वाले जजों के कूलिंग ऑफ पीरियड को लेकर सवाल उठते रहे हैं। जस्टिस आरएम लोढ़ा ने अपने रिटायरमेंट के दिन भाषण में कहा था, जजों को कोई पद स्वीकार करने के लिए दो साल का कूलिंग ऑफ पीरियड होना चाहिए। हालांकि अक्तूबर 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने जजों के रिटायर होने के बाद पद स्वीकार करने के लिए कूलिंग ऑफ पीरियड निर्धारित करने से इनकार कर दिया था।

उस समय जस्टिस पी सदाशिवम के केरल का राज्यपाल पद स्वीकार करने के बाद जजों के पद स्वीकार करने को लेकर बहस छिड़ी थी। इस संबंध में दायर की गई जनहित याचिका को खारिज करते हुए तत्कालीन चीफ जस्टिस एचएल दत्ता की बेंच ने कहा था कि अदालत कूलिंग ऑफ पीरियड की ऐसी कोई सीमा निर्धारित नहीं कर सकती है। जनहित याचिका में मांग की गई थी कि किसी रिटायर जज को सरकारी पद पर नियुक्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट से सलाह-मशविरा किया जाना चाहिए।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 124(7) सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने वाले जजों को न्यायपालिका के क्षेत्र में कोई पद लेने से रोकता है। सुप्रीम कोर्ट के जज रिटायर होने के बाद किसी अदालत में वकालत भी नहीं कर सकते हैं।

साल 1958 में अपनी चौदहवीं रिपोर्ट में भारत के विधि आयोग ने जजों के रिटायर होने के बाद सरकारी पद लेने पर रोक की सिफारिश की थी, हालांकि इस सिफारिश को कभी लागू नहीं किया गया।